निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025 • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 331 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 2.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1905:** दक्षिण अफ्रीका में श्वेतों को मताधिकार मिला।
**1982:** दिल्ली में टेलीविजन पर पहली बार रंगीन प्रसारण की शुरुआत हुई।
**2005:** जापान में हुईं एक रेल दुर्घटना में तक़रीबन 100 लोगों की जान गई।
**2010:** भारतीय नौसेना ने पुराने हो चुके चेतक हेलीकाप्टरों की जगह नए लाइट यूटिलिटी हेलीकाप्टर खरीदने की प्रक्रिया शुरू की।

# प्रधानमंत्री ने तीन नवनिर्मित रेल लाइनों को किया राष्ट्र को समर्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मधुबनी जिला के लोहना में आयोजित कार्यक्रम से रेलवे की तीन नवनिर्मित रेल लाइनें राष्ट्र को समर्पित किया तथा बिहार को चार नई ट्रेनों की सौगात दी। जिन ट्रेनों को प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया उनमें जयनगर पटना नमो भारत रैपिड रेल और सहरसा लोकमान्य तिलक अमृत भारत एक्सप्रेस तथा दो पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। नमो भारत रैपिड रेल के बारे में विस्तार से बताते हुए रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने पत्रकारों को बताया कि दो शहरों के बीच तेज रफ्तार, आधुनिक सुविधाओं से युक्त रेल ट्रांसपोर्ट का सपना अब हकीकत बन गया है। नमो भारत रैपिड रेल अमृतकाल में भारतीय रेल के विकास का नया सारथी है। यह ट्रेन इंटरसिटी ट्रैवल के लिए देश के अंदरूनी इलाकों में स्थानीय लोगों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त सफर की गारंटी देती है। उन्होंने बताया कि नमो भारत रैपिड रेल मॉडर्न सुविधाओं से लैस है। यह इंटरसिटी ट्रेन जयनगर को पटना से जोड़ेगी। 16 कोच में 2 हजार से ज्यादा यात्री क्षमता के साथ इस ट्रेन का संचालन बिहार के विकास को नई रफ्तार देने वाली है। यह ट्रेन जयनगर से पटना के बीच मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, बेगूसराय, मोकामा और पटना जिला को कनेक्ट करेगी। अहमदाबाद-भुज के बाद यह देश की दूसरी 'नमो भारत' रैपिड रेल सेवा है। इससे दो शहरों के बीच न केवल दूरी कम होगी बल्कि बिहार के सपनों को भी नई उड़ान मिलेगी। नमो भारत रैपिड रेल

## बिहार को चार नई ट्रेनों की दी सौगात



तेज़ एक्सेलरेशन और आधुनिक ब्रेकिंग सिस्टम से लैस है। इसके दोनों सिरों पर ड्राइविंग कैब्स होने के कारण इसे टर्नअराउंड की ज़रूरत नहीं होगी, जिससे समय की बचत होगी। नमो भारत पूरी तरह से एयर कंडीशन्ड है और इसमें एर्गोनॉमिकली डिज़ाइन सीटें लगी हैं। ट्रेन में वैक्यूम आधारित मॉड्यूलर टॉयलेट, दिव्यांग अनुकूल शौचालय और डस्ट-प्रूफ सील्ड गैंगवे भी हैं, जिससे ट्रेन का सफर अधिक स्वच्छ, सुलभ और शांतिपूर्ण बनता है। इस ट्रेन की एक खासियत इसका 'कवच' सुरक्षा सिस्टम से लैस होना है। इसके हर कोच में सीसीटीवी कैमरे, फायर डिक्टेशन सप्रेशन सिस्टम और आपातकालीन टॉक-बैक सिस्टम सुरक्षित सफर का आश्वासन देते हैं। ट्रेन के कोच ऑटोमैटिक दरवाजों के साथ सेमी-परमानेंट कपलर्स से युक्त हैं, जो यात्रियों को झटके का अनुभव नहीं होने देते। इससे तेज गति का सफर सुगम और सुरक्षित रहता है। ट्रेन में रूट-मैप इंडिकेटर भी हैं, जो हर स्टेशन की जानकारी देंगे। यह सुविधा ओपन लाइन रेलवे में पहली बार दी जा रही है। आपातकालीन लाइटिंग, एलईडी लाइटिंग और अल्ट्रा मॉडर्न डिजाइन से यात्रियों को एक शांत और रोशनी से भरा माहौल मिलता है। सहरसा और लोकमान्य तिलक के बीच चलाई गई अमृत भारत एक्सप्रेस के बारे में बताते हुए रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक ने कहा कि अमृत भारत 2.0 ट्रेन भारतीय रेल की आधुनिक पहल है। यह ट्रेन आम यात्रियों को कम किराए में बेहतर सुविधा, आराम और स्वदेशी तकनीक का अनुभव देती है। इस ट्रेन को विशेष रूप से मिडिल क्लास और अंत्योदय के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके कोच पूरी तरह से भारत में बने हैं और आत्मनिर्भर भारत की भावना को और मजबूती देते हैं। अमृत भारत ट्रेन सुविधाजनक है। इसका लुक और डिज़ाइन भी अत्यंत आकर्षक है। ये किसी प्रीमियम ट्रेन जैसा अनुभव देती है। रेलवे की यह कोशिश है कि आम आदमी भी शान और आराम के साथ यात्रा कर सके और इसी सोच के साथ यह ट्रेन शुरू की गई है। पर्यावरण के प्रति सजगता, ऊर्ज़ा की बचत और यात्रियों की सुविधा-ये तीनों पहलू इस ट्रेन की पहचान हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### साधु दंपति की हत्या

**बेतिया (नबिटा ब्यूरो)।** वाल्मीकिनगर में शिव मंदिर के पुजारी और उनकी पत्नी की हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया गया। दोनों बुधवार से लापता थे। गुरुवार को दोनों के शव गंडक नदी में मिले हैं। मामला धनहिया रेता स्थित शिव मंदिर का है। मृतकों की पहचान सेवारत साधु बुधन महतो(70) और उनकी पत्नी भगवती देवी (65) के रूप में हुई है। दोनों के शव एक दूसरे से 500 मीटर दूर मिले हैं। शरीर पर गंभीर चोटें हैं। चेहरे पर पत्थर से वार किया गया है। साधु बुधन की बहू सीता देवी ने बताया कि बुधवार को मैं घर पहुंची तो मंदिर का दरवाजा खुला मिला। आमतौर पर दोनों सुबह जल्दी पूजा के लिए दरवाजा खोलते थे। दोनों नहीं मिले। गुरुवार सुबह दोनों के शव मिले।

### डंपर की चपेट में आने से छात्रा की मौत

**पाकुड़ (नबिटा ब्यूरो)।** फरक्का थानांतर्गत केदूयां के समीप एक आठ वर्षीय सुमैया खातून नामक छात्रा की मौत डंपर की चपेट में आने से हो गयी। घटना के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर मृतक छात्रा का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जंगीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया। हालांकि, स्थानीय लोगों व पुलिस की सूझ-बूझ के कारण परिचालन सुचारू करवाया गया। फरक्का थाने के आईसी नीलोत्पल मिश्र ने बताया कि आठ वर्षीय छात्रा सुमैया खातून के स्कूल जाने के दौरान एक डंपर के सामने अचानक आ जाने से वह बुरी तरह जख्मी हो गयी। अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

### भाभी से अवैध संबंध में देवर की हत्या

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डुमरिया इलाके में प्रेम प्रसंग के मामले में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के 48 घंटे के अंदर वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को पुलिस ने इसकी जानकारी दी। घटना सिंघपुर गांव में हुई थी। मृतक की पहचान सिंघपुर के रहने वाले 28 साल के सोनू ठाकुर के रूप में की गई है। हत्या का खुलासा करते हुए आज इमामगंज के एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि मृतक सोनू ठाकुर का उसके फुफेरे भाई की पत्नी से अवैध संबंध था, जो हत्या का कारण बना।


### हेरोइन के साथ दो भाई गिरफ्तार

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले की नुआंव पुलिस ने वाहन जांच के दौरान बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो सगे भाइयों को ढाई किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। हेरोइन की कीमत करीब ढाई करोड़ रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के दिलदारनगर थाना क्षेत्र के कुशी गांव के रहने वाले हैं। दोनों की पहचान रूपेश कुमार उर्फ रितेश कुमार और प्रमोद कुमार के रूप में हुई है।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को दी गयी श्रद्धांजलि

# आतंकी और उनके आकाओं को मिट्टी में मिला देंगे : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मधुबनी/पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार की धरती से आतंकियों को कड़ा संदेश दिया है। पहलगाम हमले के बाद राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर गुरुवार को मधुबनी पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि हम आतंकियों को चिन्हित करेंगे, खोजेंगे और हर एक आतंकी और उनके आका को सजा देंगे। उन्होंने कहा कि आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों के लिए प्रधानमंत्री ने मौन रखवाया। भाषण शुरू करने से पहले प्रधानमंत्री ने हाथ जोड़कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने आंख मूंदकर हाथ जोड़ते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत की। पीएम मोदी ने कहा कि अपनी बात प्रारंभ करने से पहले मैं आप सबसे प्रार्थना करना चाहता हूं, आप जहां हैं वहीं अपने स्थान पर बैठकर ही 22 अप्रैल को जिन परिवारजनों को हमने खोया है, उनको श्रद्धांजलि देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आंतिकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है उससे पूरा देश व्यथित है। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिन लोगों का अभी इलाज चल रहा है, वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई और किसी ने अपना जीवन साथी खोया है। उन्होंने पूरी दुनिया को बिहार की धरती से संदेश देते हुए अंग्रेजी में कहा कि बिहार की धरती से ऐलान करता हूं कि हम आतंकियों को चिन्हित करेंगे, खोजेंगे और हर एक आतंकी और उनके आका को सजा देंगे। साथ ही भारत पर हुए इस आतंकी हमले के समय दुनिया के जिन देशों की ओर से भी सहानुभूति का संदेश आया उन सबके लिए पीएम मोदी ने आभार जताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों की गोली से मौत के शिकार हुए लोगों में कोई बांग्ला, कोई कन्नड़, कोई मराठी तो कोई गुजराती था तो कोई बिहार का लाल था। आज उन सभी लोगों की मृत्यु पर कारगिल से लेकर कन्याकुमारी तक हमारा दुख एक जैसा है, हमारा आक्रोश एक जैसा है।

# लातेहार में तीन इनामी नक्सलियों ने किया सरेंडर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** नक्सली संगठन जेजेएमपी के तीन इनामी नक्सलियों ने गुरुवार को लातेहार एसपी कुमार गौरव और सीआरपीएफ के कमांडेंट याद राम बुनकर के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में लातेहार जिले के बालूमाथ थाना अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव के रहने वाले नक्सली पलेंद्र भोक्ता, प्रमोद गंझू और तुलसी गंझू शामिल हैं। तीनों के ऊपर एक-एक लाख रुपए इनाम भी घोषित है। एसपी कुमार गौरव और कमांडेंट ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही नक्सलियों को इनाम की राशि का चेक भी दिया गया। वहीं एसपी ने क्षेत्र में सक्रिय अन्य नक्सलियों को भी कहा है कि नक्सली आत्मसमर्पण करें। दरअसल तीनों नक्सली पिछले कई वर्षों से लातेहार जिले के अलावा आसपास के जिलों में सक्रिय थे। इनके खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्र में कई मामले दर्ज हैं। तीनों नक्सली पहले टीएसपीसी नक्सली संगठन के साथ जुड़े हुए थे। परंतु बाद में तीनों टीएसपीसी नक्सली संगठन को छोड़कर जेजेएमपी नक्सली संगठन के साथ जुड़ गए। सरकार ने तीनों के ऊपर 1 लाख रुपए इनाम भी घोषित किया। इधर पुलिस के द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे लगातार अभियान से नक्सलियों का संगठन भी काफी कमजोर हो गया। कई नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया तो कई नक्सली मुठभेड़ में मारे गए। पुलिस की लगातार बढ़ रही दबिश को देखते हुए तीनों नक्सलियों ने आत्मसमर्पण करने की योजना बनाई। झारखंड सरकार के आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर नक्सलियों ने गुरुवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। लातेहार एसपी कार्यालय के सभागार में आयोजित समारोह में नक्सलियों को एसपी कुमार गौरव और सीआरपीएफ कमांडेंट यादराम बुनकर ने माला पहनाकर स्वागत किया। तीनों को इनाम की राशि का चेक भी दिया गया। इधर एसपी कुमार गौरव ने बताया कि तीनों नक्सलियों के खिलाफ नक्सली हिंसा के मामले दर्ज हैं।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद हजारीबाग पुलिस अलर्ट पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश भर में सुरक्षा व्यवस्था अलर्ट मोड में है। हजारीबाग में भी पुलिस अलर्ट है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि यह घटना बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सभी थानों को अलर्ट मोड में रखा गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि विशेष कर सोशल मीडिया पर पैनी नजर बनाए हुए है। एसपी ने बोकारो की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि अगर हजारीबाग से कोई भी व्यक्ति आपत्तिजनक पोस्ट करेगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि पहलगाम में हुई घटना का हजारीबाग से कोई कनेक्शन नहीं है। इस घटना में कोई भी संदिग्ध आतंकवादी का हजारीबाग से संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि घटना को देखते हुए हर एक बिंदु पर विशेष रूप से नजर रखी जा रही है। उतरी छोटानागपुर प्रमंडलीय मुख्यालय हजारीबाग से आतंकियों का दो दशक से भी पूर्व का संबंध रहा है। देश में हुए कई बड़े आतंकी घटनाओं में हजारीबाग का नाम सामने आया और यहां से आतंकी पकड़े भी गए। पहली बार 2002 में हजारीबाग सुर्खियों में आया था, जब कोलकाता के अमेरिकन सेंटर पर आतंकी हमला हुआ था। अंतिम बार 2017 में हजारीबाग का आतंकी कनेक्शन मामला सामने आया था। उस समय रोहिंग्या मामले में युवाओं को भड़काने और मिजोरम-मणिपुर में आतंकवादी संगठन अल कायदा का बेस कैंप बनाने की तैयारी में जुटे संदिग्ध आतंकवादी का झारखंड कनेक्शन सामने आया है।

# जनता को जहर पिलाने का काम नहीं करें : अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गिरिडीह।** झारखंड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा गिरिडीह औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया। समिति के अध्यक्ष सह सारठ विधायक उदय शंकर सिंह की अध्यक्षता में समिति गुरुवार की दोपहर औद्योगिक क्षेत्र पहुंची। समिति यहां सबसे पहले चतरो स्थित बाल मुकुंद फैक्ट्री पहुंची। यहां अंदर प्रदूषण की स्थिति देखने के बाद समिति सीधे उसरी नदी पहुंची। यहां देखा कि नदी में कुआं खोदा जा रहा है। कुआं खोदने का काम फैक्ट्री के द्वारा ही किया जा रहा है। ऐसे में समिति के अध्यक्ष ने सबसे पहले मौके पर मौजूद फैक्ट्री प्रबंधन से जुड़े परशुराम तिवारी और विवेक मुखर्जी से पूछताछ की। समिति अध्यक्ष ने कहा कि किसके आदेश पर नदी में कुआं खोदने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कुआं खोदा जा रहा है तो कितने गांव वालों को इसका लाभ मिलेगा। इसपर फैक्ट्री प्रबंधन से जुड़े विवेक मुखर्जी ने कहा कि विभाग से आदेश मिलने के बाद ही खुदाई का काम किया जा रहा है। समिति ने इस काम को तुरंत बंद करते हुए कहा कि जनता को जहर पिलाने का काम नहीं करें। इस दौरान फैक्ट्री के अंदर कितनी बोरिंग करवायी गई है उसकी भी रिपोर्ट मांगी गई। जांच के बाद अध्यक्ष उदय शंकर सिंह ने कहा कि क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त करना उद्देश्य है। नदी को प्रदूषित किया जा रहा है, यह गंभीर मामला है। समिति अध्यक्ष ने कहा कि सभी गड़बड़ी को दुरुस्त किया जाएगा और लोगों को प्रदूषण से मुक्ति दिलवायी जाएगी।

### सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का आरोपित गिरफ्तार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और डीजीपी झारखंड के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक को रामगढ़ पुलिस ने रांची पुलिस के सहयोग से रांची के मोरहाबादी मैदान से गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस के द्वारा युवक से पूछताछ की जा रही है। रांची के सदर डीएसपी संजीव बेसरा ने बताया कि सुमन सौरभ नाम के एक युवक ने सीएम, उनकी पत्नी और झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। जिसके खिलाफ रामगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया है। युवक को रांची के मोरहाबादी मैदान से गिरफ्तार कर रामगढ़ पुलिस अपने साथ लेकर चली गई है।

# झारखंड में बढ़ा गर्मी का प्रकोप, स्कूलों के समय में हुआ बदलाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड में गर्मी के प्रकोप को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया गया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने गुरुवार 24 अप्रैल को इसका आदेश जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि झारखंड में चलने वाली सभी श्रेणी के स्कूल सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त/गैर हायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी प्राइवेट स्कूलों में अगले आदेश तक के लिए केजी से 8वीं तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11:30 बजे तक संचालित होंगी। नौवीं से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 12 बजे तक चलेंगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के आदेश में यह भी कहा गया है कि निजी विद्यालयों का संचालन संबंधित स्कूल के दिशा-निर्देश के अनुरूप आरटीआई अधिनियम एवं प्रबंधन के प्रावधानों के तहत होंगे। शिक्षा विभाग का यह आदेश 26 अप्रैल से लागू होगा। झारखंड में अभी मौसम शुष्क है। चिलचिलाती गर्मी का लोगों को सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने कहा है कि 25 अप्रैल को दक्षिणी झारखंड (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और सिमडेगा) के साथ-साथ उत्तरी-पूर्वी भागों (देवघर, दुमका, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज, गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिले) में कहीं-कहीं पर गर्म और उमस का एहसास होगा। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। रांची का अधिकतम तापमान शुक्रवार को 39 डिग्री सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है। यहां का न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेंटीग्रेड रह सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड का सबसे अधिक उच्चतम तापमान डालटेनगंज में 43 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री गुमला में रहा।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग में फंसे संजीव हंस और गुलाब पर स्पेशल कोर्ट ने लिया संज्ञान

## 30 अप्रैल को सुनवाई

**पटना, एजेंसी।** पीएमएलए की विशेष अदालत ने बुधवार को करोड़ो रुपए के धनशोधन मामले में आरोपी निलंबित आईएएस संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव समेत 33 आरोपियों और कंपनियों पर धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत संज्ञान लिया है। इसमें दस कंपनियां भी शामिल हैं। अदालत द्वारा ईडी की चार्जशीट पर लिए गए संज्ञान के बाद अब जल्द ही इस मामले की सुनवाई शुरू होगी। इस मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल को विशेष अदालत में होगी। करोड़ों रुपए के धनशोधन मामले में ईडी ने आईएएस संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव समेत 23 आरोपी और दस कंपनियों के खिलाफ विशेष अदालत में चार्जशीट दायर किया था। दोनों मामले में ईडी ने संजीव हंस, पूर्व विधायक गुलाब यादव, विपुल बंसल, प्रवीण कुमार, उत्तम कुमार डागा, शदाब खान, प्रदीप कुमार, कमलाकांत गुप्ता समेत समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत संज्ञान लिया है। इसके अलावे विशेष अदालत ने इस मामले में शामिल दस कंपनियों पर संज्ञान लिया है।





## ईडी ने दो मामले दर्ज किए हैं

करोड़ों रुपए के धनशोधन मामले में ईडी ने दो अलग-अलग मामले दर्ज किए है। ईडी ने अपने जांच में पाया था कि आरोपी आईएएस संजीव हंस जब उर्जा विभाग के प्रधान सचिव और मेसर्स बीएसपीएचसीएल के सीएमडी थे, तभी अपने पद का जमकर दुरुपयोग किया। आरोप है कि इस दौरान ठेकेदार और कंपनी के माध्यम से करोड़ो रुपए आय से अधिक अर्जित की गई। वर्ष 2022 -2023 में 997 करोड़ और 2850 करोड़ का राज्य में उपभोक्ताओं के लिए 33 लाख स्मार्ट मीटर धूत इंफ्रास्टक्चर कंपनी को ठेका दिया था। इसके अलावा उर्जा विभाग से कई कंपनियों को करोड़ो रुपए का काम दिया गया था। जिसके एवज में कंपनियों से निजी लाभ लिया गया।

## हंस की पत्नी की कंपनी के नाम सीएनजी स्टेशन

ईडी की जांच में यह भी बात आयी कि आईएएस संजीव हंस की पत्नी मोना हंस एक कंपनी की मालिक हैं। इसी कंपनी के नाम पर सीएनजी स्टेशन चलता है। इस कंपनी के खाता में पूर्व विधायक गुलाब यादव ने लाखों रुपए जमा किए थे। संजीव हंस की पत्नी और गुलाब यादव संयुक्त संयुक्त रूप से इस कंपनी का संचालन करते हैं। ईडी ने दिल्ली, पुणा, कोलकाता, पटना समेत कई ठिकानो पर छापामारी की थी। जिसमें करोड़ रुपए की चल-अलच संपत्ति के दस्तावेज मिले थे। ईडी धनशोधन एक्ट के तहत मुकदमा संख्या इसीआइ 04 / 2024 दर्ज कर जांच कर रही है। वहीं, अदालत में यह मामला पीएमएलए वाद संख्या 10/2024 और विशेष वाद संख्या 5 /2025 के रूप में दर्ज है।

# नीतीश के मंत्री पर फूटा वक्फ कानून का गुस्सा, जमा खान के काफिले पर हमला

## 10 पर नामजद एफआईआर



**भभुआ, एजेंसी।** बिहार के भभुआ शहर के एकता चौके पास बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमा खां के काफिला पर हमला कर गाड़ी का झंडा खींचने वाले दस नामजद सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ नगर थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उक्त मामले में नगर थाना के परिक्ष्यमान पुलिस अवर निरीक्षक प्रदीप कुमार के बयान पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दर्ज कराए गए मुकदमा में कहा गया है कि वक्फ संशोधन बिल के विरुद्ध शहर में निकाले गए जुलूस का वह स्कॉट कर रहे थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे एकता चौक से जुलूस गुजर रहा था। इसी दौरान अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमा खां का काफिला गुजर रहा था। जुलूस में शामिल लोगों द्वारा मंत्री मुर्दाबाद का नारा लगाया गया। उनके काफिला को रोकने का प्रयास किया जाने लगा। भीड़ में से एक व्यक्ति द्वारा गाड़ी में लगे झंडा को खींच लिया गया। उक्त बातों की जानकारी वीडियो के माध्यम से मिली।

जुलूस के लाइसेंसधारी दुर्गावती थाना क्षेत्र के छाता गांव निवासी मो. हनीफ खान, मोकरी के परवेज अंसारी, भभुआ वार्ड 10 के जाकिर हुसैन, भभुआ वार्ड नौ के मो. इमामुद्दीन, चैनपुर वार्ड 13 के बिउर निवासी एसएफ सिद्दीकी, भभुआ वार्ड 24 के मो. साहिल खान, मोहनियां के अधिवक्ता सुरेश प्रसाद, भभुआ वार्ड 22 के मो. एजाज अंसारी, पलका के सैफ अली व मोकरी के इम्तेयाज अंसारी एवं कुछ अज्ञात लोगों द्वारा लाइसेंस शर्तो का उल्लंघन किया गया। आवेदन में लिखा गया है कि सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किया गया। मंत्री के काफिला पर हमला किया गया, जो संज्ञेय अपराध हैं।

पुलिस अफसर के आवदेन पर नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने दस नामजद सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की ओर से कहा गया है कि मामले के आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। घटना के पीछे साजिश करने वालों को भी नहीं छोड़ा जाएगा



# मिट्टी लेने गई 5 बच्चियां डूबीं, 3 की मौत

## सीतामढ़ी में पोखर के पास गई थी सभी, गोताखोर ने लाशों को निकाला

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी में बुधवार को तीन लड़कियों की मौत हो गई। दो की जान बचाई गई है। घटना जिले के बाजपट्टी थाना क्षेत्र के पचड़ा निमाही पंचायत के कंचन पुर वार्ड नंबर-11की है। लड़कियां बुधवार को करीब 3.30 बजे गांव के पोखर से मिट्टी लाने के लिए घर से निकली। मिट्टी लाने के लिए दो अन्य लड़कियां भी उसके साथ गई। इसी दौरान गांव निवासी रविंद्र राय की 8 साल की बेटी मृतका नंदिनी कुमारी का पैर फिसल गया। वह गहरे पानी में चली गई। इसी दौरान एक-एक कर एक दूसरे को बचाने के चक्कर में पांच बच्चियां पोखर में डूब गई। दो लड़कियां किसी तरह जान बचाकर बाहर निकल गई। तीन बच्चियों का डूबकर जान चली गई।

## गोताखोर के सहयोग से लाश को निकाला

घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को लगी, ग्रामीण मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोर के सहयोग से तीनों लाश को बाहर निकाला। ग्रामीण ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर बाजपट्टी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल भेज दिया है।

घटना के बाद से इलाके में कोहराम मचा हुआ है। एक साथ एक गांव से तीन बच्ची की मौत ने सब को झकझोर कर रख दिया है। मृतकों की पहचान आरती कुमारी (13), पिता उमा राय, नंदिनी कुमारी (8), पिता रविन्द्र राय, सुधा कुमारी (9), पिता मिथुन राय, के रूप में की गई है। दो अन्य जख्मियों में ऋतु और प्रियांशी कुमारी शामिल है। घटना के संबंध थाना की पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों के सूचना पर घटनास्थल पहुंच मामले की जांच की गई है।

शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दारोगा पंकज कुमार ने कहा कि 5 बच्ची मिट्टी लेने के लिए गई थी। जिसमें 3 की मौत हो गई है। एक को बचाने के लिए सभी डूब गई। आगे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बहूभोज में विवाद के बाद 5 लाख के जेवर लूटे : सीवान में बदमाशों ने की हवाई फायरिंग

**सीवान, एजेंसी।** सीवान के जीबी नगर थाना क्षेत्र के कर्णपुरा गांव में बुधवार को बदमाशों ने लूटपाट की। करीब दो दर्जन बदमाशों ने राहुल कुमार साह के घर में घुसकर 5 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात लूट लिए। बदमाशों ने आठ राउंड फायरिंग कर पूरे गांव में दहशत फैला दी। घटना के दौरान बदमाशों ने घर के बाहर रखी दो बाइक, टेंट का सामान और कुर्सियां भी तोड़ दीं। बदमाश हथियार लहराते हुए फिल्मी अंदाज में फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही जीबी नगर थाना, गोरियाकोठी थाना, महाराजगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीपीओ महाराजगंज और एसडीपीओ सदर सीवान भी जांच में जुट गए।

## 8 महीने में दूसरी बार बैंक मैनेजर के घर चोरी :

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी के पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के पंडितपुर गांव में PNB कुशीनगर के ब्रांच मैनेजर नारायण प्रसाद के घर चोरी हुई है। यह आठ महीने में दूसरी बार है जब उनके घर को चोरों ने निशाना बनाया है। नारायण प्रसाद की मां लक्ष्मी देवी गोपालगंज में अपने बड़े बेटे के पास गई थीं। इसी दौरान ग्रामीणों ने फोन कर चोरी की सूचना दी। घर पहुंचने पर सारा सामान बिखरा मिला। डायल 112 पर सूचना देने के बाद पुलिस आई और जांच कर चली गई। लक्ष्मी देवी ने बताया कि इस बार चोर करीब 5 लाख रुपए के गहने और 70 हजार रुपए कैश लेकर गए। पिछली बार चोरी 26 सितंबर 2024 को हुई थी। तब ज्यादा नुकसान नहीं हुआ था, लेकिन पहली चोरी के अपराधियों को पुलिस अभी तक पकड़ नहीं पाई है।

**ग्रामीणों में पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ नाराजगी :** पकड़ीदयाल थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच चल रही है और जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस चोरी की घटनाओं पर काबू पाने में नाकाम है।

## पहलगाम हमले के बाद ऐक्शन

# महावीर मंदिर, बुद्धा स्मृति और इको पार्क, पटना में हर जगह कड़ी सुरक्षा

**पटना, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पटना की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों के अलावा पर्यटकों की भीड़ वाले स्थानों पर पुलिस को अलर्ट रहने को कहा गया है। एसएसपी अवकाश कुमार ने सभी जगहों की सुरक्षा व्यवस्था का आकलन करने के निर्देश दिये हैं। एएसपी व डीएसपी रैंक के अधिकारी इन जगहों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था की जांच कर उसकी रिपोर्ट पुलिस कप्तान को देंगे। जहां जरूरत होगी वहां अधिक जवानों की तैनाती होगी। पटना जंक्शन स्थित हनुमान मंदिर, बुद्धा स्मृति पार्क, तख्त श्री हरमंदिर साहिब जी, ईको पार्क समेत अन्य स्थानों की सुरक्षा को लेकर गंभीरता बरती जा रही है।

### पुलिस के कमांडो भी तैनात होंगे

पटना पुलिस के कमांडो ट्रेनिंग वाले जवानों को भी महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किया जाएगा। वहीं, सभी थानेदारों को रात में भी पुलिस को गश्त करते समय संदिग्धों पर नजर रखने के निर्देश दिये गए हैं। लॉज और होटलों में भी जांच की जा रही है। किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि मिलने पर वरीय अधिकारियों को सूचना देने के लिए कहा गया है।



### देर शाम वाहनों की सघन जांच

बुधवार की शाम पटना के सभी थाना इलाकों में वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान सभी सिटी एसपी, डीएसपी और थानेदार भी राजधानी की सड़कों पर मौजूद थे। आयकर गोलंबर, डाकबंगला चौराहा, जेपी गंगा पथ, नेहरू पथ, एनआईटी मोड़, कंकड़बाग, करबिगहिया जैसे इलाकों में वाहनों की सघन जांच की जा रही थी।



# बांका का टॉप 10 अपराधी मो. तसलीम गिरफ्तार: 25 हजार रुपए का था इनाम

दिल्ली से लौटने के दौरान भागलपुर-बांका मेन रोड से पुलिस ने दबोचा

**बांका, एजेंसी।** बांका पुलिस ने जिले के टॉप 10 अपराधियों में शामिल मो. तसलीम को गिरफ्तार किया है। वह अमरपुर शहर के वार्ड नंबर 5 का निवासी है। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम, घोषित था। तसलीम लंबे समय से फरार था। वह मिथुन यादव गिरोह का सदस्य है। उसके खिलाफ अमरपुर थाना में तीन केस दर्ज हैं। इनमें रंगदारी, डकैती और अवैध हथियार रखने के मामले शामिल हैं। गिरफ्तार अपराधी पुलिस मुख्यालय के श्रेणी 4 के कुख्यात अपराधी में शामिल था। इसके अलावा एक वांछित अभियुक्त अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया गया। बांका पुलिस और STF टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। DSP विपिन बिहारी ने इसकी जानकारी दी है।

DSP विपिन बिहारी ने बताया कि तसलीम वर्ष 2020 और 2021 में इस क्षेत्र का कुख्यात अपराधी था। वह पुलिस मुख्यालय की श्रेणी चार की सूची में शामिल है। उसके खिलाफ वर्ष 2020 में एक और 2021 में दो मामले दर्ज हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि वह दिल्ली से अमरपुर आ रहा है। एसपी अनंतनाथ वर्मा के निर्देश-एसटीएफ और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई गई। अमरपुर थानांतर्गत भागलपुर से बांका जाने वाली मुख्य सड़क पर उसे गिरफ्तार किया गया।

### आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज हुआ था केस

इसके अलावा पुलिस ने सजौर थाना क्षेत्र के रविचक रतनगंज निवासी अभिषेक कुमार को भी पकड़ा है। उसके खिलाफ वर्ष 2024 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था। एसडीपीओ ने तसलीम की गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी सफलता बताया। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बांका विपिन बिहारी, अमरपुर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार झा, पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार, विक्की कुमार और स्ज्ञस्न की विशेष टीम शामिल थी।

# एक की मौत का बदला 100 आतंकियों से लेना चाहिए: सांसद देवेश चंद ठाकुर

## बोले- निहत्थे सैलानियों की हत्या, सुरक्षा एजेंसी की चूक



**सीतामढ़ी, एजेंसी।** कश्मीर में हुए आतंकी हमले पर सीतामढ़ी के सांसद देवेश चंद ठाकुर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सरकार से निहत्थे लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सांसद ने कहा कि एक भारतीय की मौत का बदला 100 आतंकियों से लिया जाना चाहिए। उन्होंने इस घटना को अमानवीय बताते हुए कहा कि आतंकियों ने धर्म पूछकर निहत्थे सैलानियों की हत्या की। यह घटना किसी भी तरह से बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। खुफिया विभाग पर सवाल उठाते हुए ठाकुर ने कहा कि यह उनकी बड़ी चूक है। आतंकी सरहद पार से आए और इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दे गए। उन्होंने इस मामले की पूरी जांच की मांग की है। सांसद ने कहा कि भारतीय शांतिप्रिय लोग हैं। लेकिन आतंकवादियों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि इस हमले में शामिल सभी आतंकियों को मार गिराया जाए। तभी मृतकों के परिवारों को न्याय मिलेगा।

### आतंकवादी को चुन-चुन कर मारे

सांसद ने कहा कि आतंकवादियों ने ऐसी घटना को अंजाम दिया गया है। वैसे आतंकवादियों को चुन-चुन कर मारना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे देश का खून खौल रहा है। उन्होंने खुफिया विभाग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि कहीं ना कहीं खुफिया विभाग की भी बड़ी चूक है। वह लोग सरहद पार करके आए हैं और ऐसी घटना को अंजाम दिए। इसलिए इस घटना की पूरी जांच होनी चाहिए। यह लोग भरोसे के नहीं है। इन लोग से अपेक्षा नहीं किया जा सकता कि इस तरीके के घिनौने काम को वह लोग बंद करेंगे। इस लिए सरकार से जल्द से जल्द बदला ले। जो भी आतंकी इसमें संलिप्त हैं उन्हें मार गिराया जाए। तभी समझेंगे कि हमारे देश के लोगों और मृतकों के परिवार का बदला लिया गया है। ऐसी घटना क्यों हुई क्यों निहत्थे लोगों को मारा गया। इसकी पूरी तरीके से सत्यता के साथ जांच होनी चाहिए। आम नागरिकों के साथ सैलानियों के साथ इस तरीके की घटना को अंजाम दिया गया है।


# बिहार के 4 जिलों में लू का येलो अलर्ट, गर्मी से राहत 27 से मिलेगी



**पटना, एजेंसी।** बिहार के चार जिला गुरुवार को लू की चपेट में रहेंगे। वहीं दक्षिण बिहार के साथ ही उत्तर-मध्य भाग के जिलों में भीषण गर्मी जारी रहेगी। 26 अप्रैल को पांच जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात और आंधी की चेतावनी है। इसकी गतिविधि में बढ़ोतरी होने से 27 अप्रैल से एक बार फिर गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। वहीं बुधवार को पछुआ में नमी नहीं रहने के कारण राज्य के सर्वाधिक अधिकतम तापमान में 0.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई।

वहीं लोगों को वास्तविक तापमान का एहसास हुआ। 42.3 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म शहर लगातार दूसरे दिन गया रहा। मौसम विभाग ने गुरुवार को पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर और गोपालगंज जिले में लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं अगले दो दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होने के आसार हैं। न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। 26 अप्रैल को किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, सुपौल और कटिहार जिलों के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ तेज हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान हवा की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे रहने का पूर्वानुमान है।पटना सहित राज्य के 14 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार रहा। इस दौरान मंगलवार के मुकाबले बुधवार को राज्य के सर्वाधिक अधिकतम तापमान में 0.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। वहीं प्रदेश का सबसे गर्म शहर 42.3 डिग्री के साथ गया रहा। तो सबसे ठंडा शहर 21.3 डिग्री के साथ सीवान का जीरादेई रहा। इस दौरान राज्य का अधिकतम तापमान 35 से 42.3 और न्यूनतम तापमान 21.3 से 28.5 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया।

# न्यायिक अधिकारी के खाना में मिला कीड़ा: औरंगाबाद में केटरिंग एजेंसी पर होगी कार्रवाई



**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद के दानी बिगहा स्थित सर्किट हाउस में एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां ठहरे एक न्यायिक पदाधिकारी के भोजन में कीड़ा मिला। इस घटना से सर्किट हाउस में हड़कंप मच गया। न्यायिक पदाधिकारी ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने भोजन को जब्त कर थाने ले गए। वर्तमान में सर्किट हाउस में लगभग सात न्यायिक पदाधिकारी ठहरे हुए हैं। यह सभी हाल ही में हुए स्थानांतरण के बाद यहां आए हैं। इस घटना के बाद सर्किट हाउस में खाना प्रदान करने वाली केटरिंग एजेंसी पर कार्रवाई तय है।

### न्यायिक पदाधिकारी ने की लिखित शिकायत

न्यायिक पदाधिकारी ने इस संबंध में पुलिस को लिखित शिकायत दी है। हालांकि, अभी तक उनकी ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। यह घटना पूरे शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### अनाथ बच्ची तुलसी से मिले पटमदा सीओ, योजनाओं का लाभ मिलेगा



**पटमदा, एजेंसी।** पटमदा प्रखंड के लावा पंचायत के सिसदा गांव के आम बहाल टोला की दो वर्षीय बच्ची तुलसी सिंह के माता पिता का निधन हो जाने से बच्ची अनाथ हो गई है। इसकी जानकारी मिलने के बाद बुधवार को पटमदा सीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास तुलसी के घर पहुंचकर उसकी दादी से मिले। तुलसी को सरकारी लाभ देने के लिए सीओ ने कागजी प्रक्रिया शुरू कर दी है। गुरुवार को बच्ची का आधार कार्ड बनाया जाएगा।

### बरमसिया में किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले के धनसार थाना क्षेत्र के बरमसिया शनि मंदिर के निकट रहने वाले अनूप सिंह उर्फ बिट्टू की पुत्री प्रिया कुमारी (15) ने बुधवार की शाम अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों की सूचना पर धनसार थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया। गुरुवार को मृतका के शव का पोस्टमार्टम किया जायेगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतका के पिता चेन्नई में प्राइवेट नौकरी करते हैं। यहां परिवार किराये के मकान में रहता है। बुधवार को घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद प्रिया अपने कमरे को अंदर से बंद कर लिया। कुछ देर के मां ने उसे आवाज दिया तो उसने दरवाजा नहीं खोला। बाद में दरवाजा तोड़ा गया तो देखा कि प्रिया फंदे से झूल रही है।

### गैंगस्टर अमन साहू मुठभेड़ मामले में नया मोड़! अब सीआईडी ने केस को किया टेकओवर

**रांची, एजेंसी।** पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारीढोड़ा में 11 मार्च को मुठभेड़ में मारे गए गैंगस्टर अमन साहू के मामले में सीआइडी ने जांच शुरू कर दी है। सीआइडी ने चैनपुर थाने में तत्कालीन एटीएस के इंस्पेक्टर प्रमोद सिंह के बयान पर दर्ज प्राथमिकी को टेकओवर करते हुए सीआइडी थाने में नया केस दर्ज किया है और अनुसंधान शुरू कर दिया है। सीआइडी ने चैनपुर थाने में दर्ज केस की फाइल, संबंधित दस्तावेज आदि को भी अपने जिम्मे ले लिया है। अमन साहू उर्फ अमन साव मामले में उसकी मां ने झारखंड उच्च न्यायालय में शिकायत की है, जिसमें अभी सुनवाई नहीं हुई है। अमन साहू कुख्यात अपराधी था। रांची के एक केस में उसे झारखंड एटीएस की टीम छत्तीसगढ़ के रायपुर जेल से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर लौट रही थी। 11 मार्च की सुबह पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में अमन साहू ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की। उसने एक जवान का इंसास भी छीन लिया था और एटीएस के जवानों पर फायरिंग की थी। जवाबी कार्रवाई में वह मारा गया था। इस घटना में एटीएस का जवान भी जख्मी हो गया था।

### महिलाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पंचायती राज दिवस पर पंचायतों में हो रहे बदलाव की तस्वीर सामने आई है। शहर के आसपास के पंचायती राज के माध्यम से जन भागीदारी से कल्याण की दिशा में कार्य कर रहे हैं। इससे पंचायतों का विकास हुआ है और लोगों को सोचने समझने की प्रवृत्ति में भी बदलाव हुआ। महिलाओं को सशक्त बनाने की बात हो, बच्चों की शिक्षा हो, या फिर लोगों की आय बढ़ाने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। बड़ाबांकी के मुखिया राकेश मुर्मू अपने पंचायत को नशा मुक्त करने का अभियान चला रहे हैं तो पूर्वी हलुदबनी की मुखिया पानो मुर्मू महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का अभियान चला रही हैं। 4 गांव को नशा मुक्त किया, फलदार पौधे लगाए ताकि आय बढ़े बड़ाबांकी पंचायत के मुखिया राकेश मुर्मू ने नशा मुक्ति और पौधरोपण का अभियान चलाया है। एक साल में पंचायत के सात में से चार गांव पूरी तरह नशा मुक्त हो गए हैं। बाकी तीन गांवों में जागरूकता अभियान जारी है। महिलाओं को इस अभियान से जोड़ा गया है। हर दिन किसी न किसी इलाके में नशा के खिलाफ जागरूकता फैलाई जा रही है।

# झारखंड में 27 अप्रैल से बिगड़ेगा मौसम, 6 जिलों में तेज आंधी-बारिश की चेतावनी

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में तापमान दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। डाल्टेनगंज में सर्वाधिक 44 डिग्री सेल्सियस तक तापमान पहुंच चुका है जबकि खूंटी में सबसे कम 19.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

हालांकि, 28 अप्रैल से झारखंड के कई जिलों में तेज आंधी और बारिश की संभावना है। हम नीचे खबर में बताएंगे कि आखिर किन-किन जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी रांची में भी तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। ऐसे में स्कूली बच्चों समेत आमजनों की परेशानी बढ़ गई है। लोग तपती गर्मी से परेशान हो रहे हैं और बच्चे स्कूलों में छुट्टी के बाद सिर पर कपड़े रखकर या फिर छाते का प्रयोग कर घर तक पहुंच रहे हैं।

**सुबह 9 बजते ही चलना हुआ मुश्किल :** राजधानी रांची सहित पूरा झारखंड लू की चपेट में है। गर्म हवा के थपेड़ों से लोग झुलस रहे हैं। सुबह 9 बजते ही सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है। 11 बजते-बजते गर्म हवा बर्दाश्त के बाहर हो रही है। दोपहर 4 बजे तक मौसम की मार से जन-जीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम के इस लहजे को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। जिसमें कहा गया है कि एडवाइजरी में कहा गया है कि काम करने वाले जगह के पास ठंडा पीने का पानी उपलब्ध कराएं। कर्मचारियों को सीधे सूर्य की रोशनी से बचने के लिए सावधान करें। कठिन कामों को दिन के ठंडे समय में करने का समय निर्धारित करें।

**अनावश्यक धूप में बाहर निकलने से बचें :** वहीं हेल्थ को लेकर भी अलर्ट किया गया है जिसमें कहा गया है कि धूप में बाहर जाने से बचें। खासकर दोपहर 12 से तीन के बीच विशेष ध्यान रखें। दोपहर में बाहर जाते समय अधिक श्रम वाले कार्य



करने से बचें। नंगे पैर बाहर न जाएं। अत्यधिक गर्मी के दौरान खाना पकाने से बचें। खाना पकाने के क्षेत्र में पर्याप्त हवा आने के लिए दरवाजे और खिड़कियां खोलें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें। हाई प्रोटीन वाले भोजन करने से भी परहेज करें।वहीं 26 अप्रैल को दक्षिणी हिस्सों के अलावे उत्तर पूर्वी हिस्से यानी देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, धनबाद, गिरिडीह, जामताड़ा और साहिबगंज में हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी। साथ ही इन जिलों में मेघगर्जन के साथ साथ 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा के भी बहने की संभावना है। इन संभावनाओं को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं, 27 अप्रैल को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्सों के साथ साथ निकटवर्ती मध्य भाग यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी के साथ साथ दक्षिणी हिस्सों में कहीं कहीं मेघगर्जन के साथ साथ 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा बहने को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में बिजली गिरने को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है और मौसम विभाग ने आमजनों विशेषकर किसानों से खेत न जाने की सलाह दी है।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में अगले चार दिनों तक यानी 24 से 27 अप्रैल तक अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों तक यानी 28, 29 और 30 अप्रैल को तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की उम्मीद है।वहीं दूसरी ओर, झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में मौसम शुष्क बना रहा।

सबसे अधिक अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस डाल्टेनगंज का और सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री सेल्सियस खूंटी में रिकार्ड किया गया। वहीं राजधानी रांची का अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने राज्य में जारी भीषण गर्मी और हीटवेव की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार से स्कूलों के संचालन समय में तत्काल बदलाव की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों में तापमान खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि यह स्थिति स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है और बाहरी गतिविधियों को सीमित करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

हम सरकार से अपील करते हैं कि मौसम की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्कूलों का समय सुबह 6:30 बजे से 10:30 बजे तक कर दिया जाए, जिससे बच्चों को गर्मी की मार से राहत मिल सके। एसोसिएशन ने आग्रह किया है कि शिक्षा विभाग शीघ्र निर्णय लेकर स्कूल प्रबंधन को दिशा-निर्देश जारी करे, जिससे सभी विद्यालय समय पर आवश्यक व्यवस्था कर सकें।

### हजारीबाग में सरकारी राशि का गबन, बीडीओ ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**हजारीबाग, एजेंसी।** जिले में सरकारी राशि 23 लाख 80 हजार रुपया गबन के मामले में प्राथमिक की दर्ज की गई है. विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी ने एफआईआर दर्ज कराई है. जिले के ग्राम पंचायत अलपीटो विष्णुगढ़ प्रखंड में 15वें वित्त योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की गई थी. एमआईएस रिपोर्ट के आधार पर क्रियान्वित की गई सभी 16 योजनाओं में अनियमितता की बात सामने है. पेवर्स ब्लॉक पथ निर्माण, पुलिया निर्माण, श्मशान घाट निर्माण, चापानल की मरम्मती, जल नल कनेक्शन आदि योजनाओं में विभागीय दिशा निर्देशों की अवहेलना की गई है. इन योजनाओं में 23 लाख 80 हजार रुपए का अवैध रूप से भुगतान किया गया है।

गबन का मामला संज्ञान में आने पर विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार के द्वारा जांच क्रम में इस कार्य में संलग्न अलपीटो मुखिया सुमिता देवी, मुखिया पति धनेश्वर यादव, नारायण यादव, मुखिया का संबधी और तत्कालीन पंचायत सचिव सरयू पासवान की संलिप्तता पाई गई है. सभी योजनाओं का भुगतान अलग-अलग लाभुक समिति के नाम से होना था. प्रखंड विकास पदाधिकारी, विष्णुगढ़ ने इस पर कार्रवाई करते हुए अवैधकर्ताओं द्वारा सरकारी राशि का गबन एवं दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितता तथा सरकारी नियम परिनियम की अवहेलना, पद का दुरुपयोग करना, साक्ष्य मिटाना एवं अन्य अनियमितताओं के संदर्भ में भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत विष्णुगढ़ थाना में अभियुक्तों पर प्राथमिकी की दर्ज कराई गई है।

# इलाज के दौरान सीएचओ ज्योति महतो की रांची में मौत

## रुहीडीह आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ड्यूटी के दौरान हुआ था हमला

**रांची, एजेंसी।** जमशेदपुर के एमजीएम थानांतर्गत रूहीडीह स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) ज्योति महतो की इलाज के दौरान रांची में मौत हो गई। उन पर स्वास्थ्य केंद्र में अपराधियों ने जानलेवा हमला किया था। गंभीर स्थिति में ज्योति महतो को रांची के मेडिका हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ज्योति महतो की मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि ज्योति स्वास्थ्य विभाग की कर्मी थी। उनकी मौत से पूरा विभाग मर्माहत है। विभाग हर हाल में इस घटना में शामिल अपराधियों को सजा दिलाएगा। वहीं जो भी संभव होगा, ज्योति के परिजनों को मदद पहुंचाई जाएगी।

### क्या हुआ था शुक्रवार 18 अप्रैल की सुबह ज्योति महतो के साथ

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 18 अप्रैल की सुबह जमशेदपुर के एमजीएम थाना क्षेत्र के रुहीडीह स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर



की सीएचओ ज्योति महतो के ऊपर स्वास्थ्य केंद्र में ही हमला किया गया था। जिसमें जयोति महतो गंभीर रूप से घायल हो गईं थी। उन्हें गंभीर स्थिति में एमजीएम हॉस्पिटल ले जाया गया।

प्रारंभिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए टीएमएम भेज दिया। स्वास्थ्य मंत्री की पहल पर ज्योति को बेहतर इलाज के लिए टीएमएच से रांची के मेडिका हॉस्पिटल लाया गया था। सिर में तीन जगह गंभीर चोटें आने की वजह से ज्योति की स्थिति लगातार क्रिटिकल बनीं हुई थी और तमाम प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका।

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने दिया न्याय और सहायता का भरोसा

कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर ज्योति कुमारी महतो की इलाज के दौरान मौत की जानकारी देते हुए इरफान अंसारी ने बताया कि तमाम प्रयासों के बावजूद डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके और उनकी जान चली गई।

इस घटना के संबंध में आज झारखंड कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स संगठन की स्टेट प्रेसिडेंट सोनी प्रसाद और जनरल चीफ सच्चिदानंद कुमार ने मंत्री डॉ। इरफान अंसारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और पीड़िता के परिवार के लिए न्याय व सहायता की मांग की।

पूर्व विधायक और झामुमो नेता कुणाल षारंगी की उपस्थिति में स्वास्थ्य मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से मृतक सीएचओ के परिजन को हर संभव मदद दी जाएगी। जो भी इस निंदनीय घटना के लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है। स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार इस मामले में पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से कार्रवाई सुनिश्चित करेगी ताकि भविष्य में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना ना हो।

### देवघर के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा की मौत पर बवाल, वार्डन पर गंभीर आरोप

**देवघर, एजेंसी।** झारखंड के देवघर जिले के देवीपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की एक छात्रा की मौत के बाद वार्डन के खिलाफ छात्राओं और अभिभावकों ने बुधवार को मोर्चा खोल दिया। मृतका के परिजनों के साथ विद्यालय की छात्राओं ने वार्डन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि बेटी की बीमार होने की खबर पर वे विद्यालय पहुंचे थे। आरोप है कि वार्डन द्वारा पहले तो छात्रा से मिलने नहीं दिया गया। बाद में जब छात्रा की हालत गंभीर हो गयी तो परिजनों को उसे घर ले जाने का आदेश दिया गया, लेकिन रास्ते में ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। मौत से आक्रोशित परिजनों ने जमकर बवाल काटा।

छात्रा सातवीं कक्षा में पढ़ाई करती थी। बच्ची की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों द्वारा न्याय की गुहार लगायी गयी। घटना की सूचना पर जब जिला शिक्षा पदाधिकारी बिनोद कुमार विद्यालय पहुंचे तो बच्चियों ने कई बड़े खुलासे किए। बच्चियों ने बताया कि वार्डन द्वारा छात्राओं से खाना बनाने से लेकर टॉयलेट तक साफ कराया जाता है। पूरे मामले को लेकर




प्रशासनिक जांच जारी है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी बिनोद कुमार ने बताया कि मंगलवार की शाम में बच्ची की तबीयत खराब हुई थी। फिर रात में वह हल्का फुल्का खाना खाकर सो गयी। सुबह भी तबीयत खराब होने लगी, तो छात्रा को अभिभावक के साथ इलाज के लिए भेज दिया, लेकिन जब छात्रा को लेकर वे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सक ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुरोध पर मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की जा रही है। अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए विद्यालय से तत्काल वार्डन पिंकी कुमारी समेत सभी कर्मियों को हटाया जा रहा है। जांच कमेटी की रिपोर्ट पर आगे की कार्रवाई संभव है।

### अबुआ आवास के करोड़ों रुपये आ गए, देखिए किस प्रखंड में कितनों को मिलेगा लाभ

**देवघर, एजेंसी।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना के लाभुकों को आवास निर्माण में परेशानी नहीं हो। इस बाबत किस्त की राशि निर्धारित अवधि में दी जा रही है।

वर्ष 2023-24 के लिए द्वितीय एवं तृतीय किस्त मिलाकर तकरीबन 2.85 करोड़ रुपया निर्गत किया जा रहा है। उपायुक्त विशाल सागर ने इसकी स्वीकृति दे दी है। दूसरी किस्त में देवीपुर प्रखंड में सात, करौं सात, मधुपुर 12, मारगोमुण्डा छह, मोहनपुर चार, पालोजोरी पांच, सारठ 28, सारवां 13 एवं सोनारायठाढ़ी के दो लाभुकों के लिए स्वीकृत किया गया है। यह राशि 42 लाख है। तीसरी किस्त में 243 लाभुकों के लिए 2.43 करोड़ राशि स्वीकृत की गयी है। इसमें देवीपुर प्रखण्ड में आठ, देवघर 36, मधुपुर 57, मारगोमुंडा छह, मोहनपुर 17, पालोजोरी में 13, सारठ 72, सारवां 23 एवं सोनारायठाढ़ी के 11 लाभुक शामिल हैं।इसी प्रकार योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौथी किस्त में देवघर में 33, मधुपुर प्रखंड में पांच एवं मोहनपुर में तीन लाभुकों के लिए राशि दी गयी है।वितीय वर्ष 2024-25 के द्वितीय किस्त में नये एवं लंबित रहे लाभुकों के लिए भी राशि स्वीकृत की गयी है।

### कांग्रेस का संविधान बचाओ अभियान 40 दिन देशभर में चलेगा आंदोलन

**रांची, एजेंसी।** कांग्रेस ने संविधान बदलने के कथित अभियान के खिलाफ 40 दिवसीय राष्ट्रीय आंदोलन के द्वारा संविधान बचाओ अभियान चलाने का निर्णय लिया है। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में यह फैसला किया गया। इसके तहत 20 से 30 मई तक संविधान की प्रति लेकर घर-घर संपर्क अभियान चलाएगी।

25 से 30 अप्रैल तक राज्य स्तरीय, तीन से 10 मई तक जिला स्तरीय और 11 मई से 17 मई तक विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली होगी। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के। राजू ने कहा कि कांग्रेस अधिवेशन में पारित न्याय पथ के प्रस्तावों को हमें जनता के बीच ले जाना है। संविधान बचाओ अभियान के माध्यम से हम जनता को सच्चाई बताएंगे कि किस तरह और किन समुदायों को किस स्तर पर टारगेट कर भाजपा द्वारा कार्रवाई की जा रही है। भारत के लोगों को लोकतंत्र और चुनाव पर भरोसा है। यहां न्यायपालिका, चुनाव आयोग स्वतंत्र है, लेकिन इस पर मोदी सरकार वर्चस्व जमाने की कोशिश कर रही है। बैठक में कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद, मंत्री राधाकृष्ण किशोर, दीपिका पांडेय सिंह, डॉ। इरफान अंसारी, विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, ममता देवी, राजेश कच्छप, सुरेश बैठा, कुमार जयमंगल, बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, सुबोधकांत सहाय, राजेश ठाकुर, प्रदीप बलमुचु, राकेश सिंह, संजय पांडेय, लाल किशोरनाथ शाहदेव आदि उपस्थित थे।

**लोकतंत्र बचाने के लिए है अभियान : प्रदीप यादव :** कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि देश और इसके लोकतंत्र को बचाने के लिए ही संविधान बचाओ अभियान है। देश की संवैधानिक संस्थाओं की आजादी को बचाने के लिए है। जिस तरह अमित शाह द्वारा बाबा साहब का अपमान किया गया वह देश का अपमान था। इस आंदोलन को महाअभियान बनाना है। सभी की सहभागिता बढ़ानी होगी। हमें मुख्य धारा में भी रहना है।

# मंईयां सम्मान योजना पर आया नया अपडेट, अब हर 3 महीने में सरकार करेगी ये काम

**रांची, एजेंसी।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मंईयां सम्मान योजना को फ्रीबीज कहे जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस सवाल पर उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को फ्रीबीज कहना कहीं से सही नहीं है। मंत्री ने बताया कि इस योजना का संचालन राज्य सरकार अपने संसाधनों से कर रही है और कहीं से भी इसके लिए कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ी है।

बेहतर वित्तीय प्रबंधन की ओर बढ़ते कदम का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में हर तीन महीने में राजस्व विभागों की समीक्षा होगी, हर छह माह पर वित्त मंत्री समीक्षा करेंगे। उन्होंने बताया कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के चलते राजस्व संग्रहण प्रभावित हुआ, फिर भी प्रयास संतोषजनक रहे हैं।

मंत्री ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में 1,06,999.57 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें से 92,189.10 करोड़ रुपये की वसूली हुई, जो कि 86.16 प्रतिशत है।

वहीं, गैर-कर प्राप्तियों सहित कुल 1,03,469.82



करोड़ रुपये यानी बजट एस्टीमेट का 80.27 प्रतिशत प्राप्त हुए हैं। वह बुधवार को सूचना भवन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। वित्त मंत्री के साथ वाणिज्य विभाग के सचिव अमिताभ कौशल और वाणिज्य कर आयुक्त अमीत कुमार भी मौजूद थे।

वित्त मंत्री ने कहा कि एफआरबीएम अधिनियम के तहत राज्यों को ऋण लेने की क्षमता से कम ही ऋण झारखंड ने लिया है। उन्होंने इस दौरान पीएल एकाउंट में राशि रखने की प्रवृत्ति को गलत करार देते हुए इसकी समीक्षा किए जाने की बात भी कही। सभी विभागों से इसकी जानकारी मांगी गई है।

मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि वर्ष 2025-26 में सभी विभागों को तीन महीने में एक बार राजस्व संग्रहण की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है, और वे स्वयं छह महीने में एक बार इसकी समीक्षा करेंगे। राज्य के सभी प्रमंडलों का दौरा कर अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे, वहीं जो प्रमंडल पीछे होंगे, उन्हें विशेष निर्देश और सहायता दी जाएगी।

राजस्व व्यय की जानकारी देते हुए बताया गया कि 1,31,234.42 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जिनमें से 1,18,279.69 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। वित्त मंत्री ने भरोसा दिलाया कि राज्य के आर्थिक ढांचे को और मजबूत बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

वित्त सह वाणिज्य कर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड सरकार के वाणिज्य कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य 26 हज़ार करोड़ रुपये के विरुद्ध 22,292.25 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहण किया है। यह आंकड़ा वार्षिक लक्ष्य का 85.74 फीसदी राजस्व संग्रहण है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल राजस्व संग्रह 26,500 करोड़ रुपया का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्टेट जीएसटी मद में राजस्व संग्रहण के निर्धारित लक्ष्य 15375 करोड़ के विरुद्ध 14210.10 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहण प्राप्त किया है जो वार्षिक लक्ष्य का 92.42 प्रतिशत है।

मंत्री ने कहा कि वैट के माध्यम से वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व संग्रहण का निर्धारित लक्ष्य 9124 करोड़ रुपये के विरुद्ध कुल 6618.51 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहण किया गया है जो वार्षिक लक्ष्य का 72.54 है।

मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व संगरहण का निर्धारित लक्ष्य 1413 करोड़ रुपये के विरुद्ध कुल 1361.24 करोड़ रुपये का राजस्व संगरहण किया गया है जो वार्षिक लक्ष्य का 96.34 प्रतिशत है। वर्तमान में विद्युत शुल्क के अधीन निबंधित व्यवसायियों की कुल संख्या 267 है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1600 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कार्य योजना पर बल देते हुए कहा कि इस वित्तीय वर्ष में खनन एवं विनिर्माण कार्य में संलग्न डीजल के थोक खरीद के लिए 'कर' दर कमी से राजस्व में वृद्धि होगी साथ ही एविएशन टर्बाइन फ्यूल में कर दर बढ़ाने के फलस्वरूप राजस्व में अभिवृद्धि संभावित है।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 24-04-2025 22:11 Page 1



## डीटीओ ने दिया मानवता का परिचय

# घायल महिला को अपनी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने गुरुवार को मानवता का परिचय देते हुए सड़क दुर्घटना में घायल महिला को अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। छतरपुर थाना क्षेत्र के टेलाड़ी मोड़ में हुए सड़क हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी थी जिसे डीटीओ जितेंद्र यादव ने अपने कार्यालय कर्मियों संग मिलकर घायल महिला को इलाज हेतु छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में एडमिट कराया।घायल महिला अपने पति व बच्चे संग बाइक पर सवार होकर पाटन के किशुनपुर से हरिहरगंज जा रही थी इसी क्रम में टेलाड़ी मोड़ के समीप बाइक असंतुलित होकर गिर गया जिसमें महिला चोटिल हो गयी। ज्ञातव्य है कि कैंप कार्यालय के तहत आज पलामू उपायुक्त का अनुमंडल परिसर में कार्यक्रम है जिसमें भाग लेने डीटीओ जा रहे थे। डीटीओ ने आमजनों से भी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने की अपील की है।उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचने वाले लोगों को गुड समेमेरिटन योजना के तहत पुरस्कृत भी किया जाता है।

# ढाई करोड़ की हेरोइन के साथ उप्र के दो तस्कर दबोचे गये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** जिले में नुआंव थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। ढाई करोड़ की हेरोइन के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तस्करी के लिए यूपी से लेकर भोजपुर जिले के बिहिया जा रहे तस्करों को पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक, ये लोग पहले भी हेरोइन की डिलीवरी कर चुके हैं। जहां डिलीवरी देने और लेने के लिए नई मोबाइल और सिम दिया जाता था। गिरफ्तार दोनों तस्कर उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के दिलदारनगर के निवासी हैं।



प्रेस वार्ता करते हुए मोहनिया एसडीपीओ प्रदीप कुमार ने बताया, कैमूर एसपी हरिमोहन शुक्ला के निर्देश पर नुआंव थानाध्यक्ष के द्वारा सशस्त्र बल के साथ अकोल्ही फील्ड के पास आने जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान अकोल्ही की तरफ से एक बाइक आते दिखाई दी, जिस पर दो व्यक्ति सवार थे। इन्हें पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बाइक को तेजी से लेकर भागने लगे, जिसे पुलिस के द्वारा पीछा किया गया तो जैतपुरा पंप कैनाल नहर में पलट गए। दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए और गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। उसके बाद दोनों को पुलिस द्वारा स्थानीय पीएचसी में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां पुलिसिया पूछताछ में उनके द्वारा बताया गया कि बाइक की डिक्की में हेरोइन है। उसके बाद पुलिस ने डिक्की से पांच प्लास्टिक के डिब्बे से 2.511 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुआ। इसकी अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कीमत दो करोड़ 50 लाख रुपये बताया जाता है। वहीं, पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार दोनों युवक उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिला, दिलदार नगर थाना क्षेत्र के कुसी गांव निवासी मंगल सिंह कुशवाहा का पुत्र प्रमोद कुमार, रूपेश कुमार उर्फ रितेश कुमार बताया जाता है।एसडीपीओ ने बताया कि इन्हें हेरोइन लेकर डिलीवरी करने के लिए पांच हजार रुपये दिया गया था और इन्हें हेरोइन की डिलीवरी के लिए मैसेज किया जाता है कि माल कहां से कहां पहुंचना है और इसके साथ ही इन्हें नया मोबाइल फोन और नया सिम दिया जाता है। ये लोग पहले भी हेरोइन की डिलीवरी कर चुके हैं और जहां करते हैं, उसका पहले भी हेरोइन बेचने का इतिहास रहा है। फिलहाल, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# पत्नी ने नीले ड्रम में बंदकर देने की दी धमकी

## पति ने किया आत्मदाह का प्रयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** पत्नी से विवाद को लेकर बुधवार को अलीगंज अंबाबाग लेन निवासी शैलेंद्र साह उर्फ चिंटू ने कचहरी चौक के पास आत्मदाह करने का प्रयास किया। शरीर पर पेट्रोल छिड़क लिया और लाइटर लेकर सड़क पर दौड़ने लगा। वह कभी सड़क के इस पार तो कभी उस पार दौड़ने लगा। यह देख वहां मौजूद ट्रैफिक पुलिस व लोगों ने उसे पकड़ लिया।

इसके बाद उसका कमीज उतरवाने के बाद उसे ठंडे पानी से नहलाया गया। इस दौरान कचहरी चौक के पास यातायात प्रभावित रहा। इस बीच तिलकामांझी, इशाकचक व जोगसर थाने की टीम भी वहां पहुंची और उसे थाने पर ले जाकर समझाया। उसके घरवालों को बुला बॉन्ड पेपर पर हस्ताक्षर करवाकर छोड़ दिया।

ज्ञात हो कि सोमवार को कचहरी परिसर में अपनी पत्नी व सास के सामने शख्स ने हंगामा किया था। वह अपनी पत्नी को साथ रखने की बात कह रहा था, लेकिन पत्नी साथ रहने को तैयार नहीं थी।

उसने यह भी कहा कि उसकी पत्नी मुंहबोले मामा के साथ रहने लगी है। उसके साथ की फोटो भी वायरल है। बच्चों को भी भी उससे मिलने नहीं देती है। पत्नी से विवाद के चलते रेल स्वीपर की नौकरी भी छूट गई।

शैलेंद्र ने बताया कि दो दिन पहले कचहरी रोड पर अपनी पत्नी को मनाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पत्नी ने उल्टा उसे ही नीले ड्रम में बंद करने की धमकी दे डाली थी।

इसके बाद बुधवार को चिंटू ने कचहरी चौक के पास आत्मदाह का प्रयास करने पहुंच गया। उसने बीच सड़क पर ही अपने पास रखे पेट्रोल की बोतल को निकाला और उसे पहले अपने शरीर पर उड़ेल लिया।

# क्षेत्र भ्रमण कर विकास कार्यों में गति लाएं पदाधिकारी: उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद/मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले के पदाधिकारी क्षेत्र भ्रमण/निरीक्षण कर अपने-अपने विभागों से संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति का जायजा लेना सुनिश्चित करें। स थ ही विकास कार्यों में गति लाएं। योजनाओं के संचालन और योग्य तथा जरूरतमंद लोगों को लाभान्वित करने से जिले की प्रगति होगी। साथ ही राज्य व देश के विकास के ग्राफ में पलामू अग्रणी पायदान पर पहुंचेगा। विकास कार्य के लिए सभी विभागों के पदाधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ मिलने से आमलोगों का उत्थान होगा। यह बातें पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे आज हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय भवन में आयोजित कैंप कार्यालय के तहत अनुमंडल सभागार में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उपायुक्त ने बैठक के शुरूआत में जिले के सभी पदाधिकारियों से उनके आज की निरीक्षण से संबंधित जानकारी लेते हुए स्थल की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निदेश दिया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं की गति में शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट तौर पर हिदायत दिया कि कार्य में शिथिलता बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लाइवलीहुड को मजबूत करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रखंड से सखी मंडल की 5-5 सक्रिय महिलाओं को आगे लाने का निदेश दिया, ताकि लाइवलीहुड की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के लिए 15 मई तक गड्ढा खोदना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने आवास योजनाओं में प्रगति लाने व मनरेगा योजना में गति लाने का निदेश दिया।

उपायुक्त ने हैदरनगर और मोहम्मदगंज में बीपीओ की नियमित उपस्थिति नहीं रहने पर संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी को शो-कॉज करने तथा संबंधित बीपीओ का आधे माह का वेतन काटने का निदेश दिया। अनुमंडल, प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में कार्यरत सभी कर्मी अपने नियुक्ति, प्रतिनियुक्त से संबंधित स्थान पर आवासन करना सुनिश्चित करें। ऐसा नहीं करने और कार्य में लापरवाही बरतने की स्थिति में उनके साथ-साथ संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इसके लिए सभी कार्यालय प्रधानों को जिम्मेवारी तय किया है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी व कर्मियों का आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि अनुबंध पर कार्यरत सभी कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं रहने से कार्यालय प्रधानों का वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने दाखिल खारिज के आवेदनों को लंबित नहीं रखने, बालू की अवैध उठाव एवं खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने को लेकर निरंतर निरीक्षण करते हुए कार्रवाई जारी रखने का निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालयों में शौचालय, रनिंग वाटर, बिजली, पेयजल आदि मुलभूत सुविधाएं दुरुस्त करने का निदेश नजारत उप समाहर्ता को दिया। उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए विकास कार्यों में गति लाने का निदेश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## थाना वाहन का चालक ही निकला तस्कर

**मोतिहारी।** मोतिहारी में पुलिस द्वारा चलाया जा रहा 112 के गाड़ी का ड्राइवर के घर से गांजा बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि ड्राइवर के संदिग्ध आचरण को देखते हुए मोतिहारी पुलिस उस पर नजर रख रही थी।

दरअसल, मोतिहारी के हरसिद्धि थाने में तैनात सैफ चालक रामबालक सिंह जो कि रामगढ़वा थाना क्षेत्र के बंधु बरवा गांव का निवासी था। मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने उसके संदिग्ध आचरण के कारण पहले ही उसे हटा दिया था और उसके गतिविधियों पर नजर बनाए हुई थी। इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर सैफ चालक के रक्सौल के गांधी नगर स्थित उसके आवास पर छापेमारी कर आठ किलो 664 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। मौके से सैफ चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। छापेमारी दल रक्सौल एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार, रक्सौल थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा, रामगढ़वा थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार के अलावा दोनों थाना के कई सब इंस्पेक्टर और पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## कार्यक्रम में शामिल हुए उपायुक्त, दिलायी स्वच्छता की शपथ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर समाहरणालय खूँटी के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त लोकेश मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम में उपायुक्त ने सभी को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं दिया। उन्होंने अपने संबोधन में पंचायती राज व्यवस्था को लोकतंत्र की नींव बताते हुए इसके सशक्तिकरण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें देश की प्रगति में अहम भूमिका निभाती हैं और इनके सशक्त होने से ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास संभव है।

कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को लेकर सम्मानित किया गया। रनिया प्रखंड की प्रमुख नेली डहंगा, रनिया प्रखंड के बनई पंचायत की मुखिया वरदानी कंडुलना तथा कर्रा प्रखंड के जरिया पंचायत सहायक राहुल कुमार को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त द्वारा पंचायती राज विभाग के सभी सदस्यों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में डीडीसी श्याम नारायण राम, परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, जिला पंचायत राज पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह, जिला परियोजना प्रबंधक, डीसी, पंचायत सहायकगण एवं अन्य सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# हुसैनाबाद विधायक ने की समीक्षा बैठक

## एसडीओ ने सीओ को लगाई फटकार



नवाबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** हैदरनगर प्रखंड सभागार में बुधवार को हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने सभी विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में एसडीओ गौरांग महतो, बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, सीओ संतोष कुमार, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, एमओ अमरेश कुमार महिला पर्यवेक्षिका सीमा झा सहित पेयजल एवं स्वच्छता से संबंधित अधिकारी सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव उपस्थित थे।

विधायक श्री यादव ने सीओ से सभी हल्का से संबंधित म्यूटेशन की स्थिति के बारे में जानना चाहा। सीओ के जवाब नहीं देने पर उन्हें फटकार लगाते हुए विधायक ने कहा कि सभी हल्का का वित्तीय वर्ष 2021- 22 से अब तक लंबित व रिजेक्ट म्यूटेशन की सूची उपलब्ध कराएं। अन्यथा यहां से जाने को तैयार हो जाएं। लापरवाही करने वाले अधिकारी बक्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने बीडीओ को पंचायत प्रतिनिधियो के सभी कार्यों को गंभीरता से लेने और अग्रेतर कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने कहा कि उनके भी प्रतिनिधि प्रखंड में हैं, जनता का काम लेकर प्रखंड जाते हैं। अगर आगे किसी की शिकायत मिली तो जेल जाने को भी तैयार रहेंगे। इस बीच एसडीओ गौरांग महतो ने पंचायत सचिवों को जियो टैग मामले में तलब किया है। म्यूटेशन व भूमि संबंधित मामले पर एसडीओ ने सीओ को फटकार लगाते हुए कहा कि कहां है आपके राजस्व कर्मचारी, उन्हें बुलाओ।

उन्होंने सभी पंचायत में कार्यरत मनरेगा मजदूरों का डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ इसकी अगले दिन ही जांच कराने की चेतावनी देते हुए एसडीओ ने कहा कि देखेंगे धरातल पर मजदूर है, या नहीं। एसडीओ ने मीडिया प्रतिनिधियों की आवश्यकता पर बल दिया। बिलासपुर पंचायत से आए ग्रामीण कमलेश राम की शिकायत पर मुखिया व सचिव पर विधायक भड़क गए। उन्होंने सभी आवास योजना के तहत निर्माण की जांच कराने का निर्देश दिया है। ग्रामीणों ने शिकायत की कि ग्राम पाती का आंगनवाड़ी केन्द्र नहीं खुलता है। ग्रामीणों की शिकायत पर संबंधित सेविका को निलंबित करने और महिला सुपरवाइजर का वेतन रोकने का निर्देश एसडीओ ने विभाग को दिया है। मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने हैदरनगर प्रखंड स्तरीय सरकारी अस्पताल में लचर स्वास्थ्य सेवा और पांच वर्ष से बंद आपातकालीन सेवा का मामला उठाते हुए सुधार की मांग की। बैठक में कई विभागों के अनुपस्थित अधिकारी व कर्मियों को स्पष्टीकरण देने का निर्देश विधायक ने दिया। साथ ही निलंबित और कार्यरत डीलरों की भी सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

# पारदर्शिता के साथ क्योस्क आवंटन संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 5 क्योस्क की स्थापना की गई है। इनमें खूँटी में एक, तोरपा में एक, मुरहू में एक और कर्रा में 2 क्योस्क निर्माण कराए गए है। इन क्योस्कों का लाभ निशुल्क रूप से उन स्थानीय लाभुकों को प्रदान किया जाएगा जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे बीपीएल कार्ड धारक हैं।

इस योजना के तहत तोरपा प्रखंड से 15, कर्रा से 2, मुरहू और खूँटी से 1-1 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों की निष्पक्षता से जांच एवं लाभुकों के चयन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखने हेतु आज समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर चयन प्रक्रिया पूरी की गई, वहीं अधिक आवेदन प्राप्त वाले प्रखंड के लाभुक का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ लॉटरी के माध्यम से किया गया।



चयनित लाभुकों को निशुल्क क्योस्क संचालन का लाभ दिया जाएगा, शीघ्र ही संबंधित क्योस्क के संचालन की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी जाएगी, जिससे वे स्वावलंबी बन सकें और अपनी आजीविका को बेहतर बना सकें। उपायुक्त ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों के सशक्तिकरण के लिए सरकार और प्रशासन कृतसंकल्पित है एवं सभी लाभुकों को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री आलोक शिकारी कच्छप, जिला कल्याण पदाधिकारी श्री प्रमोद राम, माननीय तोरपा विधायक प्रतिनिधि, जिला वक्फ बोर्ड के प्रतिनिधि, आवेदकगण समेत अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय टूरिज्म कंसल्टेंट टीम का दौरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता


**खूंटी।** डोम्बारी बुरु क्षेत्र के समग्र पर्यटन विकास को लेकर आज राज्य स्तरीय टूरिज्म कंसल्टेंट की एक विशेष टीम ने स्थल का दौरा किया। टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण कर वहां प्रस्तावित विकास कार्यों जैसे रोपवे, शौचालय, कैफेटेरिया, फेंसिंग एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का आकलन किया।

निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा क्षेत्र की भौगोलिक एवं सामाजिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए एक समेकित रिपोर्ट तैयार की गई, जिससे डोम्बारी बुरु को पर्यटन के क्षेत्र में विशेष स्थान दिलाया जा सके। प्रस्तावित विकास कार्यों का उद्देश्य क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत एवं ऐतिहासिक महत्त्व को संरक्षित रखते हुए पर्यटन को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत सिन्हा, पंचायत सचिव, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। डोम्बारी बुरु क्षेत्र के पर्यटन विकास से न केवल स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि राज्य के सांस्कृतिक पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी।

# वरमाला के बाद दूल्हे को छोड़ दुल्हन फरार

## बिना दुल्हन के ही लौटे बाराती



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** असरंगज थाना क्षेत्र में बुधवार की रात वरमाला के बाद दूल्हे राजा को छोड़कर दुल्हन प्रेमी संग फरार हो गई। दूल्हा सात फेरे लेने का इंतजार करता रहा पर दुल्हन पहुंची ही नहीं।

दरअसल, असरंगज के सती स्थान निवासी अजय मंडल ने बेटी की शादी संग्रामपुर थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर निवासी कपिलदेव मंडल के पुत्र अमरजीत कुमार से तय की थी। 23 अप्रैल की रात कपिलेदव बरात लेकर सती स्थान पहुंचे।

यहां बरातियों का स्वागत किया गया। स्टेज पर दूल्हा-दुल्हन ने एक दूसरे को खुशी-खुशी वरमाला डाली। इस बीच दुल्हन ने दूल्हे राजा को रसगुल्ला भी खिलाए और हाथ धोकर आने की बात कही।

मंडप पर दूल्हा दुल्हन का इंतजार करता रहा। काफी देर तक जब दुल्हन नहीं पहुंची तो खोजबीन की गई। इस बीच मालूम चला कि दुल्हन अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। यह सुनते ही बराती हंगामा करने लगे।

लड़की के पिता ने बवाल करना शुरू दिया। खुशी का माहौल हंगामे में बदल गया। इसके बाद इसकी सूचना डायल 112 को दी गई।

सूचना मिलते ही 112 की टीम पहुंची और दोनों पक्ष को समझा कर शांत कराया। आखिरकार दूल्हे को बिना दुल्हन के ही बरातियों के साथ वापस घर लौटना पड़ा। यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही।

# उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान दिये कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद/छतरपुर, मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त शशि रंजन हुसैनाबाद में आयोजित कैंप कार्यालय के दौरान हुसैनाबाद के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, हुसैनाबाद), अनुमंडलीय अस्पताल एवं शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज परिसर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल का भी निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत हुए और आवश्यक दिशा निदेश दिए।

उपायुक्त शशि रंजन ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हुसैनाबाद निरीक्षण में वेल्डर ट्रेड के इंस्ट्रक्टर को फर्जी तरीके से उपस्थिति दर्ज करने के आरोप में तत्काल वेतन रोकते हुए उन्हें बर्खास्त करने के लिए विभागीय सचिव को पत्र भेजने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे परीक्षा का अवलोकन किया। साथ ही वहां के प्राचार्य से वहां के लैब, विद्यार्थियों की उपस्थिति आदि की स्थिति को जाना और जिला नियोजन पदाधिकारी को आवश्यक निदेश दिए।

उपायुक्त अनुमंडलीय अस्पताल के औचक निरीक्षण में आयुष्मान योजना के केस रजिस्टर एवं केस क्लेम की स्थिति की जानकारी ली। इसमें धीमी प्रगति पर अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं बीपीएम को बांट पिलाई। उन्होंने बीपीएम के आधे महीने का वेतन रोकने का निदेश दिया। उन्होंने प्रसव कक्ष के रजिस्टर में प्रसुता की इंट्री का अवलोकन किया और इसे सही से अद्यतन रखने का निदेश दिया। उन्होंने मेजर सर्जरी विभाग, फिमेल वार्ड, नेत्र विभाग ओपीडी, दंत चिकित्सा ओपीडी आदि का निरीक्षण कर जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला प्रशासन की ओर से लगे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था एवं जल संरक्षण के दिशा में किए गए कार्य का अवलोकन करते हुए गर्मी के मद्देनजर लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निःशुल्क पेयजल की व्यवस्था को डायरेक्ट करने का निदेश दिया। विदित हो कि यहां एक नल डायरेक्ट है और बाकी में सिक्का डालकर पानी निकालने की व्यवस्था है । उपायुक्त शशि रंजन ने शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज परिसर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रावास के निरीक्षण में उसे खोलवाने एवं रंग रोगन करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि इससे नवोदय विद्यालय में अध्यनरत विद्यालयों के विद्यार्थियों के अवसान में सुविधा होगी।

हुसैनाबाद कैंप कार्यालय से लौटने के दौरान उपायुक्त शशि रंजन छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूरे अस्पताल परिसर की भूमि, भवन तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा निदेश दिए। उन्होंने जर्जर भवनों को ध्वस्त कराने, अस्पताल परिसर के पीछले हिस्से का सही से सीमांकन कर चारदीवारी का निर्माण कराने, अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने का निदेश दिया। उन्होंने ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, ब्लॉक एकाउंट मैनेजर एवं ब्लॉक डेटा मैनेजर के कार्यों पर नाराजगी जताते हुए कार्यों में प्रगति लाने का निदेश दिया। उन्होंने ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, ब्लॉक एकाउंट मैनेजर को कार्य में शिथिलता को लेकर आधे माह का वेतन काटने का निदेश दिया।

उन्होंने भवन का गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्माण कराने, अस्पताल के बेड को व्यवस्थित लगवाते हुए मरीजों का इसका लाभ देने का निदेश दिया। साथ ही कंडम सामग्री का निपटान हेतु आवश्यक पहल का निदेश दिया।

## रेहला एबीपीएस के तीन छात्रों ने हासिल की सफलता

**मेदिनीनगर (पलामू)** । अपने देश में एक प्रसिद्ध कहावत है- प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। इस बात को रेहला एबीपीएस के बच्चों ने साबित कर दिखाया है। स्कूल के तीन छात्रों ने जेईई मेंस परीक्षा में सफलता हासिल की है। पलामू जिले के रेहला जैसे रिमोट एरिया में स्थित आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल की छात्रा रितिका विश्वकर्मा, आयुष राज व जगदीश मरांडी ने अविस्मरणीय सफलता प्राप्त कर सभी को चकित कर दिया है। जेईई मेंस परीक्षा परिणाम में पूरे देश में रितिका विश्वकर्मा ने 8264 वां कैटेगरी रैंक, आयुष राज ने 40559 वां कैटेगरी रैंक व जगदीश मरांडी ने 1534 वां कैटेगरी रैंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार सहित पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया है। प्राचार्य नूरुल हक ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम जेईई मेंस के नतीजों से यह स्पष्ट हो गया कि एबीपीएस के छात्र अपनी अकादमी शिक्षा व भविष्य को लेकर संकल्पित हैं।

# कैंप कार्यालय से लोग हो रहे लाभान्वित : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद/मेदिनीनगर (पलामू)।** हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय भवन में आज जिला स्तरीय कैंप कार्यालय का अधिष्ठापन कर आम लोगों की समस्याएं सुनी गई। उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में आयोजित कैंप कार्यालय में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मीगण आमलोगों की समस्यायों को सुना और उसका निदान किया। कैंप कार्यालय में अपनी समस्याओं को लेकर 70 से अधिक आमलोगों ने उपायुक्त शशि रंजन से सीधा मुलाकात की। उन्होंने समस्या का त्वरित समाधान योग्य मामले नहीं होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में समाधान करने हेतु निदेशित किया। कई मामलों में अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर स्थल का भौतिक सत्यापन कर आवेदकों को यथोचित लाभ पहुंचाने का निदेश दिया।

कैंप कार्यालय में विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारियों ने भी आमजनों से अपने-अपने विभागों से संबंधित उनकी समस्याएं सुनी और उसका निष्पादन किया। साथ ही उपायुक्त द्वारा निदेशित व स्थानांतरित आवेदनों का निर्धारित समयावधि में निदान करने हेतु प्रक्रिया शुरू की। कैंप कार्यालय को लेकर अनुमंडल कार्यालय भवन में चहल-पहल रही। समस्या समाधान को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल रहा।

उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि अनुमंडल स्तर पर आयोजित कैंप कार्यालय से स्थानीय लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। उपायुक्त खुद भी क्षेत्र का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा ले रहे हैं। इससे जिले के विकास कार्यों में गति मिल रही है।

कैंप कार्यालय में हुसैनाबाद लंबी गली निवासी दिव्यांग प्रह्लाद ठाकुर ने उपायुक्त के समक्ष बैटरी वाली गाड़ी उपलब्ध कराने की मांग की। उपायुक्त ने जिला में गाड़ी की उपलब्धता के उपरांत उन्हें प्राथमिकता के तहत उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। वहीं हैदर नगर निवासी रजी अहमद खॉ ने सरकारी भूमि की बंदोबस्ती से संबंधित आवेदन दिया। उपायुक्त ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी को जांच का आदेश दिया। पुणार्डीह के सरोज राम ने पूर्वजों द्वारा बंटवारा किए गए भूमि को जबरन हड़पने का प्रयास करने से संबंधित समस्याओं को रखा। अनिका कुमारी ने बेदौलिया आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सेविका चयन को रद्द करने संबंधी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी। इसके साथ ही अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पहुंचे 70 से अधिक लोगों ने सीधा उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं रखी और उससे संबंधित आवेदन दिए। इन सभी पर गंभीरता दिखाते हुए उपायुक्त ने उनकी समस्याएं दूर करने की पहल की।

उपायुक्त के कैंप कार्यालय में जिला, अनुमंडल, प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों से जुड़े प्राप्त आवेदनों के आलोक में कई मामलों का त्वरित निष्पादन करते हुए संबंधित व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया। कैंप कार्यालय के तहत लोगों की समस्या सुनते हुए विभिन्न सेवाओं का लाभ लोगों को दिया गया। कैंप कार्यालय के माध्यम से मुख्य रूप से परियोजनाओं एवं योजनाओं की भूमि चिन्हित, हस्तकत एवं विवाद समाधान किया गया। वहीं वन भूमि के बदले अन्य भूमि/ सरकारी भूमि स्थानांतरण, बिजली बिल माफी संबंधी शिकायतों का समाधान, पेयजल समस्याओं का निराकरण किया गया।


**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. एसडीएसटीई-फेल्यर-अलार्म-25-26, दिनांक 23.04.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. एसडीएसटीई-फेल्यर-अलार्म-25-26 के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा बंद होने की तारीख: 19.05.2025 को अपराह्न 03.00 बजे। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। कार्य का नाम: हावड़ा मंडल के तहत ट्रैक चार्जर फेल्यर अलार्म सिस्टम के प्रावधान के साथ अत्यंत पुराने ट्रैक फीड चार्जर का प्रतिस्थापन। विज्ञापित मूल्य:

# प्रधानमंत्री ने किया अत्याधुनिक एलपीजी प्लांट का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/मधुबनी।** क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने और निरंतर विकास को प्रोत्साहित करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों द्वारा बिहार के मधुबनी से गोपालगंज जिले के हथुआ में रेल अनलोडिंग सुविधा से सुसज्जित अत्याधुनिक एलपीजी प्लांट का शिलान्यास किया गया। 340.15 करोड़ रूपये की लागत से विकसित होने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना को 31 मार्च, 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अत्याधुनिक एलपीजी बॉटलिंग प्लांट प्रतिवर्ष 180 हजार मीट्रिक




टन (टीएमटीपीए) की क्षमता से सुसज्जित होगा। इस अत्याधुनिक अवसंरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) से युक्त प्लांट में एलपीजी की बेहतर प्राप्ति एवं भंडारण के लिए रेलवे अनलोडिंग साइडिंग, सुरक्षित भंडारण हेतु माउंडेड स्टोरेज वेसल (एमएसवी) तथा सुव्यवस्थित संचालन के लिए 2 गुणे 24 स्टेशन इलेक्ट्रॉनिक कैरोसेल जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह परियोजना उत्तर-पश्चिम बिहार एवं उत्तर-मध्य बिहार में एलपीजी की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होगी। इस परियोजना के निर्माण चरण के दौरान अनुमानित 1.2 लाख मानव-दिवस रोजगार के सृजन की संभावना है। परियोजना के पूर्ण होने पर यह विश्वसनीय और बेहतर एलपीजी आपूर्ति के माध्यम से स्थानीय आबादी की जीवन गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी। भारत की अटूट विकास यात्रा की प्रतिबद्धता के अनुरूप यह परियोजना क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति के साथ-साथ सड़क परिवहन से संबंधित कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही वाष्प पुर्नप्राप्ति प्रक्रिया (वेपर रिकवरी प्रोसेस) के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन को घटाएगी और सलाना लगभग 11,000 मीट्रिक टन सीओटू ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाएगी, जो लगभग 5 लाख पेड़ लगाने के प्रभाव के बराबर है। यह अत्याधुनिक प्लांट, घरेलू और व्यावसायिक उपयोग के लिए महत्वपूर्ण ईंधन के रूप में एलपीजी की विश्वसनीय और निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करके क्षेत्र में ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करेगा।

## सीमान्त मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पटना में सातवां मेडिकल सेमिनार सह सी.एम.ई आयोजित

# आपसी सहयोग से बल के कार्मिकों के स्वास्थ्य को कर सकते हैं और बेहतर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** सीमान्त मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पटना में सातवां मेडिकल सेमिनार सह सी.एम.ई आयोजित किया गया जिसमें सशस्त्र सीमा बल की विभिन्न इकाइयों से आये हुए चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ रत्न संजय (भा.पु.से.), महानिरीक्षक, सशस्त्र सीमा बल, सीमान्त मुख्यालय पटना एवं डॉ. अशोक राय, महानिरीक्षक/निदेशक (चिकित्सा) सशस्त्र सीमा बल, बल मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सेमिनार को संबोधित करते हुए रत्न संजय (भा.पु.से.) ने कहा कि सेमिनार के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और अंतर्राष्ट्रीय मानकों/विकास के क्षेत्र में हो रहे बदलाव पर चर्चा कर हम सभी लाभान्वित हो सकते हैं। हम आपसी सहयोग को प्रोत्साहित कर बल के कार्मिकों के स्वास्थ्य गुणवत्ता में और बेहतरी कर सकते हैं जिससे कि बल के कार्यों को बेहतर तरीके से पूर्ण करने में लाभ मिलेगा और साथ ही बल अपने तैनाती क्षेत्रों में नागरिक कल्याण कार्यक्रमों के तहत आयोजित मानव चिकित्सा शिविरों के माध्यम से क्षेत्र के नागरिकों /ग्रामीणों को भी समय-समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा सकेगा।
इस सेमीनार में अतिथि संकाय के तौर पर नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पटना से आमंत्रित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विकास शंकर व डॉ. संतोष कुमार, इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान, पटना से आमंत्रित निदेशक डॉ. सुनील कुमार, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संदीप कुमार व डॉ. अमिताभ कुमार, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के अधीक्षक डॉ. मनीष मण्डल, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना से आमंत्रित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रविकांत व डॉ. आदिल अहमद खान, फोर्ड अस्पताल पटना से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.बी. भारती व डॉ. अमित कुमार, प्रभात मेमोरियल अस्पताल पटना से आमंत्रित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नीरज कुमार व डॉ. सतीश कुमार सिंह तथा सर्वदृष्टि आंख अस्पताल पटना से आमंत्रित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रीतिका (नेत्र विज्ञान) ने विभिन्न विषयों पर अपने अनुभवों को बल के चिकित्सा अधिकारियों के साथ साझा किया।

# प्रधानमंत्री किसी चुनावी प्रचार के लिए नहीं आए : चिराग पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केन्द्रीय मंत्री और लोजपा(रा) प्रमुख चिराग पासवान ने जम्मू-कशीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद गुरुवार को मधुबनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा पर सवाल उठाने वालों को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि पीएम किसी चुनावी प्रचार के लिए नहीं आए थे। आज के कार्यक्रम में उन्होंने किसी राजनीतिक दल पर कुछ नहीं कहा। सिर्फ गरीबों के लिए योजनाओं पर बात की। यह कोई चुनावी रैली नहीं थी। सिर्फ जनता के लिए चल रही योजनाओं पर बात हुई। चिराग ने कहा कि जो लोग हमारे प्रधानमंत्री पर सवाल उठा रहे हैं, उन्हें यह कहने का हक नहीं है जब पहलगाम हादसा हुआ तो प्रधानमंत्री दुबई दौरे पर थे। उन्होंने हादसे की खबर मिलने के साथ ही गृहमंत्री अमित शाह से बात की और उन्हें पहलगाम जाने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने खुद अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया और आधी रात को वापस लौट गए। इस पूरी घटना को लेकर वह बैठक कर रहे हैं। चिराग ने कहा कि प्रधानमंत्री पर सवाल उठाकर ये लोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ लिए गए सख्त फैसलों का बिहार के नेताओं ने किया स्वागत

## आतंकवादियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जाए और उनका सफाया किया जाए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केन्द्र सरकार द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ सख्त फैसलों का बिहार के नेताओं ने समर्थन किया है। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने केन्द्र के फैसलों को सही ठहराते हुए कहा कि सरकार ने जो भी कदम उठाए हैं, पूरा देश उसके साथ खड़ा है। लेकिन अब वक्त है कठोरतम फैसलों का। उन्होंने मांग की कि आतंकवादियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जाए और उनका सफाया किया जाए। साथ ही उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि इतने बड़े पर्यटक स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा बल क्यों नहीं थे और आखिर कहां चूक हुई? प्रशांत किशोर ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ जो निर्णय लिए गए हैं, वे अब तक के सबसे कठोर फैसले हैं, लेकिन यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आतंकवाद के अड्डों को जड़ से खत्म किया जाए। वहीं, भाजपा विधान पार्षद निवेदिता सिंह ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय कृत्य है। उन्होंने कहा कि जिस महिला के हाथों की मेहंदी का रंग भी नहीं उतरा था उसके पति की हत्या कर दी गई। इस तरह के जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले, किसी धर्म या जाति से नहीं होते, उनका एकमात्र मकसद दहशत फैलाना होता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने इस हमले के बाद जो भी निर्णय लिए हैं, वे ऐतिहासिक हैं। इनमें पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग को बंद करना, सिंधु जल समझौते पर रोक लगाना, पाकिस्तानी राजनयिकों को एक सप्ताह में देश छोड़ने का निर्देश देना और पाकिस्तान के साथ हर प्रकार के कूटनीतिक संबंधों को सीमित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि अब यह समय सिर्फ कार्रवाई का है। भारत अब किसी भी सूरत में आतंकी गतिविधियों को सहन नहीं करेगा और आतंकियों के सरपरस्तों को भी इसका परिणाम भुगतना होगा। वहीं राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने भी इस आतंकी हमले को बेहद निंदनीय करार देते हुए कहा कि 26 निर्दोष लोगों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। भारत सरकार के ये फैसले सही हैं। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब देश में मातम पसरा है और 26 लोगों की चिताएं ठंडी भी नहीं हुईं, ऐसे वक्त में राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि देश की जनता इस दर्द से आहत है और ऐसे समय में किसी भी राजनीतिक बयानबाजी को माफ नहीं करेगी।

# अंशिका जैन के यूपीएससी की परीक्षा में सफल होने पर पटना जैन समाज में हर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना के निर्मल जैन बड़जात्या एवं बिमला देवी जैन की पोती तथा आईआरसीटी के चेयमैन संजय जैन तथा सोनिका जैन की सुपुत्री अंशिका जैन के यूपीएससी की परीक्षा में 278 स्थान पर पास करने पर पटना जैन समाज में खुशी की लहर है। अंशिका को जैन समाज के बिनोद पहाड़िया, बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष सुबोध जैन, अंशिका के बड़े पापा एवं मम्मी मनोज जैन बड़जात्या एवं प्रीति जैन, अशोक बड़जात्या जैन एवं बिमल देवी जैन, बिजय कासलीवाल, अशोक छाबड़ा जैन, बिहार अग्रवाल महिला सम्मेलन की अध्यक्ष डॉ गीता जैन, अर्चना जैन, सरला छाबड़ा जैन सहित काफी अधिक ने लोगों ने बधाई संदेश दिया। सी ए अंशिका जैन ने इसका श्रेय अपने माता-पिता तथा दादा दादी को दिया।

# बिहार के ऊर्जा क्षेत्र को प्रधानमंत्री की सौगात

## 6204.65 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के ऊर्जा क्षेत्र को महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मधुबनी में 6204.65 करोड़ रुपए की विभिन्न विद्युत परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में बिहार को 'रीवैंप्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम' के तहत 5030.74 करोड़ रुपए की लागत से विद्युत वितरण प्रणाली को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की योजना शामिल है जिससे राज्य में उपभोक्ताओं को अधिक गुणवत्तापूर्ण, सतत और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।
इसके अतिरिक्त पूर्ववर्ती क्षेत्रों में 62 गांवों में आवासीय विद्युतीकरण, 59 नए पावर सब-स्टेशनों के निर्माण तथा पटना विद्युत वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण से संबंधित 1173.91 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया। ये परियोजनाएं राज्य में विद्युत बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है जिससे शहरी और ग्रामीण- दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय पंचायती मंत्री राजीव रंजन सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा और अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि आज बिहार की ऊर्जा यात्रा में एक ऐतिहासिक दिन है। इन परियोजनाओं के माध्यम से हम न केवल राज्य के बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाएंगे, बल्कि हर घर तक गुणवत्ता पूर्ण बिजली पहुंचाने के अपने संकल्प को और मजबूत करेंगे। प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन और केंद्र सरकार का सहयोग हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग इन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि हर उपभोक्ता को निर्बाध और भरोसेमंद बिजली सेवा मिल सके।

# सहरसा और समस्तीपुर के बीच एक-एक जोड़ी नई पैसेंजर ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर 25.04.2025 से अमहा पिपरा से सहरसा (वाया सुपौल) तथा सहरसा से समस्तीपुर (वाया अलौली, बिथान) के मध्य एक-एक जोड़ी नई पैसेंजर ट्रेन का नियमित परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 75249 अमहा पिपरा-सहरसा पैसेंजर - गाड़ी सं 75249 अमहा पिपरा-सहरसा पैसेंजर अमहा पिपरा से 06.00 बजे खुलकर 06.50 बजे सुपौल, 07.30 बजे गढ़बरूआरी सहित अन्य स्टेशनों/हाल्टों पर रूकते हुए 08.50 बजे सहरसा पहुंचेगी। गाड़ी सं. 75251 सहरसा-समस्तीपुर पैसेंजर (वाया अलौली, बिथान) - गाड़ी सं 75251 सहरसा-समस्तीपुर पैसेंजर सहरसा से 08.55 बजे खुलकर 09.15 बजे सोनबरसा कचहरी, 09.30 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 10.28 बजे बदलाघाट, 10.48 बजे मानसी सहित विभिन्न स्टेशनों/हाल्टों पर रूकते हुए 11.05 बजे खगड़िया पहुंचेगी। खगड़िया से यह 11.07 बजे खुलकर 12.15 बजे अलौली पहुंचेगी तथा यहां से यह 13.15 बजे खुलकर वापस 14.05 बजे पुनः खगड़िया पहुंचेगी। खगड़िया से यह 15.35 बजे खुलकर 16.12 बजे सलौना सहित अन्य स्टेशनों/हाल्टों पर रूकते हुए 17.00 बजे हसनपुर रोड पहुंचेगी। हसनपुर रोड से यह 18.00 बजे खुलकर 18.30 बजे बिथान पहुंचेगी तथा बिथान से 19.30 बजे खुलकर वापस 20.00 बजे पुनः हसनपुर रोड पहुंचेगी।

# भारतीय खाद्य निगम ने किया 2000 वें किसान को सम्मानित

## राज्य में गेहूं की कुल खरीद 8535 मीट्रिक टन पार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राज्य में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं की खरीद जारी है। 24 अप्रैल को पश्चिमी चंपारण जिले के ननकर पंचायत, गेहूं खरीद केंद्र मैनाटांड़ में अनुज कुमार ने किसान के रूप में समर्थन मूल्य पर 62 क्विंटल गेहूं विक्रय किया जिसके लिए उनको भारतीय खाद्य निगम मण्डल कार्यालय, मोतीहारी के मण्डल प्रबंधक राम गोपाल द्वारा अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। 2000 वें किसान से खरीद के उपरांत राज्य में भारतीय खाद्य निगम की कुल खरीद 8535 मीट्रिक टन को पार कर गई है तथा भारतीय खाद्य निगम की त्वरित भुगतान प्रणाली से किसान बहुत खुश है। अमित भूषण, महाप्रबंधक (बिहार क्षेत्र) ने किसान भाइयों से अपील की है कि वे सरकारी खरीद केंद्र पर अधिक से अधिक गेहूं बेचकर देश की खाद्य सुरक्षा का हिस्सा बनें तथा समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल की दर का लाभ उठाये। राज्य में गेहूं की खरीद 15 जून तक जारी रहेगी। भारतीय खाद्य निगम द्वारा त्वरित भुगतान को लेकर उपस्थित किसानों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# पॉलिसीधारक की अनुपस्थिति में टर्म इंश्योरेंस क्लेम करने की प्रक्रिया जानें : पॉलिसीबाजार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लोगों के बीच आम धारणा यह है कि टर्म पॉलिसी खरीदने के साथ ही वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी खत्म हो जाती है, लेकिन ऐसा नहीं है। टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी को खरीदना वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की तरह पहला कदम जरूर है, लेकिन आपकी अनुपस्थिति में आपकी संपत्ति को किस तरह संभाला जाएगा इसकी योजना बनाना भी महत्वपूर्ण है। क्लेम फाइल करने का समय आमतौर पर बिना बताए आ जाता है और अगर ऐसा होता है तो नॉमिनी व्यक्ति को अक्सर समझ नहीं आता कि आगे क्या करना है। हालांकि कंपनियों ने क्लेम की प्रक्रिया को आसान बनाया है, लेकिन इस प्रक्रिया को जानना आवश्यक है। वरुण अग्रवाल, हेड-टर्म इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम ने कहा कि सही योजना और समय पर कार्रवाई मुश्किल समय के दौरान क्लेम की प्रक्रिया को आसान बना सकती है और यह सुनिश्चित कर सकती है कि आपके प्रियजन सुरक्षित हैं। बीमाकर्ता को पॉलिसीधारक की मृत्यु के बारे में जल्द से जल्द बताना चाहिए। इससे पहले लाभार्थियों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि पिछले प्रीमियम का भुगतान हो चुका है और पॉलिसी एक्टिव है। नॉमिनी व्यक्ति को क्लेम फॉर्म ऑनलाइन डाउनलोड करके या इसे नजदीकी शाखा से प्राप्त कर सभी डिटेल्स और सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट्स के साथ फॉर्म को जमा करना चाहिए ताकि क्लेम प्रक्रिया शुरू की जा सके।
अगली प्रक्रिया क्लेम का मूल्यांकन है जिसमें बीमाकर्ता भुगतान जारी करने से पहले डिटेल्स की जांच करता है। लाभार्थियों की मुश्किलों को कम करने और उनकी मदद करने के लिए, आईआरडीएआई ने क्लेम फाइल करने के 30 दिनों के अंदर क्लेम सेटल करने का निर्देश दिया है। अगर क्लेम सेटलमेंट आवश्यक अवधि के अंदर नहीं किया जाता है तो बीमा कंपनी ब्याज का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगी।

# महागठबंधन की अहम बैठक 4 मई को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने और सीटों के बंटवारे को लेकर महागठबंधन की अगली और अहम बैठक चार मई को होगी। कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय सदाकात आश्रम में गुरुवार को हुई महागठबंधन की बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई। महागठबंधन के नेताओं ने बताया कि 4 मई को महागठबंधन की सभी पार्टियों की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी जिसमें सभी पार्टियों के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।
महागठबंधन की गुरुवार को हुई बैठक में नेता तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के नेताओं नें पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान तेजस्वी यादव ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर सवाल उठाया। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को सरकार और इंटेलिजेंस का फेलियर बताया। तेजस्वी यादव ने सरकार से पूछा कि आखिर घटना के 48 घंटे बाद भी आतंकी कैसे बचे हैं और सरकार ने अब तक क्या कदम उठाया है? उन्होंने कहा कि यह पूरी घटना सुरक्षा व्यवस्था में चूक के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार को यह बताना होगा कि इसके जिम्मेदार कौन है? किसकी लापरवाही से आतंकियों ने इतना बड़े हमले को अंजाम दिया है? तेजस्वी ने कहा कि बहुत बड़ा सिक्योरिटी लैप्स हुआ है। आतंकी कैसे सीमा पार पहुंचे? यहां पहुंचने के बाद उन्होंने हमले के लिए पहले रेकी की होगी। उसके बाद साजिश को अंजाम देने की प्लानिंग की गई होगी, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। देश की जनता जानना चाहती है कि यह चूक कहां से हुई है? तेजस्वी यादव ने कहा भाजपा नीत केंद्र सरकार और गोदी मीडिया के द्वारा आतंकी घटना को संप्रदाय के रंग देना सरकार की नाकामी का प्रत्यक्ष प्रमाण है। भाजपा की यह कोशिश देश, संविधान, लोकतंत्र और मानवता के लिए घातक है। महागठबंधन इसकी निंदा करता है। इस दौरान तेजस्वी ने कश्मीर में फंसे बिहार के लोगों को वहां से निकालने के लिए बिहार सरकार द्वारा कोई हेल्पलाइन नंबर नहीं जारी करने पर हैरानी जताई। तेजस्वी ने कहा कि किसी मंत्री की तैनाती वहां नहीं की गई। न ही बिहार के नागरिकों की सुरक्षा सुरक्षित वापसी सुनिश्चित किया है। बिहार सरकार प्रधानमंत्री की रैली में इतनी व्यस्त रही कि उसे अपने नागरिकों की सुधि लेने का भी समय नहीं है। राज्य के टॉप लीडरशिप से भी जानना चाहते हैं कि जो भी बिहारी पर्यटक कभी कश्मीर में है उनकी सुरक्षित वापसी के लिए आपने क्या प्रावधान किया है? उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकियों द्वारा समय-समय पर बिहार के अनेक श्रमिक भाइयों की हत्या की गई अब सरकार बताएं इसका जिम्मेदार कौन? हमारे बिहार से पलायन करके बाहर मजदूरी करने कई लोग गए बिहारी भाई, उनकी भी मौत हुई तो आखिर उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान पहलगाम की घटना पर शोक व्यक्त करते हुए सबने एक मिनट का मौन रखा। कल शाम 7 बजे से कैंडल मार्च होगा जिसमें गठबंधन के सभी लोग शामिल होंगे। मार्च इनकम टैक्स से डॉकबंगला तक होगा।

# प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की दी गयी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** भारतीय मानक ब्यूरो, पटना शाखा कार्यालय, पाटलीपुत्रा औद्योगिक प्रांगण, पटना द्वारा मानक मंथन कार्यक्रम का आयोजन होटल बुद्धाहेरिटेज, पाटलिपुत्रा कॉलोनी में 24 अप्रैल को किया गया। मानक मंथन का विषय 'प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन में भारतीय मानकों की भूमिका' रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य प्लास्टिक अपशिष्ट से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना, नवीन तकनीकी समाधान साझा करना तथा मानकों के अनुपालन को सुदृढ़ करना था। इस अवसर पर सीआईपीइटी के उपनिदेशक, तकनीकी अधिकारी, प्लास्टिक पाइप निर्माता तथा अन्य संबंधित उद्योगों के 30 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आरंभ में हिमांशु कुमार, वैज्ञानिक-सी, बीआइएस ने बीआइएस की प्रमुख गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मानकीकरण, अनुरूपता मूल्यांकन, प्रमाणन प्रक्रिया तथा गुणवत्ता अवसंरचना में बीआइएस की भूमिका को विस्तार से बताया।
सुधांशु सुमन, वैज्ञानिक-सी, बीआइएस द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन एवं उससे संबंधित भारतीय मानकों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात अनुपम सिन्हा, तकनीकी अधिकारी द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों और तकनीकी उन्नतियों की जानकारी दी। उन्होंने रीसाइक्लिंग तकनीकों, स्थायी उत्पादन पद्धतियों और नवाचार आधारित समाधानों के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में एक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने प्रमाणन प्रक्रिया, अनुपालन की चुनौतियों तथा पर्यावरणीय मानकों पर प्रश्न पूछे। इस सत्र का संचालन चंद्रकेश सिंह, प्रमुख द्वारा किया गया जिन्होंने प्रतिभागियों को सभी तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं पर संतोषजनक उत्तर दिए। भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से चंद्रकेश सिंह वैज्ञा.ई/निदेशक एवं प्रमुख हिमांशु कुमार(वैज्ञा सी/उप-निदेशक) सुधाशु सुमन (वैज्ञा सी/उप-निदेशक) एवं प्रशांत कुमार तिवारी, एसपीओ उपस्थित थे।

## कीटनाशक के सेवन से युवक की हालत बिगड़ी

**पटना।** जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारी साथ गांव में गुरुवार की दोपहर कीटनाशक का सेवन से एक युवक की हालत बिगड़ गई। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। उक्त युवक दीपक कुमार बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर घर के सभी लोग अपने काम में व्यस्त थे। तभी उक्त युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया।

## आग की चपेट में आने से बुजुर्ग झुलसे

**पटना।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव में आग की चपेट में आने से बुजुर्ग झुलस गए। उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। झुलसे बुजुर्ग जमीरा गांव निवासी 75 वर्षीय कन्हैया यादव है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार की दोपहर वह गांव के बधार में कचरे को इकट्ठा कर जला रहे थे।

# सरकार नहीं चाहती कि पंचायतों को मजूबत किया जाए : तेजस्वी यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पंचायती राज दिवस पर गुरुवार को राजद कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में तेजस्वी यादव ने बिहार और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार पंचायतों को डराने धमकाने का काम कर रही है। उनके हक को छीनने की कोशिश की जा रही है। सरकार नहीं चाहती कि पंचायतों को मजूबत किया जाए। तेजस्वी यादव ने कहा कि पंचायतों के जनप्रतिनिधियों के अधिकार को छीना गया जिसके लिए उन्हें धरना-प्रदर्शन करना पड़ा। मुखिया जी को धमकाया गया। इस सरकार में भय का वातावरण बनाया गया। अफसरशाही पूरी तरह से हावी है। मौजूदा सरकार न्याय देने की जगह आपका शोषण करने में लगी है। उन्होंने कहा राज्य में 20 साल और केंद्र का 11 साल देखा, लेकिन बिहार आज भी सबसे फिसड्डी राज्य है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि तीन से चार करोड़ लोग बिहार से पलायन कर रहे हैं। प्रति व्यक्ति आय बिहार में सबसे कम है। न कल कारखाना है, न कोई धंधा है। किसानों की आय देश में सबसे कम है। तेजस्वी यादव ने केंद्र पर बिहार के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो सहयोग आर्थिक तौर पर बिहार को मिलना चाहिए वह नहीं मिला। संसद में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने से मना कर दिया। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर आने वाले चुनाव में राजद की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि अब सही समय है इस राज्य से 20 साल से चली आ रही सरकार को उखाड़ कर फेंकने का।

## संपादकीय

# आतंकी हमला, अमरनाथ यात्रा से पहले डर फैलाने की गंभीर साजिश

जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ समय से आतंकवादी संगठनों के हमले और उनकी सक्रियता में जिस कदर बढ़ोतरी देखी जा रही है, उससे यह चिंता स्वाभाविक है कि क्या यह समस्या एक बार फिर जटिल शक्ल अख्तियार कर रही है। इतना साफ है कि आतंक के रास्ते भारत में जो मकसद वे हासिल करना चाहते हैं, उसका पूरा होना संभव नहीं है, लेकिन यह भी देखा जा सकता है कि उनके हमलों की रणनीति में जो बदलाव आया है, वह इस समस्या को और गंभीर बना रहा है। आए दिन वहां से अब आतंकी हमलों, उनसे सुरक्षा बलों की मुठभेड़, कुछ आतंकियों का मारा जाना या फिर किसी जवान की शहादत की घटनाएं अक्सर सामने आने लगी हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 पर्यटकों को जान गंवाना पड़ा। बीते कुछ वर्षों में पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकी संगठनों ने सुरक्षा बलों के शिविरों पर हमले करने के समांतर लक्षित हमलों की रणनीति अपनाना शुरू कर दिया है। अब इसी क्रम में आतंकियों ने पर्यटकों पर हमले शुरू कर दिए हैं, जिसके पीछे छिपी मंशा स्पष्ट दिखती है कि जम्मू-कश्मीर में पर्यटन या अन्य कारणों से आने वालों के भीतर खौफ पैदा किया जा सके। कश्मीर में पहलगाम के बैसरन इलाके में मंगलवार को आतंकवादियों ने पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें बीस से ज्यादा लोगों के मारे जाने और कई के घायल होने की खबर आई। दरअसल, जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था में पर्यटन की भूमिका जगजाहिर रही है। माना जाता रहा है कि इसी वजह से आतंकवादी संगठन पर्यटन स्थलों का रुख करने वाले लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, ताकि वहां पर्यटकों का आना-जाना निर्बाध रहे। अगर देश-दुनिया से वहां घूमने जाने वालों के भीतर डर बैठा, तो वहां की अर्थव्यवस्था पर इसका विपरीत असर पड़ सकता है। लेकिन इस बार पर्यटकों को निशाना बना कर आतंकियों ने न केवल बाहरी लोगों को डराने, बल्कि वहां की अर्थव्यवस्था की रीढ़ पर हमला करने की कोशिश की है। इसके अलावा, जुलाई की शुरुआत में अमरनाथ यात्रा भी शुरू होने वाली है और वहां जाने का रास्ता पहलगाम से होकर गुजरता है। ऐसे में आतंकियों के इस हमले को अमरनाथ यात्रा को प्रभावित करने की कोशिश के तौर पर भी देखा जा रहा है। पर्यटकों पर गोलीबारी हाल के दिनों में सबसे गंभीर घटना मानी जा रही है, जिसके पीछे मंशा न केवल सुरक्षा बलों और सरकार को चुनौती पेश करना, बल्कि बाहरी लोगों को डराना है। इससे उन्हें अपना एक मकसद यह भी पूरा होने की उम्मीद है कि वे स्थानीय और बाहरी लोगों के भीतर खाई पैदा कर सकेंगे। मगर ऐसे आतंकी हमलों के बाद अब वहां की स्थानीय आबादी के बीच आतंकियों के खिलाफ जिस तरह का आक्रोश देखा जाता है, वह भविष्य के लिए एक उम्मीद जगाता है। पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर की मुख्यधारा की लोकतांत्रिक राजनीति में सक्रिय लगभग सभी दलों और उनके नेताओं ने इसकी तीखी आलोचना की और इसे कायराना हरकत बताया।

**हिन्दी दुनिया का तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा बनने की ओर अग्रसर है। हिन्दी विदेशों में सम्मान पा रहे हैं और अपने ही देश में उपेक्षा एवं विवाद का शिकार बन रही है। महाराष्ट्र और अन्य गैर हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी की स्वीकार्यता इसलिए बढ़ रही है, क्योंकि उसकी उपयोगिता सिद्ध हो रही है। हिंदी का मराठी या अन्य किसी भाषा से कोई झगड़ा नहीं। क्या यह विचित्र नहीं कि हिंदी का विरोध उस महाराष्ट्र में हो रहा है, जिसकी राजधानी हिंदी फिल्म उद्योग का गढ़ है? हिंदी फिल्म उद्योग ने मुंबई को न केवल प्रतिष्ठित किया है, बल्कि महाराष्ट्र के लोगों को लाभान्वित भी किया है। क्या राज ठाकरे, उद्धव ठाकरे आदि हिंदी फिल्म उद्योग का भी विरोध करेंगे? ऐसा करके वे अपने राज्य के लोगों के पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का ही काम करेंगे। यह किसी से छिपा नहीं कि हिंदी विरोध के नाम पर लोगों की भावनाएं भड़काने का काम अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करने के लिए किया जाता है। यह और कुछ नहीं, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को कमजोर करने और लोगों में वैमनस्य पैदा करने वाली क्षुद्र राजनीति है।**

# हिन्दी विरोध की संकीर्ण राजनीति के दंश

(ललित गर्ग )

त्रिभाषा फार्मूले में केन्द्र सरकार चाहती है कि भारत में प्रत्येक छात्र को तीन भाषाएँ सीखनी चाहिए, जिनमें से दो मूल भारतीय भाषाएँ होनी चाहिए, जिसमें एक क्षेत्रीय भाषा शामिल होनी चाहिए और तीसरी अंग्रेज़ी होनी चाहिए।

हिंदी को लेकर तमिलनाडु की राजनीति का आक्रामक होना कोई नयी बात नहीं है लेकिन तमिलनाडु के बाद महाराष्ट्र में हिंदी का विरोध यही बताता है कि संकीर्ण राजनीतिक कारणों से किस तरह भाषा को हथियार बनाया जा रहा है। विभिन्न राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी एवं केन्द्र सरकार को घेरने के लिये जिस तरह भाषा, धर्म एवं जातियता को लेकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए देश में अशांति, अराजकता एवं नफरत को फैला रहे रहे हैं, यह चिन्ताजनक है। महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध आश्चर्यकारी है। हिन्दी दुनिया का तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा बनने की ओर अग्रसर है। हिन्दी विदेशों में सम्मान पा रहे हैं और अपने ही देश में उपेक्षा एवं विवाद का शिकार बन रही है। महाराष्ट्र और अन्य गैर हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी की स्वीकार्यता इसलिए बढ़ रही है, क्योंकि उसकी उपयोगिता सिद्ध हो रही है। हिंदी का मराठी या अन्य किसी भाषा से कोई झगड़ा नहीं। क्या यह विचित्र नहीं कि हिंदी का विरोध उस महाराष्ट्र में हो रहा है, जिसकी राजधानी हिंदी फिल्म उद्योग का गढ़ है? हिंदी फिल्म उद्योग ने मुंबई को न केवल प्रतिष्ठित किया है, बल्कि महाराष्ट्र के लोगों को लाभान्वित भी किया है। क्या राज ठाकरे, उद्धव ठाकरे आदि हिंदी फिल्म उद्योग का भी विरोध करेंगे? ऐसा करके वे अपने राज्य के लोगों के पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का ही काम करेंगे। यह किसी से छिपा नहीं कि हिंदी विरोध के नाम पर लोगों की भावनाएं भड़काने का काम अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करने के लिए किया जाता है। यह और कुछ नहीं, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को कमजोर करने और लोगों में वैमनस्य पैदा करने वाली क्षुद्र राजनीति है।

त्रिभाषा फार्मूले में केन्द्र सरकार चाहती है कि भारत में प्रत्येक छात्र को तीन भाषाएँ सीखनी चाहिए, जिनमें से दो मूल भारतीय भाषाएँ होनी चाहिए, जिसमें एक क्षेत्रीय भाषा शामिल होनी चाहिए और तीसरी अंग्रेज़ी होनी चाहिए। यह सूत्र सरकारी और निजी दोनों स्कूलों पर लागू होता है और शिक्षा का माध्यम तीनों भाषाओं में से कोई भी हो सकता है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के त्रिभाषा फार्मूले के तहत मराठी और अंग्रेजी के साथ हिंदी को पढ़ाए जाने के महाराष्ट्र सरकार के निर्णय पर विपक्षी दलों की राजनीतिक आक्रामकता का कारण वोट की राजनीति एवं भाजपा के बढ़ते वर्चस्व को विराम लगाने की स्वार्थी मानसिकता है। त्रिभाषा फार्मूले पर सबसे पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज ठाकरे ने आपत्ति उठाई। यह वही राज ठाकरे हैं, जो हिन्दुत्व का झंडा हाथ में लेकर स्व-संस्कृति की वकालत करते रहे हैं। इस पर हैरानी नहीं कि उद्धव ठाकरे भी राज ठाकरे के सुर में सुर मिला रहे हैं। उनकी शिवसेना ने एक समय दक्षिण भारतीयों को मुंबई से भगाने का अभियान छेड़ा था, फिर उसके निशाने पर उत्तर भारतीय आ गए थे। हैरानी इस बात की है कि शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता भी त्रिभाषा फार्मूले के तहत हिंदी पढ़ाए जाने का विरोध कर रहे हैं और इसके पीछे साजिश देख रहे हैं। अच्छा होता कि मराठी अस्मिता की रक्षा के




बहाने हिंदी को निशाने पर ले रहे ये नेता यह बताते कि तीसरी भाषा के रूप में हिंदी का विरोध करने के क्या कारण है? केवल मोदी सरकार ने इसे प्रस्तुत किया है, इस कारण इसका विरोध मानसिक दिवालियापन का द्योतक है।

तीसरी भाषा के रूप में हिंदी का चयन इसलिए सर्वथा उपयुक्त है, क्योंकि एक तो वह आधिकारिक राजभाषा एवं सबसे प्रभावी संपर्क भाषा है और दूसरे, महाराष्ट्र में बड़ी संख्या में हिंदी बोलने-समझने वाले हैं। ये वे लोग हैं, जो काम-धंधे के सिलसिले में महाराष्ट्र गए और फिर वहीं बस गए। इन्होंने महाराष्ट्र के विकास में योगदान भी दिया है। इसकी अनदेखी करते हुए हिंदी का विरोध करना एक तरह का नस्लवाद ही है, एक तरह की संकीर्ण एवं स्वार्थी मानसिकता है। संचार और सूचना क्रांति तथा तेज आवागमन के चलते भाषायी स्तर पर तमिलनाडु एवं महाराष्ट्र आदि गैर हिन्दी भाषी राज्यों की स्थिति तीन-चार दशक पहले जैसी नहीं है। वहां हिंदी बोलने वालों की संख्या भले कम हो, पर उसे समझने और हिंदी में आने वाले सवालों का जवाब देने वालों की तादाद बढ़ी है। चाहे तमिलनाडु का निवासी हो या फिर महाराष्ट्र या फिर गैर हिन्दी भाषी राज्य का, उसके हाथ में यदि फोन है, उसमें इंटरनेट का कनेक्शन है, तो तय है कि उसकी अंगुलियों के नियंत्रण में हिंदी और अंग्रेजी ही नहीं, दुनियाभर की भाषाएं हैं, इसलिए हिंदी ही नहीं, किसी भी भाषा का विरोध अब दुनिया के किसी भी कोने में पूरी तरह न तो सफल हो सकता है और न ही कोई दीवार उसे रोक सकती है। फिर हिन्दी तो हिन्दुस्तान की अस्मिता एवं अस्तित्व से जुड़ी भाषा है। दुनिया में जहां कहीं भी लोग अन्यत्र जाकर बसते हैं, वे अपने साथ अपनी संस्कृति और भाषा भी ले जाते हैं। यदि कोई यह चाहता है कि ऐसा न हो तो ऐसा होने वाला नहीं है। महाराष्ट्र के विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं, तमिलनाडू में इसके रोकने के प्रयास हो रहे हैं, वहीं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने एक अलग नजरिया दिया। उन्होंने हिंदी सहित कई भाषाओं की शिक्षा की वकालत की है। नायडू ने कहा कि भाषा केवल संचार का एक साधन है। आप सभी जानते हैं कि तेलुगु, कन्नड़, तमिल और अन्य भाषाएं विश्व स्तर पर चमक रही हैं। नॉलेज अलग है, भाषा अलग है। हिंदी भी देश में कम्युनिकेशन लैंग्वेज के तौर पर जरूरी है।

हिन्दी हमारी मातृभाषा के साथ-साथ राजभाषा होने के बावजूद उसको उचित सम्मान न मिलना या हिन्दी के नाम पर विध्वसंक राजनीति होना अनेक प्रश्नों को खड़ा करती है, सर्वाधिक वैज्ञानिक भाषा भी हिन्दी ही है। गूगल के अनुसार हिन्दी दुनिया की ऐसी भाषा है जिसमें सर्वाधिक कंटेंट (पाठ्य सामग्री) का निर्माण होता है। सर आइजेक पिटमैन ने कहा है कि संसार में यदि कोई सर्वांग पूर्ण लिपि है तो वह देवनागरी है। निश्चित ही सशक्त भारत-विकसित भारत निर्माण एवं प्रभावी शिक्षा के लिए हिन्दी में शिक्षा की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। तथ्य यह भी है कि उत्तर भारत के अलावा देश के अन्य राज्यों से जो राजनेता प्रधानमंत्री बने, उन्होंने कभी हिंदी का विरोध नहीं किया। दक्षिण भारत से पहले प्रधानमंत्री बने पी वी नरसिंह राव धाराप्रवाह हिंदी बोलते थे। कर्नाटक के नेता एच.डी. देवेगौड़ा जब पीएम बने तो उन्होंने लालकिले से हिंदी में ही अपना भाषण दिया था। हिन्दी राष्ट्रीयता एवं राष्ट्र का प्रतीक है, उसकी उपेक्षा एक ऐसा प्रदूषण है, एक ऐसा अंधेरा है जिससे छांटने के लिये ईमानदार प्रयत्न करने होंगे। क्योंकि हिन्दी ही भारत को सामाजिक-राजनीतिक-भौगोलिक और भाषायिक दृष्टि से जोड़नेवाली भाषा है। हिंदी को दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक राष्ट्र भाषा हिन्दी को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद हिन्दी को उसका उचित स्थान न मिलना विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। विश्व में हिन्दी की प्रतिष्ठा एवं प्रयोग दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लेकिन देश में उसकी उपेक्षा एवं राजनीतिक विरोध एक बड़ा प्रश्न है। राजनीति की दूषित एवं संकीर्ण-स्वार्थी सोच का परिणाम है कि हिन्दी को जो सम्मान मिलना चाहिए, वह स्थान एवं सम्मान राष्ट्र में हिन्दी को नहीं मिल रहा है। भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाने लगा क्योंकि भारत और अन्य देशों में 120 करोड़ से अधिक लोग हिन्दी बोलते, पढ़ते और लिखते हैं। पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी हिंदी बोलती व समझती है। बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद जैसे देश तो हिंदी भाषियों द्वारा ही बसाए गये हैं। हिन्दी का हर दृष्टि से इतना महत्व होते हुए भी भारत में प्रत्येक स्तर पर इसकी इतनी उपेक्षा क्यों? लेखक, पत्रकार, स्तंभकार (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# राहुल गांधी बोलते रह गए लेकिन खरगे ने कर दिखाया

(संतोष कुमार पाठक)

दरअसल, राहुल गांधी के सार्वजनिक तौर पर और बंद कमरों में भी बैठक के दौरान बार-बार और लगातार इस तरह की बात कहने के बावजूद कड़वी सच्चाई तो यही है कि अभी तक किसी भी बड़े नेता के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जा सका है।कांग्रेस को मजबूत करने के अभियान में जुटे राहुल गांधी के लिए इस वर्ष बिहार में होने वाला विधानसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण हो गया है। पिछले कुछ महीनों से वह लगातार कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और नेताओं को आईना दिखाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के अंदर मौजूद बीजेपी के एजेंट्स को पार्टी से बाहर निकालने का राग अलाप रहे हैं तो इसके साथ ही जनाधारविहीन नेताओं को किनारे लगाने की बात भी कह



रहे हैं। राहुल गांधी का खासा जोर पार्टी में स्थानीय नेतृत्व को मजबूत करना है और इसके लिए वह लगातार जिलाध्यक्ष के पद को ताकतवर बनाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। लेकिन जिलाध्यक्ष वाले प्रयोग को लेकर लेखक ने जिस तरह की आशंका पहले जताई थी,वो अब सच साबित होती दिखाई दे रही है।दरअसल, राहुल गांधी के सार्वजनिक तौर पर और बंद कमरों में भी बैठक के दौरान बार-बार और लगातार इस तरह की बात कहने के बावजूद कड़वी सच्चाई तो यही है कि अभी तक किसी भी बड़े नेता के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जा सका है। राहुल गांधी द्वारा पिछले कुछ वर्षों के दौरान शुरू किए गए अभियानों की असफलता का जिक्र करते हुए अब कांग्रेसी नेता दबी जुबान में इस बार भी राहुल गांधी के विफल होने की भविष्यवाणी कर रहे हैं। वर्ष 2022 में राजस्थान के उदयपुर में आयोजित तीन दिवसीय चिंतन शिविर जिसे नवसंकल्प शिविर का नाम दिया था जैसे कई शिविरों और महत्वपूर्ण बैठकों में लिए गए संकल्पों की याद दिलाते हुए अब यह भी कहा जाने लगा है कि राहुल गांधी अपनी शानदार से शानदार योजना को भी जमीन पर नहीं उतार पाते।

लेकिन ऐसा लग रहा है कि जो राहुल गांधी कर नहीं पा रहे हैं, उसकी शुरुआत 82 वर्ष की आयु पूरी कर चुके मल्लिकार्जुन खरगे ने कर दी है। बिहार की धरती पर जाकर कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 20 अप्रैल को एक रैली को संबोधित किया। खरगे ने बिहार के बक्सर के दल सागर में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मोदी सरकार और राज्य की नीतीश कुमार-बीजेपी गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा। खरगे ने बहुत ही आक्रामक अंदाज में एक सधे हुए नेता के तौर पर भाषण देते हुए लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की कोशिश की। लेकिन खरगे के इस उत्साह और प्रयास पर कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने ही पानी फेर दिया। सभा में न केवल भीड़ कम थी बल्कि रैली के हिसाब से समुचित इंतजाम तक नहीं किए गए थे। बीजेपी और जेडीयू नेताओं ने भी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे की रैली में आई भीड़ को लेकर जमकर कटाक्ष किया।

वहीं नाराज खरगे ने अपनी रैली में उचित इंतजाम नहीं होने और वहां आई कम भीड़ को देखते हुए हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस को जिला नेतृत्व के खिलाफ तुरंत एक्शन लेने का फरमान सुना दिया।

खरगे के निर्देश पर पार्टी नेतृत्व ने बक्सर के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार पांडे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस द्वारा बक्सर जिला अध्यक्ष के निलंबन को लेकर जारी पत्र में कहा गया है, 20 अप्रैल 2025 को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का दल सागर खेल मैदान में बक्सर में कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रथम दृश्य सभा की तैयारी की घोर कमी और आसपास में समन्यव का घोर अभाव पाया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी ने अपने उत्तरदायित्व का निर्वाहन ठीक से नहीं किया। इसलिए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से तत्काल मनोज कुमार पांडे को निलंबित किया जाता है। खरगे ने जिलाध्यक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और खासकर नेताओं को एक बड़ा राजनीतिक संदेश दे दिया है। खरगे का संदेश बिल्कुल साफ है कि वे राहुल गांधी नहीं है और एक्शन लेने में कतई देरी नहीं करेंगे। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# भारतीय मिसाइलों व रक्षा उपकरणों का बज रहा दुनिया में डंका

**रक्षा क्षेत्र भी इस धारा से अछूता नहीं है इसमें भी अहम और व्यापक परिवर्तन दिख रहा है । 2014 के पूर्व मात्र एक दशक पूर्व तक भारत की पहचान रक्षा उपकरणों के खरीदार की हुआ करती थी। रक्षा खरीद में घोटालों के समाचार आना सामान्य बात थी फिर भी ख़रीदे गए हथियारों की समय पर आपूर्ति नहीं होती थी। मोदी जी के नेतृत्व में ये परिस्थितियाँ तीव्रता के साथ बदल रही हैं। अब भारत जल, थल और नभ तीनों सेनाओं के सभी अंगों को सुदृढ़ करने के लिए दिन-रात प्रयास कर रहा है जिससे रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता और बल दोनों निरंतर बढ़ रहे हैं। भारत के रक्षा वैज्ञानिक निरंतर शोध में में व्यस्त हैं। हर दिन किसी न किसी मिसाइल का सफल परीक्षण किया जा रहा है, रक्षा उपकरणों का उत्पादन बढ़ाया जा रहा है जिसके फलस्वरूप भारत की मिसाइलों व रक्षा उपकरणों का डंका विश्व बार में बजने लगा है। अब भारत रक्षा उपकरणों तथा तकनीक का क्रेता ही नहीं विक्रेता भी बन रहा है।**

(मृत्युंजय दीक्षित )

मोदी जी के नेतृत्व में ये परिस्थितियाँ तीव्रता के साथ बदल रही हैं। अब भारत जल, थल और नभ तीनों सेनाओं के सभी अंगों को सुदृढ़ करने के लिए दिन-रात प्रयास कर रहा है जिससे रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता और बल दोनों निरंतर बढ़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सर्वांगीण विकास के पथ पर बढ़ता हुआ आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। रक्षा क्षेत्र भी इस धारा से अछूता नहीं है इसमें भी अहम और व्यापक परिवर्तन दिख रहा है । 2014 के पूर्व मात्र एक दशक पूर्व तक भारत की पहचान रक्षा उपकरणों के खरीदार की हुआ करती थी। रक्षा खरीद में घोटालों के समाचार आना सामान्य बात थी फिर भी ख़रीदे गए हथियारों की समय पर आपूर्ति नहीं होती थी।

मोदी जी के नेतृत्व में ये परिस्थितियाँ तीव्रता के साथ बदल रही हैं। अब भारत जल, थल और नभ तीनों सेनाओं के सभी अंगों को सुदृढ़ करने के लिए दिन-रात प्रयास कर रहा है जिससे रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता और बल दोनों निरंतर बढ़ रहे हैं। भारत के रक्षा वैज्ञानिक निरंतर शोध में में व्यस्त हैं। हर दिन किसी न किसी मिसाइल का सफल परीक्षण किया जा रहा है, रक्षा उपकरणों का उत्पादन बढ़ाया जा रहा है जिसके फलस्वरूप भारत की मिसाइलों व रक्षा उपकरणों का डंका विश्व बार में बजने लगा है। अब भारत रक्षा उपकरणों तथा तकनीक का क्रेता ही नहीं विक्रेता भी बन रहा है। द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के अंतर्गत होने वाले समझौतों में भारत यह बात भी शामिल करता है कि क्रय किये जा रहे हथियारों का निर्माण व सम्बंधित प्रशिक्षण भी भारत में हो। राफेल लड़ाकू विमान इसका प्रमुख उदाहरण है।

आज भारतीय मिसाइलों की क्षमता से विश्व प्रभावित हो रहा है और कई देश भारतीय मिसाइलें खरीदकर उन्हें




अपनी सीमाओं की सुरक्षा में लगाना चाहते हैं। वह छोटे देश तथा जिनकी सीमा चीन से लगी हुई है या फिर जिन पर विस्तारवादी चीन की गिद्ध दृष्टि लगी है, विशेष रूप से भारत की ब्रह्मोस मिसाइल खरीदकर अपने यहां तैनात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक कुशल रणनीतिकार की तरह चीन व पाकिस्तान को चारों ओर से घेरने का काम कर रहे हैं, जिसमें ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें महत्वपूर्ण हैं। ब्रह्मोस एक ऐसी उन्नत मिसाइल है जिसे न केवल दक्षिण चीन सागर के राष्ट्र अपितु बड़े मुस्लिम राष्ट्र भी खरीद रहे हैं।

चीन के शत्रु फिलीपींस को भारत ने ब्रह्मोस दी है। फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्यात भारत द्वारा किसी भी देश के साथ किया गया अब तक का सबसे बड़ा रक्षा विक्रय समझौता है। भारत ने ब्रह्मोस सुपर सोनिक मिसाइल की आपूर्ति के लिए जनवरी 2022 में फिलीपींस के साथ 375 मिलियन डालर का समझौता किया था जो कि अब लागू हो चुका है। अप्रैल- 2024 फिलीपींस को ब्रह्मोस की पहली खेप मिली। इंडोनेशिया भी भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने वाला है। वियतनाम और मलेशिया जैसे दक्षिण पूर्व एशियाई देशों ने भी इस अत्याधुनिक मिसाइल को खरीदने में रुचि दिखाई है।

आगामी दिनों में सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश भी ब्रह्मोस मिसाइल के बड़े खरीददार बन सकते हैं। श्रीलंका जैसे छोटे देश जिनकी सीमा चीन से मिलती है उन सभी देशों के साथ ब्रह्मोस को तैनात करने के लिए बातचीत चल रही है। साथ ही यह वर्ष ब्रह्मोस मिसाइल का 25वां वर्ष मनाया जा रहा है इसलिए 25 देशों के साथ ब्रह्मोस की डील को लेकर वार्ता चल रही है जिसमें कुछ देशों के साथ वार्ता अंतिम चरण में पहंच चुकी है।

ब्रह्मोस की विषेषता- सबसे तेज सुपरसेनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस भूमि, वायु, जल यानि समुद्र की गहराइयों में भी पलक झपकते ही शत्रु को निशाना बना लेती है। 12 जून 2001 को मिसाइल ने अपनी पहली सफल उड़ान भरी थी। यह भारत और रूस की एक संयुक्त परियोजना है जिस पर लगातार काम चल रहा है। इस मिसाइल का नामकरण भारत की नदी ब्रह्मपुत्र और मास्को की नदी मोसक्वा के नाम पर किया गया है। 24 जनवरी 2024 के ब्रह्मोस के नये उन्नत वर्जन का सफल परीक्षण किया गया। मिसाइल की रेंज को बढ़ाया गया है और साथ ही तकनीक को भी बेहतर बनाया गया है। यह मिसाइल अपनी सटीकता के लिए जानी जाती है। अब इस मिसाइल की रेंज बढ़कर 800 किमी हो गई है जबकि पहले रेंज केवल 200 किमी तक ही सीमित थी। यह हवा में ही रास्ता बदलने तथा चलते फिरते टारगेट को भी ध्वस्त करने में सक्षम है। यह 10 मीटर की ऊंचाई पर उड़ान भरने में सक्षम हैं। यह एक ऐसी मिसाइल है जिसे शत्रु अपने रडार से देख नहीं पायेगा। यह मिसाइल 1200 यूनिट की ऊर्जा पैदा करती है जो किसी भी बड़े टारगेट को पलक झपकते ही ध्वस्त कर सकती है। ब्रह्मोस मिसाइल भारतीय नौसेना के कई युद्धपोतों पर तैनात है।

ब्रह्मोस मिसाइल के बाद भारत के कई अन्य हथियार भी विदेशी की सेनाओं में होंगे जिसमें आकाश मिसाइल, अर्जुन टैंक, लाइट एयरक्राफ्ट जैसे कई उपकरण शामिल हैं जिनके निर्यात करने की तैयारियां चल रही हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)



## कच्चे आम के बेशकीमती लाभ

### इस मौसम में जरूर फायदा उठाएं

**गर्मियों में कच्चे और पके आम की भरपूर आवक होती है और इन दोनों के अपने अलग फायदे हैं। कच्चे आम की चटनी हो या पना, गर्मी के मौसम में स्वाद और सेहत दोनों के लिए बेहद लाभदायक है। जानिए कच्चे आम यानि कैरी के यह 7 बेहतरीन फायदे**

- कच्चे आम का प्रयोग सिर्फ भोजन को स्वादिष्ट बनाने के लिए ही नहीं बल्कि स्वस्थ रहने के लिए भी किया जा सकता है। कच्चे आम के सेवन से रक्त संबंधी विकारों से बचा जा सकता है।
- अगर आपको एसिडिटी, गैस या अपच जैसी समस्या हो रही हैं, तो कच्चे आम का सेवन आपके लिए काफी लाभदायक होगा। यह कब्ज और पेट के सभी विकारों से निपटने में आपकी मदद करेगा।
- ऊल्टी आना या फिर जी मचलाने की समस्या में कच्चे आम का काले नमक के साथ सेवन करना आपको निजात दिला सकता है। कुछ ही देर में यह आपको सामान्य महसूस कराने में मदद करेगा।
- कच्चे आम का नियमित सेवन कर न केवल आप अपने बालों को काला बनाए रख सकते हैं, बल्कि बेदाग और दमकती हुई त्वचा आसानी से पा सकते हैं। इससे त्वचा में कसाव भी बना रहता है।
- शुगर की समस्या होने पर इसका प्रयोग आपके शुगर लेवल को कम करने में बेहद सहायक होगा। इसका प्रयोग कर आप शरीर में आयरन की पूर्ति भी आसानी से कर सकते हैं।
- इसमें विटामिन सी अच्छी खासी मात्रा में मौजूद है, जो आपकी खूबसूरती का ध्यान तो रखता ही है, रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी इजाफा करता है। इसक प्रयोग आंखों के लिए भी फायदेमंद है।
- अगर आपको अत्यधिक पसीना आता है, तो कच्चे आम का पना या फिर किसी भी रूप में इसका प्रयोग आपकी इस समस्या को आसानी से दूर करने में कारगर साबित होगा।



## कॉमन न्यूरोलॉजिकल प्रॉब्लम है माइग्रेन

### गर्मियों में करता है ट्रिगर

माइग्रेन एक कॉमन न्यूरोलॉजिकल प्रॉब्लम है। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं में ये काफी कॉमन है। रिपोर्ट्स की मानें तो ये एक ऐसा सिरदर्द है जो 4 घंटे से लेकर 72 घंटों तक रह सकता है। इस परेशानी के दौरान व्यक्ति को उल्टी, थकान, ज्यादा रौशनी और ज्यादा आवाज से परेशानी हो सकती है। गर्मी के मौसम में ये परेशानी बढ़ सकती है। गर्मी, डिहाईड्रेशन, तेज रौशनी, कम नींद के कारण गर्मियों के मौसम में माइग्रेन ट्रिगर हो सकता है हालांकि, इससे बचाव के लिए आप कुछ आसान तरीकों को अपना सकते हैं।

- गर्मी के मौसम में माइग्रेन से बचे रहने के लिए खुद को हाइड्रेटेड रखें। इसके लिए अपने साथ एक पानी की बोतल रख सकते हैं। दिन भर 3 से 4 लीटर पानी पीना जरूरी है।
- माइग्रेन से बचे रहने के लिए अपने रूटीन को सही रखें। खाने और सोने की टाइमिंग का सही होना जरूरी है। अगर आप कही छुट्टियों के लिए बाहर जा रहे हैं तो भी अपने खाने का पूरा ख्याल रखें।
- इससे बचने के लिए अपनी डायट का भी पूरा ख्याल रखें। इसके लिए कॉफी, रेड वाइन, चॉकलेट, चीज, फ्रेश फल और सब्जियों को खाएं। खीरा, तरबूज, जैसे फलों को डायट में जरूर शामिल करें।
- अगर धूप में कही बाहर निकल रहे हैं तो अपने सिर को किसी टोपी या फिर रूमाल से कवर करें। इसी के साथ आंखों पर धूप का चश्मा भी लगाएं। खूब रौशनी के कारण भी माइग्रेन ट्रिगर हो सकता है।
- काम के साथ ही रिलैक्स करना बेहद जरूरी है। अगर आप काम पर हैं तो अपने काम को पूरी तरह से मैनेज करें। समय-समय पर ब्रेक लेते रहें।

### माइग्रेन का दर्द होने पर क्या करें

अगर आपको माइग्रेन का दर्द हो रहा है तो सबसे पहले किसी शांत कमरे में जाएं और फिर कुछ देर के लिए अंधेरे में रिलैक्स करें। इसी के साथ खुद को हाइड्रेट करने के लिए एक गिलास पानी पीएं। अगर आप इसके लिए कोई दवाई खाते हैं तो उसे भी खा लें।

**तेज धूप हमारे शरीर से एनर्जी खींच लेती है। साथ ही कई बीमारियों का खतरा भी रहता है। ऐसे में आयुर्वेदिक डॉक्टर ने कुछ टिप्स दिए हैं जिनसे आप एनर्जेटिक रहने के साथ कूल भी रह सकते हैं।**



## गर्मी और हीट स्ट्रोक को मात देंगे ये तरीके

इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किए हैं। उन्होंने लिखा है, गर्मियों में हीटस्ट्रोक से बचने, कूल रहने और ज्यादा एनर्जी के लिए आयुर्वेदा ये 3 चीजें करने की सलाह देता है।

गर्मी के मौसम ने लोगों को बेहाल करना शुरू कर दिया है। ऐसे में हीट स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ गया है। चिलचिलाती धूप और बढ़े तापमान की मार से प्रभावित हुए बिना भी आप इस सीजन का मजा ले सकते हैं। ऐसा कैसे हो सकता है इसका तरीका आयुर्वेदिक डॉक्टर ने अपने इंस्टा पोस्ट में बताया है। उन्होंने हेल्दी और एनर्जेटिक बने रहने के लिए 3 काम करने की सलाह दी है।

गर्मी बढ़ते ही बीमारियां होने का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में अपने रूटीन में कुछ बदलाव करने की जरूरत है। आयुर्वेदिक डॉक्टर ने कुछ टिप्स अपने

### दिन में सोना

आयुर्वेद में गर्मी के मौसम के अलावा हर सीजन में दिन में सोना मना है। गर्मी में दिन के बाद ठंडी जगह पर सोने की सलाह दी जाती है। वजह यह है कि मौसम गर्म होता है और सूरज सारी एनर्जी खीच लेता है। गर्मी में दिन के वक्त सोने से आपकी एनर्जी बनी रहती है। इससे आपको शारीरिक और मानसिक थकान नहीं होती। दिन में सोने से कफ भी बढ़ता है जो कि गर्मी में शुष्क और गर्म मौसम होने की वजह से कम हो जाता है।

### प्राकृतिक रूप से ठंडे पेय

गर्मी के मौसम में मिट्टी के बर्तन में ठंडे किए हुए बर्तन का पानी पिएं। इनमें कमल, गुलाब, खसखस, मिंट, या धनिया डालें तो आप हीट स्ट्रोक से बचेंगे और प्राकृतिक रूप से बॉडी कूल रहेगी।

### चांद की रोशनी में सोएं

आयुर्वेद यह सलाह देता है कि गर्मी के मौसम में रात के वक्त चांद की रोशनी में सोएं। गर्मी की वजह से जो थकान हो जाती है, रात की चांदनी में सोने से वो थकान दूर होती है। चंद्रमा की रोशनी आपका दिमाग और शरीर शीतल करती है। इससे आपको अच्छी नींद आती है। इसलिए रात में ठंडक के लिए कूलर और एसी के बजाय मून लाइट में सोएं।



## हड्डियों का सारा कैल्शियम छीन लेती है चाय-कॉफी

**दूध पीने से कैल्शियम मिलता है, लेकिन कई लोगों को इसका टेस्ट पसंद नहीं आता। इसलिए इस आर्टिकल में न्यूट्रिशनिस्ट ने कैल्शियम फूड बताए हैं, जो काफी सारा कैल्शियम देते हैं।**

हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियम जरूरी है। इसके बिना हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और टूटने का खतरा बढ़ जाता है। कैल्शियम ना सिर्फ हड्डियों में जान भरता है, बल्कि नाखून, दांत और दिमाग के लिए भी जरूरी होता है। अगर आप चाय-कॉफी का ज्यादा सेवन करते हैं तो अनजाने में हड्डियों को कमजोर कर सकते हैं। क्योंकि, इसमें कैफीन की भारी मात्रा होती है। कई शोध में कैफीन को हड्डियों से कैल्शियम कम करने वाला पाया गया है। रिपोर्ट यह भी कहती है कि इस खतरे को कम करने के लिए डाइट में कैल्शियम फूड्स को पर्याप्त मात्रा में शामिल करना चाहिए।

### काले तिल

न्यूट्रिशनिस्ट अंजलि मुखर्जी ने काले तिल को कैल्शियम का बेस्ट सोर्स बताया है। इसके साथ विटामिन बी कॉम्प्लैक्स, प्रोटीन और हेल्दी फैट भी मिलते हैं। इन्हें आप खाने, सलाद, स्मूदी या तिल चक्की बनाकर खा सकते हैं।

### दही

दही में मौजूद कैल्शियम आसानी से पच जाता है और हड्डियों को मजबूत बनाता है। इस के अंदर इम्युनिटी बढ़ाने वाले गुण भी होते हैं, जो बीमारी से बचाते हैं। आप रोजाना की डाइट में इसे आसानी से शामिल कर सकते हैं।

### साबुत दाल और फली

न्यूट्रिशनिस्ट ने बताया कि अधिकतर साबुत दालों और फलियों में कैल्शियम कूट-कूटकर भरा होता है। हड्डी, नाखून, दांत, दिमाग आदि को मजबूत बनाने के लिए आप राजमा, काबुली चना, काला चना, हरा चना, चोली आदि को प्याज-टमाटर के साथ पकाकर खाएं।

### हरी सब्जियां और चटनी

मेथी, ब्रोकली, पालक, मूली के पत्तों और अन्य हरी सब्जियों में कैल्शियम की अच्छी मात्रा होती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि पुदीने और धनिया के पत्तों की चटनी भी भरपूर कैल्शियम प्रदान करती है।

### नट्स

कैल्शियम के लिए अखरोट, अंजीर, खजूर और खुबानी खाना चाहिए। इन नट्स से आपको प्रोटीन, हेल्दी फैट्स और विटामिन्स भी मिल जाते हैं। जिससे पूरे स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है।



## दूध भी हो सकता है नुकसानदेह

### इन बीमारियों में भूलकर भी ना पिएं

**दूध को संपूर्ण आहार माना जाता है। लेकिन कुछ बीमारियों में शरीर को दूध पीने से नुकसान हो सकता है। इसलिए जरूरी नहीं कि दूध पीकर आप हेल्दी और फिट बने रहें।**

दूध को संपूर्ण आहार माना गया है। नवजात शिशु से लेकर बढ़ते बच्चों की डाइट में दूध का होना बेहद जरूर होती है। वहीं यंग और एडल्ट लोगों को भी दूध पीने की सलाह दी जाती है। कैल्शियम और मिनरल्स से भरपूर दूध बॉडी को सारे जरूरी पोषण देने में मदद करता है। साथ ही दांत और हड्डियों को मजबूत भी बनाता है। इसलिए हेल्थ एक्सपर्ट बच्चों को ही नहीं बल्कि हर उम्र के लोगों को डाइट में दूध लेने की सलाह देते हैं। लेकिन जरूरी नहीं कि हर बॉडी को दूध फायदा ही करे। कुछ बीमारियों में दूध पीना समस्या को बढ़ा सकता है। इस बारे में डायटीशियन का कहना है कि कुछ बीमारियों में दूध पीने से शरीर की परेशानी बढ़ जाती है। इसलिए इन 5 तरह की बीमारियों में दूध से दूर ही रहने में भलाई है।

### पीसीओएस

जिन महिलाओं को लेट पीरियड आने और पीसीओएस की समस्या रहती है। उन्हें दूध पीने से बचना चाहिए। दूध पीने से बॉडी में एंड्रोजन और इंसुलिन का लेवल बढ़ता है। जिससे पीसीओएस की समस्या से पीड़ित महिलाओं में हार्मोनल इंबैलेंस को बढ़ावा मिलता है। हार्मोनल इंबैलेंस में दूध नहीं पीना चाहिए।

### लीवर की समस्या में दूध से रहें दूर

किसी को अगर लीवर से जुड़ी समस्या जैसे फैटी लीवर या लीवर में सूजन की समस्या हो तो उसे दूध से दूर रहना चाहिए। लीवर की गड़बड़ी होने पर लीवर दूध को ठीक से पचा नहीं पाता। जिसकी वजह से लीवर में सूजन की समस्या बढ़ जाती है। साथ ही शरीर में फैट जमा होना शुरू हो जाता है।

### इंफ्लेमेशन की समस्या

अगर किसी के शरीर में सूजन से जुड़ी बीमारी है तो उसे दूध पीने से बचना चाहिए। दूध में मौजूद सैचुरेटेड फैट बॉडी में इंफ्लेमेशन को बढ़ा देता है। कई सारी रिसर्च में दूध को सूजन बढ़ाने और सूजन से जुड़ी दिक्कतों को पैदा करने वाला भी बताया गया है।

### डाइजेस्टिव सिस्टम खराब

कब्ज, गैस, ब्लॉटिंग जैसी समस्या अक्सर परेशान करती है तो दूध कतई ना पिएं। कमजोर डाइजेशन होने पर दूध परेशानियों को और बढ़ा देता है।

### दूध से एलर्जी

कुछ लोगों को दूध से एलर्जी होती है। दूध पीते ही उनके शरीर में प्रतिक्रिया होने लगती है। जिसे लैक्टोज इंटॉलरेंस कहते हैं। इसमे दूध में मौजूद लैक्टोज को पचाने में दिक्कत होती है और ब्लॉटिंग, सूजन, गैस जैसी समस्या होने लगती है।

## दो साल में चार गुना बढ़ गया अडानी ग्रुप पर घरेलू बैंकों का कर्ज

- हिंडनबर्ग रिसर्च के बाद कैसे बदला मामला!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप और रिलायंस के बाद अडानी ग्रुप देश का तीसरा बड़ा औद्योगिक घराना है। इसका बिजनस कई सेक्टर्स में फैला है और हाल के वर्षों में इसने तेजी से अपना कारोबार बढ़ाया है। लेकिन करीब दो साल पहले अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडानी ग्रुप के बारे में एक रिपोर्ट जारी की थी। इसमें ग्रुप पर शेयरों की कीमत में हेराफेरी का आरोप लगाया गया था। हालांकि ग्रुप ने इन आरोपों से इनकार किया था लेकिन उसके शेयरों में भारी गिरावट आई। अब ग्रुप इस गिरावट से उबर चुका है लेकिन हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद ग्रुप में एक बड़ा बदलाव आया है।

हिंदू बिजनसलाइन की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो साल में अडानी ग्रुप की घरेलू बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से उधारी करीब चार गुना बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक 2023 की शुरुआत में अडानी ग्रुप पर घरेलू बैंकों और वित्तीय संस्थाओं की देनदारी



27,000 करोड़ रुपये थी जो अब बढ़कर करीब 1 लाख करोड़ रुपये हो गई है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के कारण अडानी ग्रुप को ग्लोबल बॉन्ड मार्केट्स से पैसा जुटाने में मुश्किल हो रही है।

### कैश बैलेंस

अडानी ग्रुप की कुल उधारी में घरेलू बैंकों और वित्तीय संस्थाओं की हिस्सेदारी 42 फीसदी है जबकि ग्लोबल कैपिटल मार्केट्स की हिस्सेदारी 27 फीसदी है। ग्लोबल बैंकों की हिस्सेदारी करीब 27 फीसदी है। सूत्रों का कहना है कि अडानी ग्रुप की बैलेंस शीट दुरुस्त है, इसलिए घरेलू बैंकों को उसे लोन देने में कोई दिक्कत नहीं है। सितंबर के अंत तक ग्रुप के पास 53,000 करोड़ रुपये से अधिक का कैश बैलेंस था। इतना ही नहीं अडानी ग्रुप भी अब घरेलू बैंकों से लोन लेने पर ज्यादा जोर दे रहा है। इसकी वजह यह है कि विदेशी बैंकों की तुलना में भारत में कर्ज लेना आसान है। ग्रुप 8 से 9 परसेंट ब्याज पर लोन ले रहा है। उसकी कॉस्ट ऑफ बोरोइंग में काफी गिरावट आई है। पिछले एक साल में उसकी कॉस्ट ऑफ कैपिटल 100 बेसिस पॉइंट से अधिक गिरी है। बैंक रिन्यूएबल एनर्जी, रोड और इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे प्रायोरिटी सेक्टर्स में आक्रामक तरीके से लोन दे रहे हैं और इसका फायदा भी अडानी ग्रुप को मिल रहा है।

**2 रुपये से 46 के पार अनिल अंबानी का रिलायंस पावर शेयर**

# 2000 प्रतिशत से ज्यादा उछल गया शेयर का दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कमजोर बाजार में भी अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। कंपनी के शेयर गुरुवार को 7 प्रतिशत से अधिक उछलकर 46.87 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले एक महीने में रिलायंस पावर के शेयरों में 21 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। वहीं, पिछले पांच साल में कंपनी के शेयर 2000 प्रतिशत से अधिक उछल गए हैं। कंपनी के शेयर इस अवधि में 2 रुपये से बढ़कर 46 रुपये के पार जा पहुंचे हैं। रिलायंस पावर के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 54.25 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का निचला स्तर 23.26 रुपये है।

- **1 लाख रुपये के बना दिए 21 लाख से ज्यादा-** रिलायंस पावर के शेयर 24 अप्रैल 2020 को 2.18 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 24 अप्रैल 2025 को 46.87 रुपये पर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों में पिछले पांच साल में 2000 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। अगर किसी व्यक्ति ने पांच साल पहले रिलायंस पावर के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए



होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में 1 लाख रुपये से खरीदे गए शेयरों की वैल्यू 21.50 लाख रुपये होती। रिलायंस पावर का मार्केट कैप 18,400 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

- **दो साल में शेयरों में 280 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी-** रिलायंस पावर के शेयरों में पिछले 2 साल में 280 पर्सेंट से अधिक का उछाल देखने को मिला है। कंपनी के शेयर 21 अप्रैल 2023 को 12.01 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 24 अप्रैल 2025 को 46.87 रुपये पर पहुंच गए हैं। वहीं, पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों में 70 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। कोटक म्यूचुअल फंड ने मार्च में रिलायंस पावर के करीब 33.43 लाख शेयर ऐड किए हैं।

मार्च 2025 तिमाही की शेयरहोल्डिंग के मुताबिक, 49 म्यूचुअल फंड्स के पास रिलायंस पावर के 1,51,98,878 शेयर हैं। रिलायंस पावर स्टैंडअलोन बेसिस पर पूरी तरह कर्ज मुक्त हो गई है।

# हिंदुस्तान यूनिलीवर का गिरा मुनाफा फिर भी हर शेयर पर दे रही 24 रुपये का डिविडेंड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड ने गुरुवार को मार्च 2025 में खत्म हुई चौथी तिमाही के नतीजे बताए। कंपनी का मुनाफा पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 3.7 प्रतिशत गिरकर 2,464 करोड़ रुपये रह गया। इसके बावजूद कंपनी अपने निवेशकों के लिए 24 रुपये प्रति शेयर (1 रुपये फेस वैल्यू वाले) डिविडेंड देने का ऐलान किया है। इस ऐलान के बाद एचयूएल के शेयर गिरने लगे। 11 बजे के करीब हिंदुस्तान यूनिलीवर अपने पिछले बंद भाव की तुलना में 1.92 प्रतिशत टूटकर 2,375.60 रुपये पर कारोबार कर रहा था। आज हिंदुस्तान यूनिलीवर 2,486.50 और 2,365.00 के मूल्य दायरे में कारोबार कर रहा है। हिंदुस्तान यूनिलीवर ने इस साल 4.17 प्रतिशत और पिछले 5 दिनों में 2.64 प्रतिशत रिटर्न दिया है। हिंदुस्तान यूनिलीवर का टीटीएम पी/ई अनुपात 50.88 है, जबकि सेक्टर पी/ई 49.56 है।

**कैसे रहे हिंदुस्तान यूनिलीवर के नतीजे-** पिछले साल क्यू4 में कंपनी ने 2,558 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। अगर पिछली तिमाही (क्यू3) से तुलना करें, तो प्रॉफिट में 17.4 प्रतिशत की गिरावट आई है।कंपनी की कुल आमदनी क्यू4 में 15,979 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की इसी तिमाही (15,441 करोड़) से 3.5 प्रतिशत ज्यादा है। हालाँकि, पिछली तिमाही के मुकाबले आमदनी लगभग समान ही रही।

**डिविडेंड का ऐलान-** कंपनी ने शेयरधारकों को मिलने वाले डिविडेंड का ऐलान भी किया। 31 मार्च 2025 को खत्म हुए साल के लिए बोर्ड ने फाइनल डिविडेंड 24 रुपये प्रति शेयर (1 रुपये फेस वैल्यू वाले) का प्रस्ताव रखा है। इससे पहले नवंबर 2024 में कंपनी ने 19 रुपये का इंटरिम डिविडेंड और 10 रुपये का स्पेशल डिविडेंड दिया था। इस तरह, पूरे साल में कुल 53 रुपये प्रति शेयर डिविडेंड दिया गया। कंपनी ने यह जानकारी स्टॉक एक्सचेंज को भेजे अपने दस्तावेज में दी है।

**क्या करें निवेशक-** कुल 38 विश्लेषकों ने हिंदुस्तान यूनिलीवर पर कवरेज शुरू की है। इनमें से 7 विश्लेषकों ने इसे स्ट्रांग बाय और 17 ने बाय रेटिंग दी है। 3 विश्लेषकों ने इस शेयर को बेचने की रेटिंग दी है। 31 मार्च 2025 में हिंदुस्तान यूनिलीवर में म्यूचुअल फंड की हिस्सेदारी 6.42 प्रतिशत थी।

पिछली तिमाही से स्थिर की हिस्सेदारी बढ़ी है। 31 मार्च 2025 में हिंदुस्तान यूनिलीवर में एफआइआइ की हिस्सेदारी 10.62 प्रतिशत थी। पिछली तिमाही से एफआइआइ की हिस्सेदारी घटी है।

# न अडानी, न अंबानी, सुनील मित्तल ने सबसे अधिक की कमाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टैरिफ पर ट्रंप की नरमी से दुनिया भर के शेयर बाजारों में न केवल रौनक लौटी है बल्कि अरबपतियों के नुकसान की



कुछ हद तक भरपाई भी होने लगी है। साल 2025 में कमाई के मामले में एयरटेल वाले सुनील मित्तल ने अडानी और अंबानी को पीछे छोड़ भारत की ओर सबसे अधिक की कमाई की है। इस साल मित्तल की संपत्ति में 4.30 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। अब इनके पास 28.2 अरब डॉलर की संपत्ति है। मित्तल ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में 64वें नंबर पर हैं। इस लिस्ट में 96वें नंबर पर काबिज राधाकृष्ण दमानी भी कमाई के मामले में सुनील मित्तल से ठीक पीछे हैं। इनके नेटवर्थ में इस साल 4.29 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। इनकी कुल संपत्ति 20.6 अरब डॉलर है। अडानी और अंबानी इस साल के टॉप लूजर की लिस्ट से अब गेनर की लिस्ट में आ गए हैं। दुनिया के 20वें सबसे रईस अडानी की संपत्ति 79.6 अरब डॉलर है और इस साल इनकी संपत्ति 900 मिलियन डॉलर बढ़ी है। अंबानी की बात करें तो वह 94.10 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ अमीरों की लिस्ट में 16वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी संपत्ति में 3.54 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

### एलन मस्क और जेफ बेजोस दोनों इस लिस्ट में नहीं

दुनिया के सबसे अमीर एलन मस्क और जेफ बेजोस दोनों इस लिस्ट में नहीं हैं, क्योंकि मस्क इस साल 122 अरब डॉलर गंवाकर सबसे बड़े लूजर बने हैं तो जेफ बेजोस इस कैटेगरी में तीसरे नंबर पर हैं। इनकी दौलत भी 36.6 अरब डॉलर घटी है। दुनिया के टॉप-10 अमीरों में से अमेरिका के मशहूर निवेशक वॉरेन बफेट इस साल के एक मात्र गेनर हैं। दुनिया के टॉप-10 अमीरों में से अमेरिका के मशहूर निवेशक वॉरेन बफेट इस साल के एक मात्र गेनर हैं।

### चीन के अरबपतियों को हुआ सबसे अधिक फायदा

इस अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड एंड टैरिफ वॉर से सबसे अधिक फायदा चीन के अरबपतियों को हुआ। दुनियाभर के अरबपतियों में उनका दबदबा बढ़ा है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की बात करें तो इस साल कमाई में टॉप-20 अरबपतियों में से 8 चीन से हैं। चीनी अरबपति झांग यिमिंग इस साल दौलत कमाने वाले अरबपतियों में तीसरे नंबर पर हैं। इस साल इनकी संपत्ति में 13.6 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। अब 57.5 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ ये दुनिया के 25वें सबसे रईस शख्स हैं।

**पाकिस्तान को तगड़ा झटका, इकोनॉमी का होगा बुरा हाल, वर्ल्ड बैंक का अनुमान**

# पाक शेयर बाजार में भी भयंकर तबाही

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक संकट से गुजर रहा पाकिस्तान के लिए बुरी खबर है। इकोनॉमी के मोर्चे पर पाकिस्तान को तगड़ा झटका लग सकता है। वर्ल्ड बैंक ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष के लिए पाकिस्तान के लिए अपने विकास अनुमान को कम करके 2.7 प्रतिशत कर दिया। वर्ल्ड बैंक ने पिछले साल अक्टूबर में जारी अपने पाकिस्तान विकास अपडेट (पीडीयू) में चालू वित्त वर्ष के दौरान पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था। हालांकि, अब इसे घटा दिया गया है। इसके अलावा, आईएमएफ द्वारा वित्त वर्ष 25 के लिए जीडीपी बढोतरी के पूर्वानुमान को घटाकर 2.6 प्रतिशत कर दिया गया है।

**वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में क्या कहा गया-** पाकिस्तानी वेवसाइट डॉन के मुताबिक, वर्ल्ड बैंक ने इसके लिए सख्त मॉनेटरी और फिस्कल पॉलिसीज के कारण लगातार बाधाओं का हवाला दिया। बुधवार को जारी एक बयान में विश्व बैंक ने कहा कि विकास कई निगेटिव जोखिमों के अधीन रहेगा। हालांकि, पूर्वानुमान है कि अगले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 26) में आर्थिक विकास दर 3.1



प्रतिशत और वित्त वर्ष 27 में 3.4 प्रतिशत तक सुधर सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, कृषि विकास में मामूली बढ़ोतरी देखी गई, जिसका एक कारण प्रतिकूल मौसम और कीट संक्रमण है। हालांकि, इंडस्ट्रियल एक्टिविटीज में गिरावट आई, जिसका असर हाई इनपुट लागत और टैक्स और कम सरकारी खर्च पर पड़ा है। रिपोर्ट की प्रमुख लेखिका अन्ना ट्वुम ने कहा, हाई कर्ज स्तर, पॉलिसी और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं और जलवायु झटकों के जोखिम के कारण जोखिम उच्च बने हुए हैं। इसी तरह कमजोर एग्रीकल्चर और इंटस्ट्रियल एक्टिविटीज से सीमित स्पिलओवर के कारण सर्विस सेक्टर की बढ़ोतरी बेहद धीमी रही। विश्व बैंक ने कहा कि भविष्य में इसे मजबूत होने की उम्मीद है, लेकिन आर्थिक विकास धीमा रहेगा, जिससे अधिक जनसंख्या बढ़ोतरी के बीच रोजगार सृजन और गरीबी में कमी चुनौतीपूर्ण होगी।

**पाकिस्तानी शेयर बाजार में भी हाहाकार-** ब्लूमबर्ग के मुताबिक, पाकिस्तार के शेयर बाजार में भारी भूचाल आ गया है। कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमलों के बाद लगातार पाकिस्तानी शेयर बाजार टूट रहा है। आज 24 अप्रैल को पाकिस्तान के शेयर बाजार 2,152.12 अंक यानी 1.84 प्रतिशत लुढ़क गया और 114,974.94 पर आ गया। इससे पहले कल पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज में बुधवार को भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी। बेंचमार्क केएसई-100 सूचकांक में 1,204 अंकों की गिरावट आई थी। सूचकांक 1,204.21 अंक या 1.02 प्रतिशत घटकर 117,226.15 अंक पर आ गया था। यानी दो दिन में ही 3,356.12 अंकों की तगड़ी गिरावट आई है। यानी हमले के बाद से पाकिस्तानी निवेशकों का बुरा हाल हो गया है। उनके करोड़ों रुपये डूब गए। बता दें कि जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने पर्यटकों को निशाना बनाकर फायरिंग की। इससे करीबन 28 की मौत हो गई और कई घायल हो गए। इधर, भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर बुधवार को पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए उसके साथ राजनयिक संबंधों में व्यापक कटौती करने, 1960 की सिंधु जल संधि स्थगित करने और अटारी चौकी को बंद किए जाने समेत कई फैसले किए। भारत ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ 1960 की सिंधु जल संधि तत्काल प्रभाव से स्थगित रहेगी, जब तक कि इस्लामाबाद सीमा पार आतंकवाद के लिए विश्वसनीय रूप से अपना समर्थन बंद नहीं कर देता।

**भारतीय इकोनॉमी के आगे पाकिस्तान कुछ भी नहीं-** आर्थिक शक्ति किसी भी देश की समृद्धि और उसकी वैश्विक स्थिति का प्रमुख संकेतक होती है। आज की दुनिया में, कुछ देश अपनी विशाल आर्थिक संरचना के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बड़ा प्रभाव डालते हैं। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसका जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर के करीब है।

# केनरा और पंजाब नेशनल बैंक समेत 8 शेयरों पर फिदा हैं एक्सपर्ट्स

केनरा बैंक Canara Bank

VS

pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चॉइस ब्रोकिंग के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर सुमित बगड़िया ने आज के लिए दो स्टॉक पिक की सलाह दी है। आनंद राठी में टेक्निकल रिसर्च के सीनियर मैनेजर गणेश डोंगरे ने तीन शेयर सुझाए हैं, जबकि प्रभुदास लीलाधर के सीनियर मैनेजर (टेक्निकल रिसर्च) शिजू कूथुपलक्कल ने दो शेयर की सिफारिश की है।

इनमें एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड, बजाज फाइनेंस लिमिटेड, केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड और गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड शामिल हैं।

**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड:-** बगड़िया ने 710 रुपये के टार्गेट प्राइस के लिए 640 रुपये पर स्टॉप लॉस रखते हुए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को 665.45 रुपये में खरीदने की सलाह दी है।

**होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड:** बगड़िया ने 1301.1 रुपये में होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी खरीदने की सलाह दी है। 1380 रुपये टार्गेट प्राइस के लिए स्टॉप लॉस को 1250 रुपये पर रखें।

### गणेश डोंगरे के शेयर

**बजाज फाइनेंस लिमिटेड:** - डोंगरे ने 9600 रुपये के टार्गेट प्राइस के लिए 9320 रुपये में बजाज फाइनेंस खरीदने की सलाह दी है। साथ में 9150 रुपये पर स्टॉप लॉस रखने की सिफारिश की है।

**केनरा बैंक:** डोंगरे ने केनरा बैंक को 99 रुपये में खरीदने की सलाह दी है, स्टॉप लॉस को 95 रुपये पर रखकर 105 रुपये के टार्गेट प्राइस पर रखा है।

**पंजाब नेशनल बैंक:** डोंगरे ने पंजाब नेशनल बैंक को 108 रुपये के टार्गेट प्राइस के लिए 97 रुपये के स्टॉप लॉस के साथ 103 रुपये में खरीदने की सलाह दी है।

**मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड:** कूथुपलक्कल रु. 12500 के टार्गेट प्राइस के लिए लगभग 11907 में मारुति सुजुकी खरीदने की सलाह दी है साथ में स्टॉप लॉस को 11700 पर रखने की सिफारिश की है।

**ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड:** कूथुपलक्कल ने 3000 के टार्गेट प्राइस के लिए लगभग 2846 रुपये में में ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्यूटिकल्स खरीदने की सलाह दी है, स्टॉप लॉस को रु. 2790 पर रखा है।

# सरकार वोडा आइडिया में नहीं लेगी 49 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी

### सिंधिया बोले- कंपनी बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार की वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। सरकार यह नहीं चाहती कि दूरसंचार कंपनी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) में बदल जाए। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया बुधवार को यह बात कही। वोडाफोन आइडिया को कड़ा संदेश देते हुए सिंधिया ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा कि अब यह दूरसंचार कंपनी का काम है कि वह अपना प्रदर्शन सुनिश्चित करे। हाल ही में स्पेक्ट्रम नीलामी के बकाया 36,950 करोड़ रुपये को इक्विटी में परिवर्तित करने के बाद, सरकार के पास अब वोडाफोन आइडिया लिमिटेड में 48.99 प्रतिशत शेयर हैं। इससे पहले, सरकार की हिस्सेदारी लगभग 22.6 प्रतिशत थी। यहां यह बताना जरूरी है कि अगर सरकार के पास अब कोई अतिरिक्त हिस्सेदारी आई तो कंपनी सार्वजनिक उपक्रम में बदल सकती है और सरकार इसे प्रशासनिक नियंत्रण में ला सकती है। क्योंकि केंद्र के पास तब कंपनी का बोर्ड नियुक्त करने का अधिकार होगा। इसके साथ ही, ऐसी परिस्थितियों में कंपनी कैग और अन्य निरीक्षण निकायों के दायरे में भी आ जाएगी। सिंधिया ने कहा, अब यह उनका (वीआईएल का) काम है कि वे अच्छा प्रदर्शन करें। आज सरकार के पास कंपनी की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सरकार का इसे सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम बनाने का कोई इरादा नहीं है। इसलिए हम 49 प्रतिशत हिस्सेदारी पर कायम रहेंगे।



## धनुष की फिल्म को लेकर आया बड़ा अपडेट

साउथ सुपरस्टार अभिनेता धनुष इस समय अपनी कई धमाकेदार फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उनकी फिल्मों के अपडेट से दर्शकों में एक अलग रोमांच देखने को मिल रहा है। अब एक फिल्म को लेकर अपडेट आया है कि यह दिग्गज कलाकार उनकी फिल्म में शामिल हो रहा है।

### क्या है अपडेट?

हाल ही में तमिल कॉमेडी फिल्म सूमो के प्री रिलीज इवेंट के दौरान फिल्म निर्माता इशारी के गणेश ने धनुष की आगामी फिल्म डी 56 को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है। फिल्म निर्माता ने बताया कि धनुष की आगामी फिल्म डी 56 में म्यूजिक मशहूर संगीतकार एआर रहमान देंगे, जो एक शानदार अनुभव होगा। इसके अलावा इशारी गणेश ने धनुष के साथ एक और प्रोजेक्ट की घोषणा की है, जो विग्नेश राजा द्वारा निर्देशित किया जाएगा। सबसे खास बात यह सामने आई कि यह फिल्म डी 56 से पहले दर्शकों के बीच रिलीज की जाएगी।

### एक नजर डी 56 की ओर

'डी 56' धनुष के बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक है। यह फिल्म एक ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसे डायरेक्टर मारी सेल्वराज बना रहे हैं। इसी महीने अप्रैल में धनुष ने अपनी आगामी फिल्म डी 56 का थीम पोस्टर जारी किया था। इस पोस्ट में कई साल पुरानी एक तलवार दिखाई देती है, जिसके ऊपर कंकाल की खोपड़ी लगी हुई है। इस तस्वीर पर लिखा हुआ था एक महान युद्ध की शुरुआत। धनुष के फैंस में इस पोस्टर को लेकर काफी रोमांच है।

इस समय उनके पास कई फिल्में हैं, जिनमें कुछ रिलीज होने वाली है। धनुष की फिल्म कुबेर, जो 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। इस फिल्म में धनुष के साथ रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। वहीं, अभिनेता की दूसरी फिल्म की बात करें तो वह है इडली कड़ाई, जो एक अक्टूबर 2025 को रिलीज होगी। इसके अलावा अन्य फिल्मों की बात करें तो धनुष तेरे इश्क में, डी 55 आदि फिल्मों में नजर आने वाले हैं।



## पंजाबी हीरोइनों को गलत रास्ता दिखाने वाले पर आगबबूला हुईं हिमांशी

अभिनेत्री और बिग बॉस 13 फेम हिमांशी खुराना ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्टज में उन्होंने पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े एक शख्स पर निशाना साधा और उस पर उनके नाम का इस्तेमाल करते हुए युवा लड़कियों और महत्वाकांक्षी अभिनेत्रियों को गुमराह करने का आरोप लगाया। हालांकि, उन्होंने उस व्यक्ति का नाम नहीं लिया। अभिनेत्री ने उस व्यक्ति को मूर्ख सहित कई कड़े शब्द कहे।

### हिमांशी खुराना ने क्या लिखा?

हिमांशी खुराना ने रविवार रात को अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पंजाबी में लिखा, 'पंजाबी इंडस्ट्री में एक मूर्ख है, वह बेहद घिनौना, बेशर्म और बेकार इंसान है जो हमारे सभी कलाकारों के बीच घूमता रहता है दावा करता है कि वह उन्हें गानों और फिल्मों में काम दिलवाएगा। वह उनकी निजी जानकारी का दुरुपयोग करता है। मुझे पता चला कि वह लंबे समय से मेरे बारे में बात कर रहा है और नई लड़कियों को यह कहकर गुमराह कर रहा है कि सभी जाने-माने पंजाबी कलाकार उसके नियंत्रण में हैं।'

### 10 लाख रुपये दे चुकी हैं उधार

अभिनेत्री ने खुलासा करते हुए आगे लिखा, 'मैंने उसे हजार बार नजरअंदाज किया, लेकिन वह नहीं बदला और इस बार मैं इसे बर्दाश्त नहीं कर सकती। एक लड़की ने खास तौर पर मेरी टीम के जरिए मुझे उसके बारे में मैसेज भेजा है। अगर आप यह पढ़ रहे हैं तो मैं आपको याद दिला दूं, आप पर अभी भी मेरा पैसा बकाया है। मैंने आपसे पैसे नहीं मांगे हैं, क्योंकि मैं ऐसी ही हूं। मैंने आपको एक बार में 10 लाख रुपये उधार दिए थे। आप नई लड़कियों को यह बताने की स्थिति में नहीं हैं कि हिमांशी आपकी बात सुनती है। याद है जब आप लंदन में फंस गए थे? मैंने आपकी मदद की थी। आपके पास टिकट के लिए भी पैसे नहीं थे। सभी कलाकार, कृपया सावधान रहें। मैं आपका नाम नहीं लिखना चाहती और आपको फुटेज नहीं देना चाहती, लेकिन आप किसी बिचौलिए से कम नहीं हैं।'

हिमांशी खुराना एक पंजाबी अभिनेत्री है। उन्हें पंजाबी फिल्म 'साड्डा हक में बतौर अभिनेत्री पहचान मिली। वह कई फिल्मों के साथ म्यूजिक वीडियोज में भी काम कर चुकी हैं। अभिनेत्री ने 'बिग बॉस 13' में हिस्सा लेकर घर-घर अपनी पहचान बनाई। शो में वह आसिम रियाज के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर भी चर्चा में रहीं। हालांकि, बाहर आने के कुछ दिनों बाद दोनों ने एक-दूसरे से दूरी बना ली।



## कन्नड़ सिनेमा में डेब्यू करेंगी पूजा हेगड़े सूर्या के साथ जमेगी जोड़ी



बॉलीवुड और साउथ फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत चुकीं पूजा हेगड़े अब साउथ फिल्म रेट्रो में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनकी जोड़ी साउथ अभिनेता सूर्या के साथ नजर आएगी। वहीं अब पूजा कन्नड़ सिनेमा में अपना लक आजमाने जा रही हैं।

पूजा हेगड़े जल्द ही साउथ फिल्म रेट्रो में अभिनेता सूर्या के साथ नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 1 मई 2025 को सिनेमाघरों में कई भाषाओं में रिलीज की जाएगी। इस फिल्म का निर्देशन कार्तिक सुब्बाराज ने किया है। वहीं अब कई फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत चुकीं पूजा अब कन्नड़ फिल्म में डेब्यू करने वाली हैं। एक खबर के अनुसार, पूजा ने हाल ही में कन्नड़ फिल्म बीआरबी- फर्स्ट ब्लड (बिल्ला रंगा बाशा) साइन की है। इस फिल्म में पूजा कन्नड़ अभिनेता किच्चा सुदीप के साथ काम नजर आएंगी। हालांकि फिल्म निर्माताओं की ओर से इस बात की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सोशल मीडिया पर यह खबर तेजी से फैल रही है। अगर पूजा इस फिल्म का वाकई में हिस्सा हैं तो यह फिल्म पूजा हेगड़े की कन्नड़ सिनेमा में उनकी पहली फिल्म होगी। इस फिल्म का निर्देशन अनूप भंडारी करेंगे। फिल्म के निर्माण की जिम्मेदारी हनु-मान के निर्माता निरंजन रेड्डी और चैतन्य रेड्डी करेंगे।

वर्कफ्रंट की बात करें तो पूजा साउथ सुपरस्टार दलपति विजय की फिल्म जना नायगन में नजर आएंगी। इसके अलावा पूजा लोकेश कनगराज निर्देशित फिल्म कुली में नजर आएंगी। इन फिल्मों के अलावा पूजा फिल्म रेट्रो में नजर आएंगी।

## डॉन 3 में रणवीर सिंह के साथ जम सकती है कृति सेनन की जोड़ी

फरहान अख्तर की डॉन 3 बहु प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इससे जुड़ी हर अपडेट पर फैंस की नजर रहती है। बीते वर्ष यह एलान किया गया कि इस फिल्म में लीड रोल रोल रणवीर सिंह अदा करेंगे। वहीं, लीड अभिनेत्री के रूप में कियारा आडवाणी का नाम फाइनल किया गया। मगर, प्रेग्नेंसी के चलते वे इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गई हैं। अब नई एक्ट्रेस के नाम की चर्चा है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि डॉन 3 में कृति सेनन की एंट्री हो गई है। वे रणवीर सिंह के अपोजिट फिल्म में नजर आ सकती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कृति ने डॉन 3 में रणवीर के साथ काम करने के लिए सहमति जताई है। कुछ ही हफ्तों में बात फाइनल हो सकती है।





## आमिर खान नहीं, अब राजकुमार राव निभा सकते हैं उज्जवल निकम की भूमिका

**मशहूर सरकारी वकील उज्ज्वल निकम की बायोपिक बनने जा रही है, जिसे दिनेश विजन बनाएंगे। इस फिल्म के लिए पहले आमिर खान का नाम सामने आया था, लेकिन उन्होंने इस फिल्म को करने से साफ इनकार कर दिया है, जिसके बाद अब उज्ज्वल की भूमिका को यह बॉलीवुड अभिनेता निभाएंगा। यह फिल्म एक रोमांचक कोर्टरूम ड्रामा होगी।**

एक खबर के मुताबिक, दिनेश विजन मशहूर सरकारी वकील उज्ज्वल निकम की बायोपिक बना रहे हैं। खबर है कि राजकुमार राव इस फिल्म में उज्ज्वल की भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि आमिर खान ने इस किरदार से पीछे हटने का फैसला किया है। पहले आमिर इस फिल्म में अभिनय करने वाले थे, लेकिन अब वह केवल निर्माता के रूप में जुड़े रहेंगे।

### कब शुरू हो सकती है शूटिंग

दरअसल, दिनेश विजन चाहते हैं कि राजकुमार, उज्ज्वल निकम का किरदार निभाएं, क्योंकि वह इस भूमिका में फिट बैठेंगे। फिल्म को लेकर राजकुमार से बातचीत हो चुकी है, लेकिन फिलहाल वह विक्रमादित्य मोटवानी की फिल्म की तैयारी में व्यस्त हैं, जिसमें वह एक खिलाड़ी का किरदार निभाएंगे।

### कौन हैं उज्ज्वल निकम

उज्ज्वल निकम भारत के प्रसिद्ध सरकारी वकील हैं। उन्होंने 1993 के बॉम्बे बम धमाकों, 2008 के मुंबई हमलों, प्रमोद महाजन हत्या, गुलशन कुमार हत्या, 2013 के मुंबई गैंगरेप और 2016 के कोपर्डी बलात्कार जैसे बड़े मामलों में अभियोजन किया। 2016 में भारत सरकार ने उन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया।

राजकुमार राव जल्द ही फिल्म भूल चूक माफ में नजर आएंगे, जो 9 मई को रिलीज होगी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी है, जिसमें वह रंजन नाम के एक दूल्हे का किरदार निभाएंगे, जो अपनी शादी से पहले एक समय चक्र में फंस जाता है। इस फिल्म का निर्देशन करण शर्मा ने किया है और इसे दिनेश विजान ने अमेजन एमजीएम स्टूडियो के साथ मिलकर बनाया है।



## मैं भूत-प्रेत में नहीं मानता, नेगेटिव एनर्जी तो मैंने लोगों से महसूस की है

रजत कपूर बॉलिवुड के उन अभिनेताओं में से हैं, जो राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी साख रखते हैं। नाटकों की दुनिया से आए रजत ने स्रञ्ज्ञद्बद्ध में खुद को पॉलिश किया और मॉनसून वेडिंग, दिल चाहता है, मिथ्या जैसी कई फिल्मों में अपने अभिनय की जादूगरी दिखाई। तीन -तीन राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त रजत एक सोच प्रेरक निर्देशक भी हैं। इन दिनों वह ह्रञ्ज्ञ पर आने वाली अपनी सीरीज खौफ को लेकर चर्चा में हैं। उनसे एक बातचीत।

**आप रघु रोमियो, मिक्स्ड डबल, मिथ्या, आंखों देखी, आरकेआरके जैसी कई फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं, मगर जब सेट पर एक एक्टर के रूप में होते हैं, तो अपने भीतर के निर्देशक को किस तरह से कंट्रोल करते हैं?**

मैंने अपने अंदर के निर्देशक को शांत कर देता हूं। वैसे आपको एक बात बताऊं? सेट पर जितने भी लोग होते हैं, वो अपनी पिक्चर बना रहे होते हैं। निर्देशक भले सेट पर अपना काम कर रहा होता है, मगर शूटिंग पर मौजूद हर बंदा यही सोच रहा होता है कि मैं बनाता तो इस फिल्म को ऐसे बनाता। सेट पर डेढ़ सौ पिक्चर बन रही होती हैं। मैं कोशिश करता हूं कि जब मैं सेट पर हूं, तो अपनी पिक्चर बनाते हुए न बैठूं। मेरे दिमाग में वाहियात सवाल न आए कि मैं करता तो कैसे करता? अरे भाई मैं क्यों करता? मैं सेट पर डायरेक्टर का अभिनेता होता हूं। मैं बहुत विनम्र होता हूं, हां, किसी सीन पर सलाह या सुझाव जरूर दे सकता हूं, मगर अंततः यह डायरेक्टर के हाथ में है कि वो मेरी सलाह मानता है या नहीं।

**आपको अपनी फिल्मों के लिए तीन-तीन राष्ट्रीय पुरस्कार (तराना, हिप्नोथिसिस, रघु रोमियो) मिले हैं, तो आपके लिए अवॉर्ड कितनी अहमियत रखते हैं।**

सच्ची बात बताऊं? दुनिया में 7-8 लोग ऐसे हैं, जिन्हें मैं पसंद करता हूं और प्रेम भी, तो मुझे उनकी सराहना चाहिए होती है, जिसमें मेरी बीवी है और कुछ दोस्त हैं। अगर मेरी फिल्म उन लोगों को पसंद आती है, तो वही मेरा सबसे बड़ा अवॉर्ड होता है। उसके बाद उस फिल्म को पांच हजार लोग देखें या पांच लाख, वो मेरे लिए बोनस होता है। ऐसा नहीं है कि लोगों की वाहवाही अच्छी नहीं लगती, मगर उनसे वाहवाही न भी मिले, तो चलेगा, मगर मेरे अपने लोगों की तारीफ मेरे लिए जरूरी है।

**आपके लिए सबसे ज्यादा मुश्किल दौर कौन-सा था?**

मुश्किल दौर आते-जाते रहे हैं। सच कहूं, तो जब भी कोई फिल्म रिलीज होती है, मेरे आने वाले दो हफ्ते डिप्रेसिंग होते हैं। फिल्म चल रही है या नहीं? क्या हो रहा है? बहुत कुछ चल रहा होता है, मगर फिर उसके बाद ढर्रे पर आना पड़ता है। अपनी हर फिल्म बनाने में मुझे काफी जद्दोजहद लगी है। एक फिल्म के बाद दूसरी फिल्म बनाने में पांच साल भी लगे हैं। मैं आपको बताऊं, आंखों देखी को रिलीज के बाद इतना प्यार मिला। वो फिल्म मैंने 2012 में बनाई, जो एक साल बाद रिलीज हुई। उसकी खूब चर्चा हुई, मगर उसके बाद दूसरी फिल्म मिलने में मुझे 6 साल लग गए। ऐसा नहीं था कि आंखों देखी के बाद मेरे लिए सब चीजें आसान हो गई हों। मैं कोई शिकायत नहीं कर रहा। मैं जानता हूं कि जिस जगह हमने काम करने का फैसला किया है, वह एक बाजार है और मार्केट में चीजें मोल-तोल से बिकती हैं, आर्टिस्टिक वैल्यू के साथ नहीं। मगर मैं ऐसा कोई सिनेमा नहीं बनाता जिसमें मुझे यकीन न हो। मैं फिल्में मजे के लिए करता हूं और जिस फिल्म पर मुझे डेढ़-दो साल लगाने हों, उस पर मेरा फेथ पक्का होना चाहिए।

**अपनी पिछली फिल्म आरकेआरके में आपने मल्लिका शेरावत के साथ एक्टिंग और डायरेक्शन किया। आप इंडस्ट्री में व्याप्त स्टार सिस्टम को कैसे देखते हैं?**

देखिए, इंडस्ट्री एक मार्केट प्लेस है, तो यहां सुंदर चीजें बिकती हैं। मैं इसके खिलाफ नहीं हूं। यह इस पेशे की सचाई है। जो स्टार्स हैं, वो भी किसी वजह से इतने बड़े स्टार्स हैं। उनमें करिश्मा है, कोई बात है। आप उन्हें देखना चाहते हैं। अब ये बात और है कि स्टार्स अगर चाहें, तो बेहतर फिल्में भी कर सकते हैं। मगर वो नहीं चाहते और यह दुर्भाग्यपूर्ण है। जैसे हॉलिवुड में ब्रैड पिट, लियोनार्डो जैसे सभी बड़े एक्टर और स्टार्स ने छोटी-छोटी और मीनिंगफुल फिल्मों में काम किया है। ऐसा ही हमारे स्टार्स करें, तो मजा आ जाए।

**मॉनसून वेडिंग के बाद एक बार फिर आप सीरीज खौफ में नेगेटिव भूमिका में नजर आ रहे हैं। इस रोल को चुनने की कोई खास वजह?**

हां, ये बहुत ही घटिया आदमी है। एक्टर के रूप में इस भूमिका ने मुझे काफी चैलेंज किया, साथ ही ये रोल मेरे लिए कुछ हद तक डरावना भी था। इस तरह की भूमिका एक अदाकार को मुश्किल से करने मिलती है, तो मैंने इस मौके को गनीमत जानकर इस रोल को अपना लिया। इसके अलावा मैं एक इमेज में बंधकर थक भी गया था। 2006 में मैंने कॉर्पोरेट फिल्म की और उसके बाद मुझे उसी तरह की भूमिकाएं मिलने लगीं, तो हर बार जब मेरा कोई रोल हिट हो जाता, तो मुझे उसी तरह के चरित्रों का ऑफर मिलने लगता था। मैं एक ही तरह की भूमिकाओं को नकारते हुए तंग आ चुका था, मगर यह रोल मुझे बहुत ज्यादा चुनौतीपूर्ण लगा।

अंपायर पैसे ले रहा है...

## आईपीएल में ईशान किशन के आउट होने पर बवाल, वीरेंद्र सहवाग ने कसा तंज, बोले- ईमानदारी समझ नहीं आई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपने जमाने के वस्फिोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2025 मैच के दौरान ईशान किशन के आउट होने पर उनकी आलोचना की. वीरू ने इस दौरान अंपायर के कॉल का इंतजार किए बिना मैदान से बाहर जाने के ईशान किशन के फैसले पर सवाल उठाया और इसे ब्रेनफेड बताया. वीरेंद्र सहवाग ने इस दौरान कहा- 23 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2025 मैच के दौरान ईशान किशन की ईमानदारी समझ नहीं आई. ध्यान रहे ईशान किशन जो एसआरएस के साथ हैं, उन्होंने अपने आईपीएल करयिर की शुरुआत 2018 में एमआई के साथ की थी. वह मुंबई के लिए 2018 से 2024 के बीच सात सीजन खेले थे.

सहवाग ने ईशान किशन के मामले में कहा-कई बार ऐसे मौकों पर आपका दिमाग काम नहीं करता है. कम से कम उसको (ईशान) को रुक तो जाना चाहिए था. अंपायर को आउट तो देना चाहिए था. वो (अंपायर) भी उतरे पैसे ले रहा है, फ्री में खड़ा होता तो समझ आता... उसको (अंपायर) भी अच्छी खासी मैच फीस मिल रही है. उसका काम करने दे तू अपना काम कर...

सहवाग ने कहा उनको कुल मिलाकर ईशान किशन की यह ईमानदारी समझ नहीं आई. अगर लगा (बैट से बॉल) हो तो आप जाओ और यह दिखाओ कि आप खेल भावना का परिचय दे रहे हो. लेकिन यह बात समझ से परे रही. इस दौरान वीरेंद्र सहवाग ने यह भी कहा कि इस मामले में उनको रिकी पोंटिंग अच्छे लगते थे. क्योंकि जब तक उनको अंपायर आउट नहीं देते थे, तब तक वो मैदान नहीं छोड़ते थे.

### ईशान किशन के आउट होने पर क्यों उठे सवाल

ईशान किशन को आउट होना स्कोरकार्ड पर कैच आउट करार दिया गया. जबकि उनके बैट और गेंद का कोई संपर्क नहीं हुआ. ईशान जब आउट हुए तो यह सनराइजर्स हैदराबाद की पारी का तीसरा ओवर था औ पहली गेंद थी, जिसे दीपक चाहर कर रहे थे. ईशान किशन ने मुकाबले में 4 गेंदों का सामना किया और महज 1 रन बनाया. दीपक चाहर की यह गेंद लेग साइड की तरफ जा रही थी, जो लेंथ बॉल थी और अंदर की ओर स्विंग हो रही थी. अंपायर ने पहले तो इसे वाइड देने का इशारा किया. इस पर ना तो चाहर ने अपील की, ना ही विकेटकीपर रयान रिकेल्टन ने कुछ कहा. लेकिन तभी ईशान खुद ही पवेलियन की ओर चल पड़े, जैसे उन्हें लगा कि वो आउट हैं, ये देखकर अंपायर विनोद सेशन ने भी अपनी उंगली उठा दी और आउट दे दिया. इस पर हार्दिक पंड्या ने उनके सिर पर हाथ रखकर ईशान की ईमानदारी की तारीफ भी कर दी.

## पीएसएल पर लगेगा बैन पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान मैच अब हो सकता है सपना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पीएसएल यानी पाकिस्तान सुपर लीग को बैन करने की तैयारी है. इतना ही नहीं जिस तरह के कड़े फैसले लिए जा रहे हैं या आने वाले दिनों में हो सकते हैं, उसके बाद भारत-पाकिस्तान मैच भी आगे सपना ही बनकर रह सकता है. पहलगाम हमले की आंच से ऐसा बाइलेटरल सीरीज में तो होगा ही, उसके अलावा आईसीसी टूर्नामेंट्स में होने वाली दो धुर विरोधियों की टकरार में कमी आ सकती है. बेशक, अभी इन मुद्दों पर कुछ भी आधिकारिक नहीं है लेकिन अगर आगे ऐसे फैसले सुनाई देते हैं तो हैरानी भी नहीं होगी. अब आप सोच रहे होंगे कि पीएसएल तो पाकिस्तान की टी20 लीग है. फिर वो बैन कैसे हो सकता है. तो बैन पाकिस्तान में उस टी20 लीग के आयोजन पर बैन नहीं लगेगा. बल्कि वो बैन पीएसएल के भारत में दिखाए जाने पर लग सकता है. फिलहाल पाकिस्तान सुपर लीग भारत मे सोनी सिक्स पर आ रहा है. भारत सरकार ने पहलगाम हमले के अगले दिन ही पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में देश छोड़ने को कहा है. बॉलीवुड में कई कलाकार हैं जो पाकिस्तान से ताल्लुक रखते हैं. भारत सरकार के कदम के बाद पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान की आने वाली फिल्म अबीर-गुलाल की रिलीज पर भी रोक लग सकती है.



# रोहित शर्मा की तारीफ करने के पीछे एक वजह है कि वे लीजेंड हैं: भारत के पूर्व कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत का मानना है कि भारत के अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने हैदराबाद में सनराइजर्स के खिलाफ बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया जिससे सभी को याद आ गया कि उन्हें लीजेंड क्यों माना जाता है। पहली पारी में ट्रेंट बोल्ट की धमाकेदार गेंदबाजी के सामने संकट में फंसी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम लड़खड़ा गई। दूसरी पारी में रोहित ने कहर बरपाया और हैदराबाद की जीत की उम्मीदों को खत्म करते हुए ताबूत में आखिरी कील ठोक दी। रोहित की यह छोटी और प्रभावी शुरुआत नहीं थी, जिसके लिए वे जाने जाते हैं। लगातार दूसरे मैच में उन्होंने क्रीज पर समय बिताया और प्रदर्शन किया, जबकि 70 (46) रन की पारी के दौरान उन्होंने आसानी से बाउंड्री लगाई। रोहित की 70 रनों की तूफानी पारी पर



भरोसा करते हुए मुंबई ने 144 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया और कुछ ओवर शेष रहते 7 विकेट से जीत हासिल की। श्रीकांत रोहित की क्लास से प्रभावित थे और उन्होंने सनराइजर्स को अगले साल के लिए शुभकामनाएं देते हुए संकेत दिया कि प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उनकी संभावनाएं खत्म हो गई हैं। श्रीकांत ने एक्स पर लिखा, क्या शानदार पारी और फॉर्म में आने का क्या समय! अगर यह खिलाड़ी 6 ओवर से अधिक समय तक विकेट पर रहता है तो भगवान विपक्ष की मदद करें! उसके लीजेंड होने का एक कारण है और उसने हम सभी को यह दिखाया है कि क्यों अगले साल स्क्रा को शुभकामनाएं! रोहित ने सनराइजर्स के डिफेंस की रीढ़ तोड़ते हुए टी20 क्रिकेट में 12,000 रन पूरे किए और इस उपलब्धि को हासिल करने वाले दूसरे भारतीय और कुल मिलाकर आठवें खिलाड़ी बन गए। रोहित ने 456 मैचों और 443 पारियों में 30.91 की औसत से 12,058 रन बनाए हैं, जिसमें 8 शतक और 80 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121* है। वह टी20 में आठवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। टी20 में भारतीयों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी विराट कोहली हैं, जिन्होंने 407 मैचों और 390 पारियों में 41.79 की औसत और 134.33 की स्ट्राइक रेट से 13,208 रन बनाए हैं, जिसमें 9 शतक और 101 अर्द्धशतक और 122* का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। वह इस प्रारूप में पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

## गौतम गंभीर को मिली जान से मारने की धमकी, भारतीय टीम के हेड कोच ने की सुरक्षा की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच और पूर्व बीजेपी सांसद गौतम गंभीर को जान से मारने की धमकी मिली है। ढ्ढस्ढ्ढस् कश्मीर की तरफ से गंभीर को ये धमकी दी गई है। इसके बाद भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच ने इस तरह की धमकी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। गंभीर को ये धमकी ईमेल के जरिए दी गई।

गौतम गंभीर को आतंकी संगठन आईएसआईएस कश्मीर से जान से मारने की मिली धमकी के बाद उन्होंने बुधवार को दिल्ली पुलिस से संपर्क करते हुए एफआईआर दर्ज कराई और अपने साथ ही अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की। आपको बता दें कि पूर्व भारतीय ओपनर बल्लेबाज गौतम गंभीर इस वक्त टीम इंडिया के हेड कोच हैं। वो टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद भारतीय टीम के हेड



कोच नियुक्त किए गए थे। इससे पहले वो आईपीएल फ्रेंचाइजी केकेआर के साथ जुड़े हुए थे। गंभीर के कोच बनने के बाद भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में टेस्ट सीरीज गंवाना पड़ा था तो वहीं ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में हार मिली थी, लेकिन इसके बाद भारत ने अच्छी वापसी करते हुए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम किया था। गंभीर अपनी बेबाक राय के लिए जाने जाते हैं और बतौर भारतीय ओपनर उन्होंने देश के लिए कई यादगार पारियां भी अपने क्रिकेट करियर के दौरान खेली थी।

गौतम गंभीर ईस्ट दिल्ली से 5 साल तक बीजेपी सांसद भी रहे, लेकिन साल 2024 के चुनाव में उनका टिकट काट दिया गया था। गंभीर इस वक्त भारतीय टीम के हेड कोच हैं, लेकिन इससे पहले वो बतौर कमेंटेटर भी क्रिकेट से जुड़े हुए थे। गंभीर ने अपनी कप्तानी में केकेआर को दो बार चैंपियन बनाया था तो वहीं बतौर मेंटर उन्होंने साल 2024 में फिर से इस टीम को चैंपियन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी।

## जसप्रीत बुमराह ने लगाया 'तिहरा शतक'




**नई दिल्ली, एजेंसी।** जसप्रीत बुमराह ने भी नया रिकॉर्ड बनाते हुए टी20 में तिहरा शतक पूरा कर लिया। सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच हुए मैच में जसप्रीत बुमराह ने एक विकेट झटके, जिसके बदौलत वह टी20 में 300 विकेट लेने वाले पांचवें भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। वहीं, अगर बात करें मुंबई की ओर से आईपीएल में सबसे अधिक विकेट लेने वालों की, तो 170 विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह नंबर वन पायदान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने लसिथ मलिंगा की बराबरी की है। पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर और मुंबई इंडियंस के पूर्व गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने भी 170 विकेट लिए हैं।

### जसप्रीत बुमराह से आगे सिर्फ चार खिलाड़ी

टी20 में रिकॉर्ड की बात की जाए तो जसप्रीत बुमराह से आगे सिर्फ चार भारतीय खिलाड़ी हैं। इससे सबसे पहले पायदान पर युजवेंद्र चहल हैं, जो अब तक कुल 373 विकेट लिए हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर 319 विकेट के साथ पीयूष चावला हैं। तीसरे और चौथे पायदान पर भुवनेश्वर कुमार और रविचंद्रन अश्विन हैं।

## भारत नहीं आएंगे अरशद नदीम, नीरज चोपड़ा का न्योता ठुकराया... पहलगाम हमले के बाद बताई ये बड़ी वजह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के ओलंपिक चैम्पियन अरशद नदीम ने नीरज चोपड़ा का न्योता ठुकरा दिया है. नीरज ने बेंगलुरू में 24 मई को एनसी क्लासिक भालाफेंक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए उन्हें न्योता भेजा था. अरशद नदीम ने कहा कि वह



इस दौरान एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की तैयारियों में व्यस्त होंगे. अरशद का यह बयान पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद आया है. अरशद नदीम ने कहा, 'एनसी क्लासिक इवेंट 24 मई को है, जबकि मैं 22 मई को एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए कोरिया रवाना हो जाऊंगा.' उन्होंने कहा कि वह 27 से 31 मई तक कोरिया में होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं.

नीरज चोपड़ा ने सोमवार को मीडिया से वर्चुअल बातचीत में कहा था, 'मैंने अरशद को न्योता भेजा है और उसने कहा कि अपने कोच से बात करके वह जवाब देगा. अभी तक उसने भागीदारी की पुष्टि नहीं की है.' नदीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 में 92.97 मीटर का रिकॉर्ड थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता था, जबकि चोपड़ा ने 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता. पहली नीरज चोपड़ा भाला फेंक प्रतियोगिता में ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और जर्मनी के थॉमस रोलेर जैसे सितारे भाग ले रहे हैं.

नीरज चोपड़ा क्लासिक जैवेलिन थ्रो इवेंट का पहला चरण पर्याप्त रोशनी की कमी के कारण 24 मई को पंचकुला की बजाय बेंगलुरू में कराया जाएगा. इस कार्यक्रम का आयोजन चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) और विश्व एथलेटिक्स के सहयोग से संयुक्त रूप से किया जाएगा.

## वैभव सूर्यवंशी इंडिया के लिए कब खेलेंगे

### आईपीएल 2025 के बीच कोच ने दिया जवाब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 14 साल के वैभव सूर्यवंशी रणजी के रण में उतर चुके हैं. अंडर 19 क्रिकेट के मैदान में भी वो लोहा मनवा चुके हैं और अब आईपीएल में भी उनका डेब्यू हो चुका है. मतलब अब कुछ अगर बचा है तो वो हैं टीम इंडिया की जर्सी पहनना. सीनियर खिलाड़ियों के कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ रन बनाना और भारत को जिताना. सवाल है कब होगा ऐसा कब आएगा वो दिन आईपीएल 2025 के बीच इस बड़े सवाल का जवाब खुद वैभव सूर्यवंशी के कोच नेबातचीत में दिया है.

वैभव सूर्यवंशी के कोच मनीष ओझा ने बात करते हुए बताया कि वैभव सूर्यवंशी का आगमन टीम इंडिया में कब तक हो सकता है उनके मुताबिक वो लम्हा अगले एक साल में आ सकता है. कोच का ये बयान पल भर के लिए चौंकाता जरूर है, लेकिन उसमें वो विश्वास दिखा जो एक गुरु को अपने चेले पर होता है. वैभव सूर्यवंशी पर कोच मनीष ओझा का विश्वास वैसा ही है.

कोच मनीष ओझा ने कहा कि वैभव जिस मिजाज के साथ खेल रहा है. जिस तरह से उसने आईपीएल में अपना धमाकेदार आगाज किया है. अगर ऐसे ही खेलता रहा तो अगले एक साल के अंदर वो टीम इंडिया की टी20 टीम का हिस्सा हो सकता है. आईपीएल में खेलने की बात हुई सच, अब टीम इंडिया की बारी! वैभव सूर्यवंशी को लेकर कोच मनीष ओझा की बातें किस हद तक सच होती हैं, उस बारे में तो फिलहाल नहीं कहा जा सकता है. लेकिन, इसी आईपीएल से पहले जब हमने उनसे पूछा था कि क्या उन्हें राजस्थान में मौजूद बड़े-बड़े नामों के बीच मौका मिलेगा क्या वो एक भी मैच खेल सकेंगे इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि बिल्कुल. उनके हिसाब से वैभव को 2-3 मैच राजस्थान रॉयल्स वाले खिलाएंगे. और देखिए कि ऐसा ही हुआ भी है. वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल में मैचों का अपना खाता खोल लिया है. और, जिस तरह की 20 गेंदों में 34 रनों की उन्होंने उसमें पारी खेली है, उसे देखने के बाद हैरानी नहीं होगी अगर वो आगे भी कुछ मुकाबले खेलते दिखें.

# आईपीएल 2025: चेन्नई और हैदराबाद के बीच होगी प्लेऑफ की उम्मीदें जीवंत रखने की जंग

**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी उम्मीद जीवंत रखने की रोचक जंग देखने को मिलेगी। इन दोनों टीमों का वर्तमान सत्र में अभी तक प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। इन दोनों टीमों के आठ मैच में चार अंक हैं और अगर उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद को बनाए रखना है तो उन्हें अपने सभी मैच जीतने होंगे।

चेन्नई की टीम को घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए जाना जाता है लेकिन इस बार उसे यहां मुंह की खानी पड़ रही है। उसकी टीम अभी तक यहां के विकेट का सही अनुमान लगाने में नाकाम रही है। चेन्नई ने स्पिनर नूर अहमद की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस को हराकर अपने अभियान की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसकी लय गड़बड़ा गई और उसे अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा। यही नहीं उसकी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नौ विकेट पर 103 रन ही बना पाई जो उसका अपने घरेलू मैदान पर न्यूनतम स्कोर भी है। चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग यहां की पिच को लेकर खुलेआम अपनी नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं। यहां का विकेट स्पिनरों के लिए मददगार माना जाता है लेकिन इस बार यहां तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही है। चेन्नई का अपने मैदान से इतर और अन्य स्थानों पर भी अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है तथा उसने दूसरे मैदानों पर खेले गए चार मैच में से केवल एक मैच जीता है। इस बार उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं तथा नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से उसकी समस्याएं बढ़ी हैं।

महेंद्र सिंह धोनी की पूर्णकालिक कप्तान





के रूप में वापसी हुई है और घुटने की परेशानी के बावजूद कप्तान के रूप में उनके फैसले काफी मायने रखते हैं। डेथ ओवरों की उनकी बल्लेबाजी तथा मैच के महत्वपूर्ण मोड़ पर लिए जाने वाले फैसले टीम को वापसी दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। चेन्नई के लिए 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे का टीम से जुड़ना अच्छा संकेत है। इस युवा बल्लेबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया था। चेन्नई ने अपने बल्लेबाजी विभाग को मजबूत करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को भी अपनी टीम से जोड़ा है। सनराइजर्स की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। उसकी टीम ने भी शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसे अपनी अति आक्रामकता भारी पड़ने लगी। पिछले सत्र में उसकी सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की विस्फोटक सलामी जोड़ी इस बार नहीं चल पा रही है जिससे टीम के मध्य क्रम की कलई भी खुल गई है। उसे पिछले मैच में मुंबई इंडियंस से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने भी स्वीकार किया है कि उनके बल्लेबाज साझेदारी निभाने में नाकाम रहे हैं। विटोरी ने कहा, 'जब हेड और अभिषेक सफल नहीं होते हैं, तो यह अन्य बल्लेबाजों की जिम्मेदारी है। इस सत्र में हम ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। हमें अच्छी साझेदारियां निभाने की जरूरत है।

**टीमें:**

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंदु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** एमएस धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, शेख रशीद, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ, आयुष म्हात्रे, रचिन रवींद्र, रविचंद्रन अश्विन, विजय शंकर, सैम कुरेन, अंशुल कंबोज, दीपक हुडा, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, खलील अहमद, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस। श्रेयस गोपाल, मथीशा पथिराना।

**समय: शाम** 7:30 बजे।

## संक्षिप्त समाचार

### फिट जी कोचिंग सेंटर और मालिक पर ईडी की छापेमारी, दिल्ली-एनसीआर में कई जगहों पर रेड




**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फिट जीकोचिंग के नोएडा, गुरुग्राम और दिल्ली के कई सेंटरों और मालिक डीके गोयल के ठिकानों पर छापेमारी की है। गुरुवार को सभी ठिकानों पर सुबह ईडी की टीमें पहुंची और पड़ताल शुरू की है। ईडी की टीमों ने फिट जीकोचिंग के कई सेंटर्स पर छापेमारी की है। नोएडा, गुरुग्राम और दिल्ली में कई जगह कोचिंग में जांच की। कोचिंग मालिक डीके गोयल के नोएडा और दिल्ली स्थित घर पर भी छापा मारा है। इसी साल फिट जीके कई सेंटर अचानक बंद कर दिए गए थे। हजारों बच्चों से अडवांस में पूरी फीस ली जा चुकी थी और अचानक कोचिंग सेटर्स पर ताला लटक जाने से बच्चे और उनके अभिभावक परेशान हो उठे। यूपी, एमपी, दिल्ली, बिहार में भी कई सेंटर बंद कर दिए गए थे। इसके बाद कई जगहों पर कोचिंग संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। अब ईडी ने इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की पड़ताल भी शुरू की है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस के आर्थिक अपराध शाखा की ओर से दर्ज एफआईआर के आधार पर पड़ताल शुरू की है।

### पहले चाकू से ताबड़तोड़ वार, फिर जलाई लाश; महिला से एक्स हसबैंड की दरिंदगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पांडव नगर इलाके में बुधवार देर शाम पूर्व पति द्वारा 27 वर्षीय युवती को चाकू से ताबड़तोड़ वार करने के बाद जलाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं आरोप यह भी है कि युवती को आग लगाने के बाद आरोपी उसके गहने लूटकर मौके से फरार हो गया। मृतका की पहचान 27 वर्षीय प्रियंका के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पूर्व पति की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पांडव नगर में 34 वर्षीय अरुण मसाले का काम करता है। वह किराए के मकान में अपनी पत्नी 27 वर्षीय प्रियंका के साथ रहता था। परिजनों का कहना है कि अरुण से प्रियंका की दूसरी शादी थी। लेकिन प्रियंका के ससुरालियों का कहना है कि उन्हें वारदात के बाद ही पता चला है कि प्रियंका की पहले भी एक शादी आदर्श नाम के युवक से हो चुकी थी। लेकिन अरुण से शादी के बाद प्रियंका ने अरुण के परिवार से इस बारे में कभी नहीं बताया था। उन्हें भी इस बारे में कुछ पता नहीं था। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लेफ्टिनेंट नरवाल की जगह मुझे भी लग सकती थी गोली

# दिल्ली लौटे पर्यटक ने सुनाई खौफनाक मंजर की दास्तां

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों समेत 26 लोगों की निर्मम हत्या के बाद बुधवार को जब श्रीनगर से एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल (आईजीआई) एयरपोर्ट पर दोपहर करीब 3:30 बजे उतरी, तो 190 से ज्यादा डर-सहमे पर्यटक बाहर निकले। इनमें से कई लोग आतंकी हमले को लेकर अब भी दहशत में थे। पर्यटकों में जयपुर का नवविवाहित जोड़ा, गुरुग्राम के आईटी प्रोफेशनल और उनका परिवार, हैदराबाद के एक पुजारी और मुंबई के दो दोस्त शामिल थे, जिन्हें मीडिया कर्मियों ने घेर लिया।

टर्मिनल 3 से सबसे पहले बाहर निकलने वालों में जयपुर का कोमल और मिहिर सोनी नामक जोड़ा था, जो हनीमून मनाने कश्मीर गया था। मंगलवार को जब वे बैसरन घाटी (पहलगाम के ऊपर एक हरे-भरे अल्पाइन घास के मैदान) पर मौजूद थे उस समय उन्होंने गोलीबारी को देखा। रोते हुए 25 साल की कोमल ने कहा, मैं मैगी खा रही थी जब मैंने एक



आदमी को देखा, फिर गोली चलने की आवाज सुनी। दुकानदार ने मुझसे कहा कि कुछ नहीं है, लेकिन फिर और गोलियां चलीं। एक आदमी दुकान की ओर भागा और दूसरे आदमी पर गोली चलाई। वह हमसे केवल 50 मीटर की दूरी पर मारा गया। हम सभी नीचे झुक गए, अपनी जान की दुआ कर रहे थे। जब लोग भागने लगे, तो हम भी उनके पीछे हो लिए। कोमल के 26 साल के पति मिहिर ने घटना को याद करते हुए कहा, मैं उसी भेलपुरी स्टॉल पर था, जहां लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को गोली मारी गई थी। मैं चंद मिनट पहले ही वहां से निकला था। मैंने उन्हे देखा। उनकी जगह मुझपर भी गोली चल सकती थी। गोलीबारी 10-20 मिनट तक चलती रही। हमने चीखें सुनीं, एक आदमी को खून से लथपथ देखा। नरवाल की पत्नी पास में ही सदमे में थी। करनाल के 26 वर्षीय नौसेना अधिकारी नरवाल मंगलवार दोपहर आतंकवादियों द्वारा मारे गए 26 लोगों में शामिल थे। दोपहर 2.30 बजे आतंकवादियों के गोलीबारी शुरू करने से ठीक पहले कोमल और मिहिर सोनी पर्यटकों की भीड़ के साथ बैसरन पहुंचा था। कश्मीर से वापस लौटने वाले अन्य पर्यटकों में गुरुग्राम के 33 वर्षीय आईटी प्रोफेशनल अभिषेक काकरान भी शामिल थे।

# दिल्ली में पहली नवंबर से बीएस-6 से नीचे के डीजल माल वाहनों की एंट्री बैन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में पलूशन की रोकथाम के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग यानी सीएक्यूएम ने कई बड़े फैसले लिए हैं। सीएक्यूआई ने पहली नवंबर से दिल्ली में बीएस-6 डीजल मानक से नीचे के सभी ट्रांसपोर्ट और कॉमर्शियल माल वाहनों की एंट्री पर सख्त प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है।इसके साथ ही सीएक्यूआई ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ओवरएज हो चुके वाहनों को लेकर भी एक बड़ा सख्त आदेश पारित किया है।

आयोग ने अपने आदेश में कहा कि केवल बीएस-4 डीजल, सीएनजी, एलएनजी और इलेक्ट्रिक मालवाहक वाहनों को उस तारीख से दिल्ली में प्रवेश की अनुमति होगी, जिनमें हल्के मालवाहक वाहन (एलजीवी), मध्यम मालवाहक वाहन (एमजीवी) और भारी मालवाहक वाहन (एचजीवी) शामिल हैं।

सीएक्यूएम ने कहा कि यह आदेश दिल्ली के बाहर रजिस्टर्ड सभी ट्रांसपोर्ट और कॉमर्शियल माल वाहनों पर लागू होगा। हालांकि, जरूरी वस्तुओं को ले जाने वाले या जरूरी सेवाएं प्रदान करने वाले गैर-बीएस 4 वाहनों को 31 अक्टूबर, 2026 तक अस्थायी छूट दी जाएगी। उसके बाद जरूरी सेवाओं वाले वाहनों को भी स्वच्छ ईंधन को भी अपनाना होगा। सीएक्यूएम ने कहा कि कॉमर्शियल वाहन, खास तौर पर पुराने डीजल वाहन दिल्ली-एनसीआर में पलूशन को बढ़ाने में भूमिका निभाते हैं। सर्दियों के दौरान तो यह समस्या बहुत बढ़ जाती है। जारी बयान में कहा गया है कि यह फैसला ग्रैप नियमों के अनुरूप है, जिसके तहत ज्यादा पलूशन फैलाने वाले वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाता है। आयोग ने



दिल्ली के साथ ही इससे सटे पड़ोसी राज्यों के परिवहन विभागों और यातायात पुलिस को निर्देश दिया है कि वे सभी 126 सीमा एंट्री प्वाइंट और स्वचालित नंबर प्लेट पहचान कैमरों से लैस 52 टोल प्लाजा पर इस आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें। इतना ही नहीं सभी संबंधित एजेंसियों को इन आदेशों की बाबत तिमाही अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। इसके साथ ही सीएक्यूएम ने दिल्ली के प्राधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे पेट्रोल पंपों पर सुनिश्चित कराएं कि पहली जुलाई से 10 और 15 साल पूरे कर चुके डीजल और पेट्रोल वाहनों को फ्यूल ना मिलने पाए। सीएक्यूएम के आदेश से साफ हो गया है कि दिल्ली में पहली जुलाई से 10 और 15 साल पूरे कर चुके डीजल और पेट्रोल वाहनों को फ्यूल स्टेशनों पर डीजल या पेट्रोल नहीं मिलेगा।

## घूस और फर्जी डिग्री का खेल, दिल्ली के 48 केमिस्ट गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
45 साल के मदन मंडल एक ऐसी नौकरी की तलाश में थे जिसे वह सम्मानजनक नौकरी कह सकते। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के शाहबाद डेयरी में रहने वाला अपनी खुद की दुकान खोलना चाहता था और उसे लगा कि फार्मेसी चलाना एक अच्छा विकल्प होगा। लेकिन उसके सामने केवल एक समस्या थी- मैट्रिक डिग्री। डिग्री नहीं होने की वजह से वह फार्मेसी डिप्लोमा नहीं कर सकता था जोकि केमिस्ट की दुकान चलाने के लिए जरूरी है। इसी के आधार पर फार्मेसी पंजीकरण प्रमाणपत्र मिलता है। पैकेज डील के लिए 4 लाख रुपये दिए। कुछ ही दिनों में उसे मैट्रिकुलेशन और डिप्लोमा के फर्जी सर्टिफिकेट मिल गए। ढाई महीने बाद, दिल्ली फार्मेसी काउंसिल (डीपीसी) ने उसे रजिस्ट्रेशन नंबर जारी कर दिया। मामले की जांच करने वाले जांचकर्ताओं के अनुसार, रजिस्ट्रेशन नंबर मिलने पर उसने टिकरी में अवैध रूप से फार्मेसी चलाना शुरू कर दिया। मंडल देश भर में फर्जी तरीके से फार्मेसियां चलाने वाले हजारों लोगों में से एक है। यह रैकेट 2 अप्रैल को तब जांच के दायरे में आया, जब दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने फर्जी फार्मेसी पंजीकरणों की व्यापक जांच के तहत पूर्व डीपीसी रजिस्ट्रार कुलदीप सिंह सहित 48 लोगों को गिरफ्तार किया। एसीपी जरनैल सिंह के नेतृत्व वाली एसीबी टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों में नरेला का दलाल संजय कुमार और उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में बाबा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी का प्रिंसिपल इमलाख खान शामिल हैं। एसीबी के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर मधुर वर्मा ने कहा, हमने दिल्ली में 35 फर्जी फार्मासिस्टों को गिरफ्तार किया है। आगे और भी गिरफ्तारियां होने की उम्मीद है। दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर सुनील सिंघल ने गंभीर खतरों की चेतावनी दी। उन्होंने कहा, अयोग्य लोग दवाइयां बेचकर नकली या खतरनाक रूप से गलत कॉम्बिनेशन देते हैं, खासकर तब जब मरीज डॉक्टरों के बजाय सीधे केमिस्ट पर निर्भर होते हैं। रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट प्रदान करने के लिए डीपीसी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, काउंसिल फार्मेसी आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों को उनके कॉलेज को पुष्टि के लिए ईमेल करके वेरिफाई करती है। यदि इस ईमेल द्वारा सत्यापित किया जाता है।

### डिलीवरी ब्वॉय बनकर घर में घुसा बदमाश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के कालकाजी इलाके में दिनदहाड़े बुजुर्ग दंपति को उनके ही घर में बंधक बनाकर लूटपाट करने का मामला सामने आया है। दक्षिण पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रवि कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी डिलीवरी ब्वॉय बनकर घर में घुसा था। उसके बाद लूटपाट की पूरी वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस ने वारदात के तीन दिन बाद मामले में एक बदमाश मदनपुर खादर निवासी आशीष को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से पुलिस को एक जोड़ी बालियां व सोने की एक अंगूठी के अलावा 4500 नकद और वारदात में इस्तेमाल बाइक व आरोपियों के पहने कपड़े बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस को 20 अप्रैल को नेहरू अपार्टमेंट्स से मामले की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता बुजुर्ग दंपत्ति ने बताया कि आरोपी पार्सल देने के बहाने घर में घुसा और फिर चाकू व नकली बंदूक के बल पर उन्हें बंधक बना लिया। इसके बाद 18 हजार नकद व गहने लूटकर फरार हो गया था।

## पाकिस्तानियों को 48 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश, सीमा हैदर का क्या होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
पहलगाम आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या के बाद भारत सरकार ने दहशतगर्दी को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान पर बड़ा ऐक्शन लिया है। सिंधु जल संधि पर रोक लगाकर जहां पाकिस्तान का पानी रोक दिया गया है तो 48 घंटे में सभी पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से निकल जाने को कहा है। ऐसे में कई लोगों के मन में सवाल है कि ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में रह रही सीमा हैदर का क्या होगा क्या उसे भी भारत से वापस जाना होगा वहीं, सोशल मीडिया पर कई लोग सीमा हैदर को भी पाकिस्तान वापस भेजने की मांग करने लगे हैं। महफूज रहमान नाम के एक यूजर ने लिखा, केंद्र सरकार ने भारत में रह रहे सभी पाकिस्तानियों को 48 घंटे के अंदर देश छोड़ने को कहा है। सवाल यह है कि क्या सीमा हैदर को भी भारत छोड़कर पाकिस्तान जाना होगा सीमा हैदर ने भारतीय नागरिक सचिन मीणा से शादी की है,सचिन से उसका एक बच्चा भी है।नरेंद्र प्रताप नाम



के एक एक्स यूजर ने सीमा हैदर को पाकिस्तान भेजने की मांग करते हुए लिखा,बिना वीजा के भारत में आकर घर बसाने वाली पाकिस्तानी सीमा हैदर के बारे में भी भारत सरकार को फैसला लेना चाहिए। यह कौन से नियम से भारत (जेवर) में है यही सहिष्णुता भारत की दुश्मन है। भारत में आकर सीमा हैदर सनातनी होने का पाखंड करती है और सरकार का ऐजेन्डा चलाती है। बस, इसी से सरकारें खुश है। इसकी पाकिस्तान वापिसी कब होगी हाल ही में सचिन मीणा के बच्चे की मां बनी सीमा हैदर पर भारत सरकार के इस फैसले का असर नहीं होने वाला है। दरअसल, भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द किया है। लेकिन सीमा हैदर वीजा लेकर भारत नहीं आई थी। वह अवैध तरीके से भारत में घुसी थी और उसका मामला अदालत में विचाराधीन है। जब तक अदालत से कोई फैसला नहीं आ जाता है, सीमा हैदर को नोएडा में ही रहना होगा। पहलगाम में नृशंस हमले में 26 लोगों की मौत के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए।

### फिलीस्तीन के राष्ट्रपति का हमास के खिलाफ तीखा बयान, बोले-तुमने गाजा को नर्क बना दिया

**गाजा, एजेंसी।** इजरायल-गाजा संघर्ष के बीच फिलीस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने अपनी ही प्रतिद्वंद्वी संगठन हमास पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने एक टीवी संबोधन में हमास को कुत्तों की औलाद कहा और इजरायली बंधकों को तुरंत रिहा करने की अपील की। अब्बास ने कहा कि हमास ने गाजा को नर्क बना दिया है। उनकी यह टिप्पणी उस वक्त आई है जब मिस्र और कतर की मध्यस्थता में युद्धविराम की कोशिशें चल रही हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक हमास बंधकों को नहीं छोड़ता, तब तक इजरायल को हमले का बहाना मिलता रहेगा। रामल्लाह से दिए गए टीवी भाषण में अब्बास ने कहा, कुत्तों की औलादों, बंधकों को रिहा करो और इजरायल के हमलों का बहाना बंद करो। उन्होंने गाजा में जारी हिंसा को इजरायली नरसंहार कहा और युद्ध की वजह बनी बंधक समस्या को समाप्त करने का आह्वान किया। महमूद अब्बास वेस्ट बैंक में सत्तारूढ़ पीएलओ से हैं। हमास फिलीस्तीन के गाजा क्षेत्र में शासन करता है और दोनों गुटों में 2007 से गहरा टकराव है। अब्बास लंबे समय से हमास की चरमपंथी रणनीतियों के विरोधी रहे हैं। अब्बास ने अपने संबोधन में 7 अक्टूबर 2024 को इजरायल पर हमास द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा की, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मारे गए थे।उन्होंने कहा कि इस प्रकार की हिंसा से फिलीस्तीन की छवि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नुकसान पहुंचता है।

## अमेरिका, दक्षिण कोरिया और यूरोप के मुस्लिमों ने छोड़ा अपना धर्म इस्लाम

**वाशिंगटन, एजेंसी।** धर्म परिवर्तन अब सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि वैश्विक सामाजिक परिवर्तन का बड़ा संकेत बन चुका है। प्यू रिसर्च सेंटर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर में लोग तेजी से अपने पारंपरिक धर्मों को छोड़ रहे हैं। अमेरिका, दक्षिण कोरिया और यूरोप के देशों में यह प्रवृत्ति सबसे तेज़ है। वहीं, हिंदू और मुसलमान समुदायों में अपने धर्म के प्रति आस्था अपेक्षाकृत ज्यादा मजबूत है। दक्षिण कोरिया में 50 प्रतिशत से ज्यादा लोगों ने अपना पैतृक धर्म त्याग दिया है। इनमें से अधिकतर अब खुद को नास्तिक , अज्ञेयवादी या धार्मिक रूप से तटस्थ मानते हैं। यह दुनिया में धर्म



परिवर्तन की सबसे बड़ी दर है। अमेरिका में हर 4 में से 1 मुसलमान ने इस्लाम छोड़ दिया है। अमेरिका में 23 प्रतिशत मुसलमान अब इस्लाम को नहीं मानते। इनमें से 10 प्रतिशत ने कोई दूसरा धर्म अपना लिया है जबकि 13 प्रतिशत अब किसी धर्म में विश्वास नहीं करते । अमेरिका में 18 प्रतिशत हिंदू अब अपने धर्म का पालन नहीं करते। इनमें कुछ ईसाई बन गए हैं जबकि ज़्यादातर कोई भी धर्म नहीं मानते । दुनियाभर में ईसाइयों के बाद सबसे ज़्यादा धर्म परिवर्तन बौद्ध धर्म में देखा गया है। जापान में 58 प्रतिशत लोग बौद्ध धर्म में जन्मे, लेकिन अब सिर्फ 34 प्रतिशत ही इसे मानते हैं। दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और श्रीलंका में भी बौद्ध धर्म त्यागने की प्रवृत्ति तेज़ है। ईसाई धर्म छोड़ने वाले सबसे अधिक हैं। स्पेन में पहले 90 प्रतिशत लोग ईसाई थे, अब केवल 54 प्रतिशत ही बचे हैं। स्वीडन, इटली और अमेरिका में भी ईसाइयों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। भारत में धर्म परिवर्तन की दर बेहद कम है। सिर्फ 2 प्रतिशत लोग अब उस धर्म को नहीं मानते जिसमें वे पैदा हुए। मुसलमानों में सिर्फ 1 प्रतिशत ने इस्लाम छोड़ा है जबकि हिंदुओं की आस्था काफी स्थिर पाई गई है। मुस्लिम बहुल देशों बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया और ट्यूनिशिया में धर्म परिवर्तन की दर शून्य है।

### मोदी अगर तूने पाकिस्तान का पानी रोका, तो हम तुम्हारी जुबान खींच लेंगे हाफ़िज़ सईद की भारत को धमकी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत ने जब पाकिस्तान पर कड़ा रुख अपनाया और सिंधु जल संधि को स्थगित करने का संकेत दिया, तो पड़ोसी मुल्क में हड़कंप मच गया। पाकिस्तान अब अपनी बौखलाहट छिपाने के लिए एक पुराना वीडियो हथियार बनाकर सामने लाया है- जिसमें अंतरराष्ट्रीय आतंकी हाफिज सईद भारत के खिलाफ ज़हर उगलते हुए नजर आ रहा है। इस वीडियो को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ढ्ढस्ढ्ढ ने मौजूदा हालात के बीच वायरल कर दिया है, जिससे उनके मंसूबों की पोल खुल गई है। वीडियो में हाफिज सईद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सीधे तौर पर धमकी देता हुआ कहता है, अगर तू पानी बंद करेगा, तो हम तेरी सांसें बंद करेंगे... इन दरियाओं में खून बहेगा। उसका ये बयान ऐसे वक्त में सामने आया है जब भारत, पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों और कश्मीर में अस्थिरता फैलाने के प्रयासों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई कर रहा है। हालांकि ये वीडियो पुराना है, लेकिन इसे वर्तमान परिदृश्य में फिर से प्रचारित करना पाकिस्तान की एक सोची-समझी रणनीति मानी जा रही है। जानकारों के मुताबिक, इसका उद्देश्य भारत को भड़काना और कश्मीर घाटी में तनाव और आतंक की स्थिति को और भड़काना है।

## लंदन में मीटिंग करने वाले थे जेलेंस्की, आखिरी घड़ी में टल गयी बैठक

**लंदन, एजेंसी।**
लंदन में होने वाले यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन को अचानक स्थगित कर दिया गया, क्योंकि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो सहित कई शीर्ष राजनयिकों ने वार्ता से हाथ खींच लिए, जिससे युद्ध के अंतिम चरण पर पश्चिमी एकता के बारे में नए सवाल उठने लगे। रुबियो द्वारा अंतिम समय में कार्यक्रम रद्द करने की घोषणा कार्यक्रम से कुछ घंटे पहले की गई के बाद फ्रांस और जर्मनी के विदेश मंत्रियों ने भी इसी तरह के फैसले लिए, जिससे शिखर सम्मेलन को निचले स्तर के अधिकारियों के साथ आगे बढ़ाना पड़ा। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने स्पष्ट किया कि यह बदलाव पूरी तरह से तार्किक





था, उन्होंने मंगलवार को पुष्टि की कि हालांकि शुरू में यात्रा करने का कार्यक्रम था, लेकिन रुबियो अपने ब्रिटिश समकक्ष से बात करने के बाद आने वाले महीनों में अपनी यूके यात्रा को पुनर्निर्धारित करेंगे। रुबियो ने एक्स पर लिखा, मैं लंदन में चल रही चर्चाओं के बाद आगामी महीनों में ब्रिटेन की अपनी यात्रा को पुनर्निर्धारित करने के लिए उत्सुक हूं। रुबियो के अचानक पीछे हटने से वार्ता की दिशा को लेकर संदेह पैदा हो गया। यह तब हुआ जब यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेन्स्की ने किसी भी संभावित शांति समझौते के हिस्से के रूप में रूस को अपने देश का कोई भी इलाका सौंपने से इनकार कर दिया और इसे एक बेकार की बात कहा। यूक्रेनी नेता ने मंगलवार को उन खबरों के जवाब में यह बात कही, जिनमें कहा गया था कि ट्रंप प्रशासन एक ऐसे सौदे का प्रस्ताव पेश करने जा रहा है, जो रूस को संभावित शांति समझौते के हिस्से के रूप में, कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्र को अपने पास रखने की अनुमति देगा।

वार्ताकार तो 30 दिन का सीमित युद्धविराम भी सुनिश्चित नहीं कर पाये क्योंकि दोनों पक्ष 1,000 किलोमीटर लंबी अग्रिम सीमा पर एक-दूसरे पर लगातार आक्रमण कर रहे हैं। क्षेत्रीय प्रमुख सेरही ल्यासक ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा कि बुधवार सुबह पूर्वी यूक्रेन में दिनप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र के मार्गनेत्स में एक रूसी ड्रोन ने श्रमिकों को ले जा रही बस पर हमला किया, जिसमें सात महिलाओं और दो पुरुषों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस हमले में 40 से अधिक लोग घायल भी हो गए।

## ब्रिटेन की मंत्री लीसा नंदी का भावुक संदेश- इस दुख की घड़ी में भारत के साथ खड़े

**लंदन एजेंसी।**
कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले को लेकर पूरी दुनिया में शोक की लहर है। इसी क्रम में ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया एवं खेल मंत्री लीसा नंदी ने बुधवार शाम लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति गहरी संवेदना जताई और कुछ क्षण का मौन भी रखा। भारतीय उच्चायोग और उनके मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में लीसा नंदी ने कहा,यह समय बेहद कठिन है क्योंकि दुनिया भर में आतंकवादी हमलों की विभीषिका महसूस की जा रही है। इस प्रकार की क्रूरता सीमाओं से परे जाती है।

उन्होंने आगे कहा, मैं ब्रिटिश सरकार की ओर से पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं और न्याय व शांति के लिए हरसंभव समर्थन का वादा करती हूं।मंत्री नंदी ने इस मौके पर भारत और ब्रिटेन के मजबूत द्विपक्षीय संबंधों की भी



सराहना की। उन्होंने कहा, ऐसे कठिन समय में सच्चे मित्रों की अहमियत और बढ़ जाती है। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पहले ही कह चुके हैं - हम इस गहरे दुख की घड़ी में भारत के साथ खड़े हैं। गौरतलब है कि लीसा नंदी भारतीय मूल की हैं और उनके पिता दीपक नंदी का जन्म कोलकाता में हुआ था। उन्होंने गर्व के साथ अपनी भारतीय विरासत का भी उल्लेख किया और कहा कि उन्हें अपनी जड़ों पर गर्व है।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 24-04-2025 22:03 Page 1



# विवादित पोस्ट करने वाले नौशाद के परिवार का हैसाबातू के मुस्लिमों ने किया बहिष्कार

## लोगों ने की नौशाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** पहलगाम हमले का पाकिस्तान और आतंकवादियों का समर्थन करने वाले मोहम्मद नौशाद और उसके परिवार का हैसाबातु पूर्वी पंचायत के मुस्लिम समाज ने सामूहिक बहिष्कार कर दिया है। मुस्लिम समाज के द्वारा प्रेस को दी गई जानकारी के मुताबिक अब समाज के लोग किसी भी सुख-दुख में इस परिवार से कोई संबंध नहीं रखेंगे।

मुस्लिम समाज के लोगों ने ऐसी मानसिकता रखने वाले मोहम्मद नौशाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मखदुमपुर स्थित हैसाबातु पूर्वी के मुखिया के कार्यालय में मुस्लिम समाज के लोगों ने बैठक की। उसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए यह जानकारी दी है। इसको लेकर जानकारी देते हुए मशकूर आलम सिद्दीकी ने कहा कि जिस प्रकार से सोशल मीडिया में नौशाद ने देश विरोधी काम किया है उसकी हम निंदा करते हैं।

इसके हरकत से समाज दुखी और शर्मिंदा है। इसको लेकर समाज ने एक बड़ा फैसला लिया है और उसे परिवार को सामूहिक रूप से बहिष्कार किया गया है।

उन्होंने कहा कि हम प्रशासन से चाहते हैं कि इसकी गहराई से जांच हो की क्या यह उसके मन की उपज है या उसके पीछे कोई काम कर रहा है। अगर जांच में दोषी पाया जाता है तो उसे कड़ी सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में रहने वाले सभी मुसलमान देशभक्त है। हम किसी कीमत पर पाकिस्तान के इस हरकत को बर्दाश्त नहीं करने वाले हैं।

भारतीय सेना तो हमारी है ही, हम देश के मुसलमान ही इस पाकिस्तान के लिए काफी है।

# गिरफ्तार मोहम्मद नौशाद से एनआईए भी करेगी पूछताछ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद बोकारो के मखदुमपुर मिल्लत नगर के रहने वाले मोहम्मद नौशाद ने पाकिस्तान और आतंकवादियों को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर थैंक यू कहा था। इस मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। वहीं इस मामले को लेकर जांच तेज हो चुकी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया, नौशाद के ऊपर गंभीर धारा में केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया, नौशाद के कनेक्शन और कहां कहां है इसकी जांच की जा रही है। झारखंड एटीएस ने कल ही पूछताछ की थी। उन्होंने बताया, एन आई ए भी पूछताछ करेगी।

आज बालीडीह थाना पुलिस ने मिल्लतनगर उसके घर पहुंच कर घर मामले के संबंध में जांच करते हुए परिजनों से पूछताछ की। हालांकि पुलिस में इस मामले पर कुछ भी नहीं कहा और मामले की जांच किए जाने की बात कही। वही नौशाद के पिता मोहम्मद मुस्ताक



उर्फ बशीर ने कहा कि बेटे ने जो हरकत की है वह गलत है।

पिता ने कहा कि उसके चलते आज हम लोगों की बदनामी हो रही है। पिता ने हालांकि उसका बचाव भी किया और कहा कि उसकी मानसिक स्थिति दो साल से ठीक नहीं है। वह अपने मां पिता और बहन के साथ मारपीट भी करता था। उन्होंने इसका इलाज करने के बजाए सिटी पार्क मजार में ले जाकर उसका धार्मिक इलाज कराया था। उन्होंने कहा कि उसने यह हरकत क्यों की यह हमें भी समझ में नहीं आ रहा है आज पूरा परिवार उसके कारण परेशान है।

# पहलगाम हमला के विरोध में कैंडल मार्च

**नबिटा टीम**

**बोकारो/धनबाद।** बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से सेक्टर 12 मोड स्थित खुदीराम बोस चौक पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में कैडल मार्च निकाला जो खुदीराम बोस चौक से बिरसा चौक नया मोड़ तक गया। मार्च का नेतृत्व जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने की।

हमले में जान गवाने वाले सभी लोगों के प्रति मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घटना घोर निंदनीय है और इसकी जिम्मेदारी लेते हुए अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए न कि इस पर राजनीति करनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी इस घटना कि घोर निंदा करती हैं।

मौके पर नागेंद्र चौधरी, अशोक मिश्रा, रीता सिंह,कमरुल हसन, तूफान साहनी,महेश मंडल,सत्येंद्र यादव, बनमाली बाउरी,निवारण तिवारी, हाजी अब्दुल मलिक, गौरव राय,अशोक मंडल,नेहा यादव, पूनम यादव,प्रदीप रजक बवलाराम, सुधीर जायसवाल,अनिल सिंह,रमेश राय, बैजनाथ जायसवाल, मनोज वर्मा,राजाराम गुप्ता, नजीर अहमद समेत सैकड़ो कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

**धनबाद से संवाददाता** के अनुसार कश्मीर के पहलगाम में निहत्ते निर्दोष हिंदू पर्यटकों को बेरहमी से कत्लेआम करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ हर रोज देश भर में गम, गुस्सा बढ़ता जा रहा है। वही धनबाद की सड़कों पर अलग अलग संगठनों और समाजसेवी संस्थाओं का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी के तहत आज जाने-माने समाज सेवी संस्था केयर एंड सर्व फाउंडेशन द्वारा प्रतिदिन की तरह जरूरतमंदों का भोजन वितरण से पहले कैंडल जलाकर कश्मीर के पहलगाम के मृतक को श्रद्धांजलि दी।

आज का इस कार्यक्रम में वरीय उपाध्यक्ष दिलिप चौधरी, सह सचिव रॉबिन चटर्जी, मीडिया प्रभारी नील कमल खावास तथा सदस्य गणेश विश्वकर्मा, बबलू उपाध्याय, तपन कुमार चक्रवर्ती एवं मुन्ना खान उपस्थित थे।

# संत निरंकारी मिशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** गुरुवार को संत निरंकारी मिशन द्वारा मानव एकता दिवस के अवसर पर, सेक्टर 04 स्थित बौद्ध बिहार के प्रांगण में बोकारो जनरल अस्पताल के सौजन्य से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 24 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर बीजीएच के ब्लड बैंक के प्रभारी डा० सुरेन्द्र कुमार (एसीएमओ) ने कहा कि रक्तदान का मुख्य उद्देश्य, थैलेसिमीया, सिकल सेल एनीमिया के मरीजों को रक्त मुहैया कराना, तथा रक्त की कमी से लोगों की जान न जाए इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है। एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। ब्लड बैंक के प्रभारी एसीएमओ ने बताया कि 18 वर्ष से 60 वर्ष तक का कोई भी स्वस्थ पुरूष स्वेच्छा से एक वर्ष में चार बार तथा एक स्वस्थ महिला एक वर्ष में तीन बार रक्तदान कर सकती है। रक्तदान करने से शरीर के किसी भी अंग में कोई कमजोरी नहीं आती है। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए रक्त केन्द्र, बोकारो जेनरल अस्पताल के काउन्सलर कविता कुमार, नर्सिंग सिस्टर रजिता एक्का, विनिता, लैब टेकनीशियन महेन्द्र प्रसाद, अंकिता एवं कौशल कुमार का अहम योगदान था।

# स्कूल फीस की जानकारी उपलब्ध कराएं : एसडीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढ़ांडा ने जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों के प्रबंधनों के साथ बैठक की। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे समेत संबंधित विद्यालयों के अभिभावक, विभिन्न अभिभावक संघों/मंच के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

एसडीओ क्रम वार विद्यालय प्रबंधनों से अभिभावकों से विभिन्न मदों में ली जा रही फीस की जानकारी ली। विद्यालय प्रबंधन को री-एडमिशन, एनुअल चार्जेस, कंप्यूटर, खेलकूद से संबंधित ही कीट/स्टेशनरी खर्च बिजली खर्च आदि की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने को कहा।

एसडीओ ने विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभिन्न कक्षाओं के लिए जारी पुस्तक एनसीआरटी से संबंधित हैं या नहीं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को कम से कम पांच दुकानों में पुस्तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसी तरह, अभिभावकों को प्रति वर्ष बच्चों का स्कूल ड्रेस बदलने को लेकर दबाव नहीं देने को कहा। साथ ही,स्कूल प्रबंधन यह सुनिश्चित करेगा कि स्कूल ड्रेस किसी एक दुकान में नहीं बल्कि कई दुकानों में खरीदारी को उपलब्ध होगा।

बैठक में बच्चों को विद्यालय आने - जाने में इस्तेमाल होने वाले स्कूल वाहन परिवहन नियमों की अनदेखी नहीं करें।



बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। उन्होंने बैठक में उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी को स्कूल बसों के फिटनेस आदि का जांच का निर्देश दिया।

इससे पूर्व, पदाधिकारियों ने दी पेंटा कोस्टल स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 04, एमजीएम स्कूल द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रतिवेदन के अनुसार फीस संरचना, पुस्तकों की सूची, ड्रेस इत्यादि की गहनता के साथ जांच किया। हर बिंदु पर विचार - विमर्श कर विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

जानकारी हो कि, अनुमंडल पदाधिकारी चास ने बुधवार को भी दिल्ली पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 चिन्मया विद्यालय सेक्टर 4 एवं सेंट जेवियर विद्यालय सेक्टर 1 के विद्यालय प्रबंधन, संबंधित विद्यालयों के अभिभावक एवं विभिन्न अभिभावक संघों/मंच के प्रतिनिधि आदि के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिया था।

## विद्यालय के संचालन समय में बदलाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** राज्य सरकार ने गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव करने को लेकर आदेश जारी कर दिया है। शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल की ओर जारी इस आदेश को सभी स्तर के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त,गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) और सभी निजी विद्यालयों के समय में बदलाव कर दिया है।

इसके तहत केजी क्लास से लेकर 8वीं क्लास तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से सुबह 11.30 बजे तक संचालित करने और कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित करने का आदेश दिया है। इस आदेश को 26 अप्रैल से लागू किया गया है। वहीं, आदेश में यह भी कहा गया है कि निजी विद्यालयों का संचालन संबंधित विद्यालय के दिशा-निर्देश के अनुरूप आरटीआइ अधिनियम और प्रबंधन के प्रावधानों के तहत संचालित होंगे।

उपायुक्त ने जिला अंतर्गत विद्यालयों में उक्त आदेश को सुनिश्चित करने को लेकर डीईओ एवं डीएसई को निर्देशित किया है।

# प्रशासन की सक्रियता से रुका बाल विवाह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना की एक लड़की का आज बाल विवाह होने वाला था , जिसकी सूचना जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन तथा सहयोगिनी के कार्यकर्ता के द्वारा चाइल्डलाइन बोकारो तथा प्रशासन को दिए जाने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस के सहयोग से दूल्हा- दुल्हन को रेस्क्यू किया गया। इस संबंध में सहयोगिनी के रवि कुमार राय ने बताया कि संस्था द्वारा जागरूकता कार्यक्रम गोमिया प्रखंड के कुर्कनालों पंचायत में चल रहा था , तभी किशोरी ने जानकारी दी कि एक लड़की का बाल विवाह आज होना तय हुआ है। बच्ची के पिता नहीं है । तथा बालिका मध्य विद्यालय में पढ़ाई करती है। बच्ची शादी से इनकार कर रही थी, लेकिन जबरदस्ती उसके माता आसपास के लोग बच्चे का शादी करवा रहे हैं। उसके बाद सहयोगिनी की टीम बच्चों के घर जाकर उसके माता को समझाया लेकिन उसकी माता नहीं मानी । तब सहयोगिनी टीम के द्वारा बोकारो बाल कल्याण समिति को लिखित आवेदन देकर बच्ची के शादी रोकने का आग्रह किया। बाल कल्याण समिति ने तुरंत बाल विवाह निषेध पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी गोमिया तथा प अंचल अधिकारी सह बाल विवाह निषेध पदाधिकारी गोमिया को आदेश देते हुए कहा कि उक्त नाबालिक बच्ची जिसकी उम्र 16 वर्ष है, का शादी रोका जाए। बोकारो चाइल्डलाइन के जितेंद्र कुमार सहयोगिनी के रवि कुमार तथा शत्रुघ्न महतो ने गोमिया प्रखंड जाकर बच्ची को थाना के सहयोग से जिला बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति बोकारो के द्वारा माता के साथ बॉन्ड भरवाया जा रहा है । रवि कुमार राय ने बताया कि संस्था के द्वारा बोकारो जिला में बाल विवाह के खिलाफ सदन रूप से अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत लोगों को बाल विवाह नहीं करने के साथ-साथ बाल तस्करी , बाल मजदूरी ,तथा बल एवं हिंसा के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है।

# पत्रकार पर हुए हमले के विरोध में जिले भर के पत्रकारों ने किया धरना प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के पत्रकार समुदाय पर 16 अप्रैल को हुए पत्रकार हमला के विरोध में रणधीर वर्मा चौक पर हाथों में तख्तियां लिए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पत्रकारों ने पैदल मार्च कर एसडीएम कार्यालय को घेरा एवं एसडीओ से मुलाकात किया और उनके माध्यम से धनबाद उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और मामले में जल्द कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहां की 25 अप्रैल शुक्रवार तक अगर हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो 26 अप्रैल शनिवार को पत्रकार बाध्य होकर उपायुक्त कार्यालय का घेराबंदी करेंगे।

घटना के मुख्य बिंदुः 16 अप्रैल को गांधी सेवा सदन के समक्ष कांग्रेस पार्टी के दो गुटों में आपसी मारपीट की घटना के दौरान पत्रकारों ने कवरेज करना शुरू किया, उसी दौरान कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यकारि अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी के भाइयों और बेटों ने पत्रकारों पर लोहे के पाइप



एंगल एवं रॉड से हमला किया और उनके मोबाइल छीन लिए।

इस घटना को लेकर पत्रकारों ने धनबाद थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करवाया, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इस संदर्भ में गुरुवार को पुनः धनबाद प्रेस क्लब, कोयलांचल पत्रकार संघ, झरिया प्रेस क्लब, निरसा चिरकुंडा पत्रकार संघ कतरास प्रेस क्लब, जेजेए धनबाद के सदस्य पत्रकारों समेत जिले भर के पत्रकारों ने रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन शुरू किया और मामले में जल्द कार्रवाई करने की मांग की।

धरना स्थल पर धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा, महासचिव अजय प्रसाद, बिहार ऑब्जर्वर के संपादक गणेश मिश्रा, कतरास प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान, वरिष्ठ पत्रकार रामजी यादव,प्रियेश सिन्हा,अशोक शर्मा, मनीष कुमार झा,धर्मेंद्र शर्मा, मुख्तार अहमद समेत अन्य पत्रकारों ने अभियुक्तों पर कड़ी करवाई करने और सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। धरना प्रदर्शन के द्वारा दौरान पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए निर्दोष पर्यटकों के आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई ,और प्रधानमंत्री से आतंकवादियों पर शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किया।

पत्रकारों ने एसडीएम से मुलाकात के दौरान उन्हें मामले से अवगत कराया। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि वह धनबाद के उपायुक्त और धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक, डीएसपी लॉ एंड आर्डर नौशाद आलम से बात करके गिरफ्तारी का सुनिश्चित करवाएंगे।

अगर अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होती है, तो पत्रकारों ने इस आंदोलन उग्र करने की चेतावनी दी है।अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है। सभी पत्रकार और एक स्वर में कहा की गिरफ्तारी नहीं होगी तो समाहरणालय के समक्ष शनिवार 26 अप्रैल को धरना प्रदर्शन किया जाएगा वहां भी अगर मांगी पूरी नहीं होगी तो रांची कुच करके मुख्यमंत्री को इससे अवगत कराया जाएगा।

## सहेली के धोखे के कारण हुआ दुष्कर्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** । मेदिनीनगर की एक महिला के साथ बिहार के गया के डोभी में सामूहिक दुष्कर्म हुआ है। महिला गया के इलाके में एक मेला में टिकट काटने का काम करती है। घटना के बाद महिला को उसकी सहेली ने पलामू के इलाके में फेंक दिया था। महिला इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंची थी। जिससे मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस ने पूरे मामले में पीड़िता का फर्द बयान लेकर एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित महिला मेदिनीनगर की रहने वाली एक सहेली के साथ बिहार के गया में मेला में नौकरी के लिए गई थी। सहेली ने ही उसे मेला में टिकट काटने की नौकरी दिलाई थी। घटना के दिन पीड़िता अपने प्रेमी के साथ कमरे में थी। दूसरे कमरे में उसकी सहेली व उसके तीन मित्र शराब का सेवन कर रहे थे उसके बाद सहेली के तीनों मित्रों ने उसके प्रेमी को मारपीट कर भगा दिया व महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपियों में मेला में लगे एक झूला का मालिक, जिस घर में पीड़िता रहती थी उसका मकान मालिक व सहेली का एक मित्र शामिल है।

# चैनपुर तालाब को अतिक्रमणमुक्त कराएं उपायुक्त : रूचिर तिवारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने क्षेत्र भ्रमण के दरमियान चैनपुर प्रखंड के तालाबों का निरीक्षण किया। इसमें उन्होंने पाया कि चैनपुर बाजार से पहले तालाब का अतिक्रमण बड़े पैमाने पर भू- माफिया कर रहे हैं। निरीक्षण के क्रम में या पाया कि बड़ी गाड़ी हाईवा से तालाब के अंदर छरी का डस्ट गिराया गया है। उसे भरने की तैयारी चल रही है। लेकिन चैनपुर सीओ व थाना प्रभारी मूकदर्शक बनें हुए हैं। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जल स्त्रोतों का अतिक्रमण किसी भी प्रकार से नहीं होना चाहिए।पलामू का तापमान 44 डिग्री पर चला गया है। ऐसे में जब नदी- नालों व तालाबों का अतिक्रमण नहीं रुकेगा तो आने वाले समय में लोगों को शुद्ध पानी भी पीने को नहीं मिलेगा।



उन्होंने कहा कि इस चैनपुर तालाब का अतिक्रमण पिछले साल भी किया जा रहा था। आवाज उठाने के बाद अतिक्रमण रुका था। लेकिन अभी तक यह चैनपुर का तालाब पनेरी बांध का तालाब व अन्य तालाब पूर्ण रूप से अतिक्रमणमुक्त नहीं हुआ। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद यह मांग करती है कि चैनपुर तालाब सहित पनेरी बांध के तालाब व अन्य चैनपुर स्थित जल स्त्रोतों को मापी कराकर अविलंब अतिक्रमणमुक्त किया जाए। दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई किया जाए। चैनपुर तालाब के निरीक्षण के क्रम में जमालुद्दीन, निरंजन कमलापुरी, अभय कुमार भूइंया, नसीम राइन, सोनू अहमद मनोज दास सहित कई लोग मौजूद थे।

# मलेरिया को ले कार्यशाला

**नबिटा टीम**

**बोकारो/धनबाद।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाना है। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस का उद्देश्य है जन समुदाय को मलेरिया से सुरक्षा एवं बचाव के प्रति जागरुक करना तथा बेहतर स्वास्थ्य के लिये उनका व्यवहार परिवर्तन किया जाना है। प्राप्त निदेशानुसार इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम मलेरिया का अंत हमारे साथ, पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जीवन रखा गया है।

उक्त अवसर पर जन समुदाय को मलेरिया रोग के प्रति जागरुक करने एवं इस रोग से बचने की जानकारी देने हेतु जिला स्तर पर शहरी मलेरिया योजना के कर्मियों, शहरी सहिया एवं शहरी क्षेत्र के बीटीटी का कार्यशाला आज को कैंप- 2 स्थित जिला मलेरिया कार्यालय के सभागार में जिला मीबीडी पदाधिकारी डा० रेणु भारती की अध्यक्षता में कार्यशाला आहूत की गई। कायार्शाला के माध्यम से उपस्थित सभी कर्मियों को मलेरिया से बचाय के प्रति लोगों को जागरुक करने, रक्त पट्ट संग्रह करने तथा इस रोग से बचाव की जानकारी दी गई। डा० रेणु भारती के द्वारा मलेरिया रोग के इतिहास, लक्षण, बथाद, जाँच एवं निदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को जागरुक करने हेतु ग्राम-गोष्ठी, विद्यालय जागरुकता कार्यक्रम आदि एक्टिविटीज करने की जानकारी दी गई। पश्चात प्रयोगशाला प्रावैधिक द्वारा रक्त पट्ट संग्रह करने एवं से जाँच करने एवं प्रपत्र भरने की जानकारी सभी प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया।

जिला भीबीडी पदाधिकारी द्वारा सभी को शपथ दिलाया गया कि सभी लोग जिले से मलेरिया रोग को समाप्त करने में अपना पूर्ण सहयोग देंगे, अपने घर के आस-पास जल जमाव नहीं होने देंगे, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करेंगे एवं बुखार होने की स्थिति में अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल जाकर चिकित्सक के परामशार्नुसार अपना पूर्ण उपचार करायेंगे तथा अपने क्षेत्र के लोगों को भी रोग के बारे में जानकारी देते हुए जागरुक करेंगे।

**धनबाद से संवाददाताके अनुसार** जन जागरूकता व जन सहयोग से मलेरिया की रोकथाम संभव है। मलेरिया की रोकथाम एवं उसके बचाव के लिए अपने आसपास पानी को जमा न होने दें। जमे हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, केरोसिन तेल डालें। जिससे मच्छर प्रजनन न कर सके। पानी की टंकी को ढक कर रखें। फ्रिज, कूलर, फूलदानी व अन्य बर्तनों का पानी सप्ताह में एक दिन अवश्य सुखा लें। घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करें एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें। उपरोक्त बातें सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन ने विश्व मलेरिया दिवस को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस दिन मलेरिया को नियंत्रित करने, उसके उन्मूलन के वैश्विक प्रयास के बारे में और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए इसका आयोजन किया जाता है।

उन्होंने कहा कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में इस रोग के प्रति प्रतिकार क्षमता अत्यंत कम होती है। इसके कारण माता मृत्यु, मृत शिशुओं का जन्म, नवजात शिशुओं का वजन अत्यधिक कम होना एक प्रमुख समस्या है। इसे रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व मलेरिया की जांच अनिवार्य की गई है।

# अधिवक्ता परिषद ने 'न्यायपालिका की जवाबदेही' संबंधी ज्ञापन उपायुक्त के नाम सौंपा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** अधिवक्ता परिषद झारखंड की बोकारो जिला इकाई द्वारा अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा पारित स्वतंत्र न्यायपालिका की जवाबदेही संबंधी प्रस्ताव का उपायुक्त के नाम का एक ज्ञापन कार्यपालक दंडाधिकारी मेनका को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध किया कि उक्त प्रस्ताव महामहिम राष्ट्रपति एवं मुख्य न्यायाधीश ,उच्चतम न्यायालय को विधिवत अग्रसारित किया जाए। उक्त अवसर पर परिषद के प्रदेश महामंत्री विजय नाथ कुंवर विशेष रूप से उपस्थित थे। श्री कुंवर ने कहा कि पूर्व निर्णय अनुसार आज संपूर्ण देश में अधिवक्ता परिषद की सभी इकाइयों द्वारा स्थान अनुरूप एसडीओ ,उपायुक्त ,आयुक्त एवं महामहिम राज्यपाल को उक्त प्रस्ताव की कॉपी ज्ञापित की जा रही है। उक्त अवसर पर प्रस्ताव के विषय बताते हुए प्रदेश महामंत्री ने आगे कहा कि न्यायपालिका में हाल की घटनाओं ने एक बार फिर देश को झकझोर दिया है। अधिवक्ता परिषद विभिन्न क्षेत्रों के महत्वपूर्ण व्यक्तियों से बातचीत करती रही है और इस संबंध में उच्च न्यायालयों और ट्रायल कोर्ट में वकालत करने वाले अधिवक्ताओं से फीड बैक भी प्राप्त की है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करते समय, किसी को भी जवाबदेही की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। उनकी अंतरात्मा के प्रति ही नहीं बल्कि समाज के प्रति भी जवाबदेही हो जो एक स्थायी ,पारदर्शी और सत्यापन योग्य तंत्र के माध्यम से हो। तदनुसार, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने निम्नलिखित मांगें की। ज्ञापन में कहा गया है कि नियुक्ति की प्रक्रिया और न्यायिक आचरण की निगरानी को और अधिक पारदर्शी तरीके से करने के लिए एक नया कानून तुरंत लाया जाय , साथ ही यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि इस प्रक्रिया में न्यायपालिका की प्रमुख भूमिका हो। जब तक यह कानून प्रभावी नहीं हो जाता, तब तक कॉलेजियम के माध्यम से उच्च न्यायपालिका में नियुक्ति की वर्तमान प्रक्रिया जारी रह सकती है, जबकि पूर्व-विचार जांच आदि सहित अधिक पारदर्शिता लाई जाय। वर्तमान पदाधिकारियों की जवाबदेही से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व सीजेआई और उच्च न्यायालयों के सीजे और विशेषज्ञ व्यक्तियों के साथ एक स्थायी समिति का गठन किया जाना चाहिए। न्यायाधीशों के सम्मेलन में जवाबदेही के लिए किए गए बेंगलुरु घोषणापत्र को इस स्थायी तंत्र के माध्यम से पारदर्शी, सत्यापन योग्य तरीके से व्यवहार में लाया जाना चाहिए। इसी तरह यदि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश का कोई भी सगा संबंधी उनके क्षेत्राधिकार में वकालत कर रहा हो तो वैसे न्यायाधीशों को स्थानांतरण नोटिस पर रखना चाहिए। यदि यह सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश से संबंधित है, तो उस विशेष परिवार के सदस्य को उस न्यायाधीश के सेवानिवृत्त होने तक सर्वोच्च न्यायालय में प्रैक्टिस नहीं करनी चाहिए। यदि आवश्यक हो, तो प्रासंगिक कानूनों में संशोधन करके, सेवानिवृत्ति के बाद की नियुक्तियों और मध्यस्थता के लिए तीन साल की सेवानिवृत्ति के बाद की कूलिंग अवधि का पालन किया जाना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में भविष्य की नियुक्तियाँ समान सेवानिवृत्ति आयु के अधीन हो सकती हैं। उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और उनके तत्काल परिवार के सदस्यों की संपत्ति हर साल संबंधित न्यायालयों की वेबसाइटों पर अपलोड की जाय। स्मरणीय है कि इसे न्यायमूर्ति एम.एन. वेंकटचलैया के कार्यकाल के दौरान कुछ हद तक पेश और लागू किया गया था । उक्त अवसर पर इकाई के महामंत्री संतोष गिरी ,उमाकांत पाठक ,अर्चना ठाकुर, कल्पना श्रीवास्तव ,उषा श्रीवास्तव डॉली झा, संजू सिंह, पुष्पांजलि संजय कुमार सिंह ,सुनील सिंह, दीपक कुमार, संजीव कुमार पाठक ,राजेश मिश्रा, प्रेम कुमार तिवारी ,प्रकाश कुमार, मृत्युंजय कुमार, लालू कुमार, तरुण कुमार आदि सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल
फोन नंबर: 9431145865, 8210783623,
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655,
Email : bokaronbt@gmail.com